| 14 | bungle | (n) - 1. **गड़बड़**, गोलमाल, गुच्छन (v) - 2. **गड़बड़ करना/होना** | The whole police operation was **bungled** due to intelligence failure. | आसूचना की विफलता के कारण पुलिस की पूरी कार्रवाई **गड़बड़ा गई**। |
| 14 | burden | (n) - **बोझ**, भार | The Government has initiated a lot of measures to bring down the **burden** of the price-rise on the common man. | सरकार ने आम आदमी पर मूल्य-वृद्धि के **बोझ** को कम करने के लिए कई उपाय किए हैं। |
| 14 | bureau | (n) - ब्यूरो | The Central **Bureau** of Investigation will investigate this matter. | केंद्रीय अन्वेषण **ब्यूरो** इस मामले की जाँच करेगा। |
| 14 | bureaucracy | (n) - 1. अधिकारी-तंत्र 2. दफ्तरशाही* | In a democratic set-up, the **bureaucracy** should be transparent and people-friendly. | लोकतांत्रिक व्यवस्था में, **दफ्तरशाही** को पारदर्शी और जन-हितैषी होना चाहिए। |
| 14 | bureaucrat | (n) - दफ्तरशाह | The **bureaucrats** implement the decisions taken by the cabinet. | **दफ्तरशाह** मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों का कार्यान्वयन करते हैं। |
| 14 | business | (n) - 1. **कार्य** 2. कारोबार, व्यवसाय | 1. The **business** of the both houses was interrupted. 2. The Government worried that Indian companies would lose **business**. | 1. दोनों सदनों का **कार्य** बाधित हुआ। 2. सरकार को चिंता है कि भारतीय कंपनियों का **कारोबार** घट सकता है। |
| 14 | Business administration | (n) - व्यवसाय प्रशासन | An efficient **business administration** is necessary for the revival of the sick units. | अलाभकारी इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए कुशल **व्यवसाय प्रशासन** आवश्यक है। |
| 14 | business hours | (n) - **कार्य समय**, कारोबार का समय | The **business hours** of the Parliament have been extended to discuss the food bill. | खाद्य बिल पर चर्चा के लिए संसद का **कार्य-समय** बढ़ा दिया गया है। |
| 14 | business statistics | (n) - **व्यापार सांख्यिकी***, व्यवसाय सांख्यिकी*, कारोबारी आंकड़े | The economists forecast the market trend on the basis of **business statistics**. | अर्थशास्त्रियों ने **व्यापार सांख्यिकी** के आधार पर बाजार के रुख का पूर्वानुमान लगाया। |
| 14 | buyback | (n) - वापस खरीद*, | The company has decided to **buy back** its shares from | कंपनी ने बाजार से अपने शेयर |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | **पुनःक्रय**, प्रति-क्रय | the market. | **पुनःक्रय** करने का फैसला किया है। |
| 15 | bye-election | (n) - उप-चुनाव, उप- निर्वाचन | The date of **bye-election** has been notified. | **उप-चुनाव** की तारीख अधिसूचित कर दी गई है। |
| 15 | by force | (adv p) - बलपूर्वक, बलात् | The police removed the blockade from the roads **by force**. | पुलिस ने सड़कों से नाकेबंदी **बलपूर्वक** हटा दी। |
| 15 | by hand | (adv p) - **हाथों-हाथ**, दस्ती | The memorandum has been served **by hand**. | ज्ञापन **हाथों-हाथ** सौंपा गया है। |
| 15 | bye-law | (n) - उप-विधि* | The General Body has suggested to amend the **bye-laws** of the society. | साधारण सभा ने सोसाइटी की **उप-विधियों** में संशोधन करने का सुझाव दिया है। |
| 15 | by post | (adv p) - डाक से, डाक द्वारा | The applications can be sent **by post** also. | आवेदन **डाक से** भी भेजे जा सकते हैं। |

# C

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | cabin baggage | (n) - **सामान, असबाब**, केबिन असबाब | In air travel passengers are allowed only one bag as **cabin baggage**. | हवाई यात्रा में यात्री को अपने साथ केवल एक **सामान** ले जाने की अनुमति होती है। |
| 2. | cabinet | (n) - 1. मंत्रिमंडल* 2. कैबिनेट 3. पेटिका | 1. The **cabinet** passed the bill for economic reforms. 2. The matter regarding increase in DA of government employees will be taken up in the next meeting of the **cabinet**. 3. All the confidential files were kept in the **cabinet**. | 1. **मंत्रिमंडल** ने आर्थिक सुधार के लिए विधेयक पारित कर दिया। 2. सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का मामला **कैबिनेट** की अगली बैठक में उठाया जाएगा। 3. सभी गोपनीय फाइलें पेटिका में रखी गईं। |
| 3. | cadre | (n) - **कैडर**, काडर, संवर्ग | The proposal for restructuring of **the cadre** is under consideration. | **कैडर** के पुनर्गठन का प्रस्ताव विचाराधीन है। |
| 4. | calamity | (n) - **आपदा**, विपत्ति* | The Uttrakhand Government was not prepared for such devastating natural **calamity**. | उत्तराखंड सरकार ऐसी विनाशकारी प्राकृतिक **आपदा** के लिए तैयार नहीं थी। |
| 5. | calculation | (n) - **गणना*, हिसाब**, परिकलन | The **calculation** of the pension has been done by the Assistant. | सहायक द्वारा पेंशन की **गणना** कर दी गई है। |
| 6. | calendar year | (n) - कैलेंडर वर्ष | The profit of the corporation has increased many folds in last three **calendar years**. | पिछले तीन **कैलेंडर वर्षों** में निगम का लाभ कई गुणा बढ़ा है। |
| 7. | campaign | (n) - **प्रचार**, अभियान | 1. He is **campaigning** for the local candidate in the assembly election. 2. The **campaign** of cleaning Ganga River has been launched by the Chief Minister. | 1. वह लोकसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार के लिए **प्रचार** कर रहा है। 2. गंगा नदी की सफाई का **अभियान** मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया है। |
| 8. | campus | (n) - परिसर | The JNU **campus** is spread over 1000-acre rocky terrain of Aravali hills. | जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय **परिसर** अरावली पहाड़ियों के 1000 एकड़ चट्टानी इलाके में फैला हुआ है। |
| 9. | cancel | (v) - **निरस्त करना**, रद्द | The tour programme has been **cancelled**. | दौरा कार्यक्रम **निरस्त** कर दिया गया है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | करना | | |
| 10. | candidate | (n) - **प्रत्याशी**, उम्मीदवार, अभ्यर्थी | 1. The **candidates** must reach by 9:00 A.M. for interview. 2. The **candidates** are required to pass the written examination. | 1. **प्रत्याशियों** को साक्षात्कार के लिए प्रातः 9:00 बजे तक पहुँचना होगा। 2. **उम्मीदवारों** को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होना जरूरी है। |
| 11. | canvassing | (n) - 1. प्रचार 2. संयाचना, मत-याचना | As soon as the election was announced the party workers started **canvassing**. | चुनाव घोषित होते ही पार्टी के कार्यकर्ता **प्रचार** में जुट गए। |
| 12. | capability | (n) - सामर्थ्य | One should be confident of one's **capability** | व्यक्ति को अपने **सामर्थ्य** पर विश्वास होना चाहिए। |
| 13. | capable | (adj) - समर्थ | The company is **capable** of handling large projects. | कंपनी बड़ी परियोजनाओं का संचालन करने में **समर्थ** है। |
| 14. | capacity | (n) - 1. हैसियत* 2. क्षमता* 3. सामर्थ्य 4. धारिता* | 1. He attended the meeting in his **capacity** as the chairman of the safety committee. 2. The **capacity** of the Tank should be not less than 1000 liters. 3. The employees have the **capacity** to finish the work before the deadline. | 1. उसने सुरक्षा समिति के अध्यक्ष की **हैसियत** से बैठक में भाग लिया। 2. टंकी की **क्षमता** 1000 लीटर से कम की नहीं होनी चाहिए। 3. कर्मचारियों में समयसीमा से पहले काम पूरा करने का **सामर्थ्य** है। |
| 15. | capital | (n) - 1. पूंजी*, मूलधन 2. राजधानी* | 1. The businessman invested a **capital** of Rupees 10 lakh to start a textile business. 2. Bhopal is the **Capital** of Madhya Pradesh. | 1. व्यापारी ने 10 लाख रुपए **पूँजी** लगाकर कपड़े का कारोबार शुरू किया। 2. भोपाल मध्य प्रदेश की **राजधानी** है। |
| 16. | capital expenditure | (n) - पूंजीगत व्यय | The company incurred a **capital** expenditure of Rs. 15 lakh in the financial year 2006-07. | वित्त वर्ष 2006-07 में कंपनी का **पूँजीगत व्यय** 15 लाख रुपये था। |
| 17. | capital punishment | (n) - **फांसी**, मृत्युदंड | The criminal was awarded **capital punishment** by the court. | न्यायालय ने अपराधी को **फांसी** की सजा दी। |
| 18. | captive market | (n) - **आबद्ध बाजार** | There is a huge **captive market** for electronic items in rural India. | ग्रामीण भारत इलैक्ट्रानिक वस्तुओं का बड़ा **आबद्ध बाजार** है। |
| 19. | capitation fee | (n) - **कैपिटेशन फीस**, प्रति व्यक्ति शुल्क | **Capitation fee** in Medical Colleges should not be permissible. | मेडिकल कॉलेजों में **कैपिटेशन फीस** पर रोक होनी चाहिए। |
| 20. | capture | (v) - 1. पकड़ना | 1. The police have | 1. पुलिस ने चोर को उसके पैतृक |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. बंदी बनाना 3. **अधिकार में लेना** 4. **कब्जे में लेना** | **captured** the thief from his native place. 2. The militants have **captured** the tourists. 3. The company has **captured** 90% of the market. 4. The Army has **captured** the enemy post. | स्थान से **पकड़ा** है। 2. आतंकवादियों ने पर्यटकों को **बंदी बना** लिया। 3. कंपनी ने 90 प्रतिशत बाजार पर **अधिकार कर** लिया है। 4. सेना ने दुश्मन की चौकी पर **कब्जा कर** लिया है। |
| 21. | care | (n) - 1. सावधानी* 2. **देख-रेख,*** **परिचर्या** *, देखभाल*, रखवाली* 3. परवाह* | 1. Please fill all the details with the utmost **care**. 2. The company provides medical **care** facility to their employees. 3. He does not **care** for his work. | 1. कृपया सभी विवरण पूरी **सावधानी** के साथ भरें। 2. कंपनी अपने कर्मचारियों को चिकित्सा **परिचर्या** की सुविधा प्रदान करती है। 3. वह अपने काम की **परवाह** नहीं करता है। |
| 22. | career | (n) - **कैरियर**, जीविका, वृत्ति | There is a lack of opportunities for **career** progression in this office. | इस कार्यालय में **कैरियर** उन्नयन के अवसर की कमी है। |
| 23. | caretaker | (n) - **केयरटेकर, प्रभारी, अवधायक,** अभीक्षक | The **caretaker** was suspended for his carelessness. | लापरवाही की वजह से **केयरटेकर** को निलंबित कर दिया गया। |
| 24. | caretaker government | (n) - कामचलाऊ सरकार | **A caretaker government** cannot take policy decisions. | **कामचलाऊ सरकार** नीतिगत निर्णय नहीं ले सकती। |
| 25. | carry forward | (v) - आगे ले जाना, अग्रनयन | The balance amount of depreciation was **carried forward** to next year account. | मूल्य ह्रास की शेष राशि को अगले वर्ष के लेखा में **ले जाया गया।** |
| 26. | cartage | (n) - गाड़ी भाड़ा, ढुलाई, माल ढुलाई | 1. For shifting the goods from Godown to market Rs. 2000 had to be paid as **cartage**. 2. The buyer will pay the cost of **cartage**. | 1. माल को गोदाम से बाज़ार तक ले जाने के लिए 2,000 रुपए **ढुलाई** देनी पड़ी। 2. खरीदार **गाड़ी भाड़ा** का व्यय वहन करेगा। |
| 27. | case | (n) - 1. मामला, प्रकरण 2. स्थिति* 3. मुकदमा 4. विषय | 1. A **case** of forgery was filed against him. 2. The company dismisses its employees only in **cases** of gross misconduct. 3. The **case** will be heard next week. | 1. उसके विरुद्ध जालसाजी का **मामला** दर्ज किया गया। 2. कंपनी केवल घोर कदाचार की **स्थिति** में अपने कर्मचारियों को बर्खास्त करती है। 3. **मुकदमे** की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। |
| 28. | cash | (n) - 1. **नकद**, रोकड़, नकदी* 2. | Payment to seller was made in **cash**. | विक्रेता को **नकद** भुगतान किया गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | भुनाना | | |
| 29. | cash balance | (n) - **नकदी बाकी,** नकदी शेष, रोकड़ बाकी | At the end of the financial year the cash balance of the company was Rs. 11.5 lakh. | वित्त वर्ष के अंत में कंपनी का रोकड़ शेष 11.5 लाख रुपए था। |
| 30. | cash book | (n) - **नकदी बही** *, रोकड़ बही* | Every cash transaction is entered in the **cash book**. | प्रत्येक नकद लेन-देन को **रोकड़ बही** में दर्ज किया जाता है। |
| 31. | cash crop | (n) - नकदी फसल* | **Cash crop** is a good and regular source of income for the farmer. | किसान के लिए **नकदी फसल** आय का एक अच्छा और नियमित स्त्रोत है। |
| 32. | cash down | (n) - एकमुश्त नकद | The customer has to make **cash down** payment to purchase a car. | ग्राहक को कार खरीदने के लिए **एकमुश्त नकद** भुगतान करना होगा। |
| 33. | caste | (n) - जाति* | Mention your **caste** in the application form. | आवेदन पत्र में अपनी **जाति** का उल्लेख करें। |
| 34. | casting vote | (n) - निर्णायक मत | The chairman gave his **casting vote** in favour of the proposal. | अध्यक्ष ने अपना **निर्णायक मत** प्रस्ताव के पक्ष में दिया। |
| 35. | casual | (adj) - 1. आकस्मिक 2. अनियत 3. लापरवाह, असावधान | 1. He was granted two days **casual** leave. 2. **Casual** remittance is required to meet sudden demand of funds. 3. One should not be **casual** about official work. | 1. उसे दो दिन की **आकस्मिक** छुट्टि स्वीकृत की गई। 2. निधियों की अप्रत्याशित मांग को पूरा करने के लिए **अनियत** धनप्रेषण आवश्यक है। 3. सरकारी काम के प्रति **लापरवाह** नहीं होना चाहिए। |
| 36. | casual dress | (n) - **अनौपचारिक वस्त्र/पहनावा** | **Casual dress** is not allowed in official diplomatic functions. | सरकारी राजनयिक कार्यक्रमों में **अनौपचारिक पहनावे** की अनुमति नहीं है। |
| 37. | casual labour | (n) - अनियत मजदूर | There is restriction on engaging **casual labour** in the Govt. Departments. | सरकारी विभागों में **अनियत मजदूर** रखने पर प्रतिबंध है। |
| 38. | casual leave | (n) -आकस्मिक छुट्टी | He is on three days' **casual leave**. | वह तीन दिन की **आकस्मिक छुट्टी** पर है। |
| 39. | casualty | (n) - 1. **अपघात,** दुर्घटना* 2. हताहत 3. आपात 4. आकस्मिकी | 1. The aim of this awareness drive is to reduce road **casualties**. 2. Both sides had suffered heavy **casualties** in the war. | 1. इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य सड़क **दुर्घटनाओं** की संख्या को कम करना है। 2. युद्ध में दोनों पक्षों के काफी लोग **हताहत** हुए। |
| 40. | casual vacancy | (n) - आकस्मिक | There are **four casual vacancies** of LDC in the | विभाग में अवर श्रेणी लिपिक की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | रिक्ति* | department. | चार **आकस्मिक रिक्तियां** हैं। |
| 41. | catalogue | (n) - 1. सूची*, सूची पत्र 2. प्रसूची | **The catalogue** is attached with this proposal. | इस प्रस्ताव के साथ **सूची पत्र** संलग्न है। |
| 42. | catch word | (n) - सूचक शब्द | The **catchword** of the present age is e-governance. | वर्तमान युग का **सूचक शब्द** ई-शासन है। |
| 43. | categorical | (adj) - **स्पष्ट,** सुनिश्चित, सुस्पष्ट | The officer made a **categorical** refutation to the allegation. | अधिकारी ने आरोप का स्पष्ट खंडन किया। |
| 44. | category | (n) - 1. कोटि* 2. वर्ग 3. श्रेणी*, दर्जा | 1. The grammatical **category** of some words varies with their usage. 2. Indian society is divided into many **categories**. 3. The result can be divided into three **categories**. | 1. कुछ शब्दों की व्याकरणिक **कोटि** उनके प्रयोग के साथ बदलती है। 2. भारतीय समाज कई **वर्गों** में बँटा है। 3. परिणाम को तीन **श्रेणियों** में बांटा जा सकता है। |
| 45. | cater | (v) - 1. **आवश्यक्ताओं की पूर्ति करना 2. भोजन का प्रबंध करना** | 1. Store keeper **caters** to our stationary requirements. 2. The hotel can **cater** according to the number of persons participating in the seminar. | 1. स्टोर कीपर हमारी स्टेशनरी संबंधी **आवश्यकताओं की पूर्ति करता** है। 2. होटल सेमिनार में भाग लेने वाले लोगों की संख्या के अनुसार **भोजन का प्रबंध कर** सकता है। |
| 46. | catering | (n) - खानपान, भोजन-प्रबंध | **Catering** arrangement for the conference was excellent. | सम्मेलन के लिए **खान-पान** की व्यवस्था उत्तम थी। |
| 47. | cattle census | (n) - पशुगणना | Data of the **cattle census** are available in the Department of Animal Husbandry. | **पशुगणना** के आकंड़े पशुपालन विभाग में उपलब्ध हैं। |
| 48. | cause list | (n) - **मुकदमा-सूची** *, वाद-सूची | Date wise **cause list** has been posted on the website. | वेबसाइट पर तिथिवार **मुकदमा सूची** दी गई है। |
| 49. | caution | (n) - 1. सावधान, सावधानी, खबरदार (v) - खबरदार करना, सावधान करना | 1. Some **caution** signs must be displayed near the railway line. 2. The forest guard has **cautioned** tourists not to go inside the forest. | 1. रेलवे लाइन के पास कुछ **सावधानी** संकेत अवश्य प्रदर्शित किए जाएं। 2. वन सुरक्षा गार्ड ने पर्यटकों को **सावधान** किया है कि वे वन के अंदर न जाएं। |
| 50. | caution money | (n) - 1. जमानत राशि*, 2. | If the library books are not returned the **caution money** is forfeited. | यदि पुस्तकालय की पुस्तकें वापस नहीं की जाती हैं तो **जमानत** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अवधान-राशि | | **राशि** जब्त कर ली जाती है। |
| 51. | cease fire | (n) - युद्ध-विराम, अस्त्रविराम | There were 30 cases of violations of **cease fire** along with the Indo-Pak border in last one month. | पिछले एक महीने में भारत-पाक सीमा पर **युद्ध विराम** उल्लंघन की तीस घटनाएं हुईं। |
| 52. | ceiling (as of price) | (n) - **अंतिम सीमा** *, अधिकतम सीमा*, उच्चतम सीमा* | The **ceiling** of the rebate under the provisions of Income Tax Act has been raised. | आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार छूट की **अंतिम सीमा** बढ़ा दी गई है। |
| 53. | cell | (n) - **एकक**, प्रकोष्ठ | Three employees have been posted in the Research **cell**. | अनुसंधान **एकक** में तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई है। |
| 54. | celebration | (n) - **समारोह, उत्सव** | The Honorable Prime Minister will be the chief guest of this **celebration**. | माननीय प्रधानमंत्री इस **समारोह** के मुख्य अतिथि होंगे। |
| 55. | censor | (n) - 1. सेंसर, (व्यक्ति) **गुण-दोष विवेचक,** अभिवेचक (v) - 2. सेंसर करना, **गुण-दोष विवेचन करना,** अभिवेचन करना | 1. Film has been referred to the censor board for **censor**. 2. The report was cleared by the military **censors.** 3. News has been **censored** in the public interest. | 1. फिल्म सेंसर बोर्ड को **गुण-दोष विवेचन** के लिए भेजी गई। 2. रिपोर्ट को सैन्य **गुण-दोष विवेचकों** ने मंजूरी दे दी। 3. समाचार को जनहित में **सेंसर** किया गया। |
| 56. | censure | (v) - निंदा*, परिनिन्दा (विधि) | The Parliament **censured** Pakistan's infiltration policy. | संसद ने पाकिस्तान की घुसपैठ नीति की **निंदा** की। |
| 57. | censure motion | (n) - निंदा प्रस्ताव | Parliament passed a **censure motion** against Pakistan infiltration policy. | संसद ने पाकिस्तान की घुसपैठ नीति पर **निंदा प्रस्ताव** पारित किया। |
| 58. | census of population | (n) - जनगणना | It is revealed from the last **census of population** that there is a decrease in the mortality rate of children. | पिछली **जनगणना** के आंकड़ों से यह पता चलता है कि बाल मृत्यु दर में कमी आई है। |
| 59. | central | (n) - 1. केंद्र (adj) - 2. केंद्रीय | 1. In India, there is a clear division of power between **Central** Government and State Governments. 2. *MGNREGA* is **central** Scheme for generating employment in rural areas. | 1. भारत में **केंद्र** सरकार और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन है। 2. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उत्पन्न करने की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **केंद्रीय** योजना है। |
| 60. | central excise | (n) - केंद्रीय उत्पाद-शुल्क | **Central Excise** Department comes under Ministry of Finance. | **केंद्रीय उत्पाद शुल्क** विभाग वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आता है। |
| 61. | central revenue | (n) - केंद्रीय राजस्व | **Central revenue** figures for the year - 2012 have increased by 20 percent against the figures of last year. | वर्ष 2012 में **केंद्रीय राजस्व** के आंकड़ों में पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। |
| 62. | centralization | (n) - केंद्रीकरण, केंद्रीयकरण | **Centralization** of power is not in the interest of the organization. | **शक्ति का केंद्रीयकरण** संगठन के हित में नहीं है। |
| 63. | centralized service | (n) - केंद्रीकृत सेवा* | Single window **centralized service** has been made available for pensioners. | पेंशनभोगियों के लिए एक स्थान पर **केंद्रीय कृत सेवा** उपलब्ध कराई गई है। |
| 64. | centre | (n) - केंद्र, **मध्य** | 1. Mumbai is the commercial **centre** of the country. 2. To convenience of the participants, the seminar was organized in the **centre** of the town. | 1. मुंबई देश का वाणिज्यिक **केंद्र** है। 2. प्रतिभागियों की सुविधा के लिए संगोष्ठी शहर के **मध्य** में आयोजित की गई। |
| 65. | ceremonial parade | (n) - समारोह परेड | **Ceremonial Parade** for the Republic day is organized at Rajpath. | गणतंत्र दिवस की **समारोह परेड** राजपथ पर आयोजित होती है। |
| 66. | ceremony | (n) - 1. समारोह 2. संस्कार 3. अनुष्ठान | The oath taking **ceremony** of the new government will be held in Raj Bhawan. | नई सरकार का पदग्रहण **समारोह** राज भवन में आयोजित किया जाएगा। |
| 67. | certificate | (n) - प्रमाणपत्र | Candidates are required to enclose experience **certificate** with the application. | उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्र के साथ अनुभव **प्रमाणपत्र** लगाना आवश्यक है। |
| 68. | certificate of fitness | (n) - 1. स्वस्थता प्रमाणपत्र 2. (मशीन) दुरुस्ती प्रमाणपत्र | 1. **Certificate of fitness** is required to be produced after returning from medical leave. 2. The registration of *vehicle* is treated as valid only if the *vehicle* has valid ***certificate of fitness***. | 1. चिकित्सा छुट्टी से लौटने के बाद **स्वस्थता प्रमाणपत्र** प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। 2. वाहन का पंजीकरण तभी वैध माना जाता है जब वाहन का मान्य **दुरुस्ती प्रमाणपत्र** हो। |
| 69. | certificate of posting | (n) - डाक प्रमाणपत्र | The application may be sent by post under **certificate of posting.** | आवेदन **डाक प्रमाणपत्र** के अधीन भेजा जाए। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 70. | certification | (n) - प्रमाणीकरण, प्रमाणन | Bureau of Indian Standards is the **certification** agency for quality control. | भारतीय मानक ब्यूरो गुणता नियंत्रण की **प्रमाणीकरण** एजेंसी है। |
| 71. | certified copy | (n) - प्रमाणित प्रति | **Certified copy** of the relevant documents is produced in the court. | न्यायालय में प्रासंगिक दस्तावेजों की **प्रमाणित प्रति** प्रस्तुत की जाती है। |
| 72. | certify | (v) - प्रमाणित करना | Only a Gazzetted Officer can **certify** these documents. | केवल राजपत्रित अधिकारी इन दस्तावेजों को **प्रमाणित** कर सकता है। |
| 73. | cess | (n) - उपकर | Government has made provision for two percent educational **cess** on Income Tax. | सरकार ने आयकर पर दो प्रतिशत शिक्षा **उपकर** का प्रावधान किया है। |
| 74. | challan | (n) - चालान | Money will be deposited in the treasury through **Challan**. | राशि खजाने में **चालान** से जमा करायी जाएगी। |
| 75. | challenge | (v) - 1. चुनौती* 2. आक्षेप (विधि) | Rival Candidate has **challenged** his election in the court. | विरोधी उम्मीदवार ने उसके चुनाव को न्यायालय में **चुनौती** दी है। |
| 76. | chamber | (n) - 1. कमरा, कक्ष, सदन | Jury will deliberate this matter in the Judge's **chamber**. | जुरी इस मामले पर विचार न्यायधीश के **कमरे** में करेगी। |
| 77. | chamber of commerce | (n) - **चैम्बर ऑफ कामर्स**, वाणिज्य मंडल | **Chamber of Commerce** organizes workshop for entrepreneurs and industrialists. | **चैबंर आफ कामर्स** उद्यमियों और उद्योगपतियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करता है। |
| 78. | change | (n) - परिवर्तन, बदलाव (v) - बदलना | 1. Meteorological department has forecasted sudden **change** in the weather. 2. There is a need to **change** the admission procedure in colleges. | 1. मौसम-विज्ञान विभाग ने मौसम में अचानक का पूर्वानुमान लगाया है। 2. कॉलेजो में प्रवेश-प्रक्रिया को **बदलने** की आवश्यकता है। |
| 79. | channel | (n) - 1. माध्यम, सरणि 2. **चैनल** | 1. Apply through proper **channel** only. 2. According to Information and Broadcasting ministry it is must for cable-operators to show 21 Doordarshan **channels** in all major cities. | 1. केवल उचित **माध्यम** से आवेदन भेजें। 2. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार केबल ऑपरेटरों को सभी प्रमुख शहरों में दूरदर्शन के 21 **चैनल** दिखाने आवश्यक हैं। |
| 80. | chaos | (n) - **घोर अव्यवस्था** *, **गड़बड़ी** *, | There was a **chaos** in the meeting when dissident members started speaking. | जब असंतुष्ट सदस्यों ने बोलना शुरू किया तो बैठक में **घोर अव्यवस्था** हो गई। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अव्यवस्था | | |
| 81. | chapter | (n) - 1. अध्याय 2. शाखा*, चैप्टर | 1. This Manual has eight **chapters**. 2. The Lions Club has opened a new **chapter** in remote area of Odisha. | 1. इस मैनुअल में आठ **अध्याय** हैं। 2. लायंस क्लब ने ओडीशा के दूर दराज क्षेत्र में एक नई शाखा खोली है। |
| 82. | character | (n) - चरित्र | Complainant has made allegation against his **character**. | शिकायतकर्ता ने उसके **चरित्र** पर आरोप लगाया है। |
| 83. | character certificate | (n) - चरित्र प्रमाणपत्र | **Character Certificate** issued by the school is to be enclosed with the application. | आवेदन के साथ स्कूल द्वारा जारी **चरित्र प्रमाणपत्र** लगाया जाएगा। |
| 84. | charge | (n) - 1. **शुल्क**, प्रभार, खर्च 2. **पदभार**, कार्य-भार 3. **निगरानी** *, **देख-रेख** * 4. आरोप (v) - 5. **शुल्क लगाना** 6. आरोपित, प्रभारित | 1. Electricity **Charge** has been increased from august. 2. The Steel Minister is holding additional **charge** of Department of Mine. 3. The patient is in **charge** of experienced Doctors. 4. All **charges** against him have been dropped. 5. The company will **charge** extra for delivering goods. 6. **Charged** amount on stationary will be shown in the Office Expenditure head. | 1. अगस्त से विद्युत **प्रभार** बढ़ा दिया गया है। 2. इस्पात मंत्री के पास खान विभाग का अतिरिक्त **पदभार** है। 3. रोगी अनुभवी डाक्टरों की **देखरेख** में हैं। 4. उसके खिलाफ सभी **आरोपों** को हटा दिया गया है। 5. कंपनी माल पहुंचाने के लिए अतिरिक्त **शुल्क लेगी**। 6. स्टेशनरी पर **प्रभारित** राशि को कार्यालय व्यय शीर्ष में दर्शाया जाएगा। |
| 85. | chargeable | (adj) - 1. प्रभार्य 2. व्यय-योग्य | Tax on **chargeable** articles was lessened. | **प्रभार्य** वस्तुओं पर कर कम कर दिया गया। |
| 86. | charge report | (n) - कार्यभार रिपोर्ट | A copy of the **charge report** will be sent to the Head office. | **कार्यभार रिपोर्ट** की एक प्रति मुख्यालय भेजी जाएगी। |
| 87. | charge sheet | (n) - आरोप पत्र | **Charge sheet** against the accused has been filed in the court. | न्यायालय में अभियुक्त के खिलाफ **आरोप पत्र** दायर कर दिया गया है। |
| 88. | charitable | (adj) - **धर्मार्थ, परोपकार,** पूर्त, ख़ैराती | He has donated his wealth for **charitable** purposes. | उसने अपनी संपत्ति **धर्मार्थ** कार्यों के लिए दान दे दी है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 89. | charitable endowment | (n) - **धर्मार्थ निधि, परोपकार निधि**, पूर्त अक्षयनिधि | The trust has put Rupees 1 crore as fixed deposit in **charitable endowment**. | ट्रस्ट ने **धर्मार्थ निधि** में 1 करोड़ रू की राशि सावधि जमा की है। |
| 90. | charitable trust | (n) - **धर्मार्थ न्यास, परोपकार न्यास**, पूर्त न्यास | The **Charitable trust** has built the hospital. | **परोपकार *न्यास*** ने अस्पताल का निर्माण किया है। |
| 91. | charity | (n) - **उदारता** *, **परोपकार, दान, धर्म कार्य,** पूर्तकार्य, ख़ैरात | The new C.E.O of the company has sanctioned Rupees 5 crore for **charity**. | कंपनी के नए सी.ई.ओ ने **परोपकार** के लिए 5 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं। |
| 92. | charity show | (n) - **सहायतार्थ कार्यक्रम,** सहायतार्थ प्रदर्शन | Film stars have organized a **charity show** for Uttrakhand flood victims. | फिल्मी सितारों ने उत्तराखंड के बाढ़ पीड़ितों के **सहायतार्थ कार्यक्रम** आयोजित किया। |
| 93. | chart | (n) - चार्ट, सचित्र | The **chart** displayed at the reception shows the rate list. | स्वागत कक्ष पर लगे **चार्ट** में दर-सूची दी गई है। |
| 94. | charter | (n) - **घोषणा पत्र**, चार्टर (v) - भाड़े पर लेना | 1. The **Charter** of the United Nations was signed on 26 June 1945. 2. A plane was **chartered** by the department to take sports persons to Asian Games. | 1. संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र पर 26 जून, 1945 को हस्ताक्षर हुए। 2. विभाग ने खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में ले जाने के लिए हवाई जहाज **भाड़े पर लिया**। |
| 95. | chartered bus | (n) - **चार्टर बस,** चार्टरित बस | Many Govt. servants use **Chartered bus** to come to office. | बहुत से सरकारी कर्मचारी कार्यालय आने के लिए **चार्टर बस** का इस्तेमाल करते हैं। |
| 96. | cheating | (n) - **बेईमानी** *, छल (v) - **धोखा देना,** छल करना | Action was taken against the accounts clerk for **cheating** the customer. | ग्राहक से **बेईमानी** करने के मामले में लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई की गई। |
| 97. | check | (n) - 1. पड़ताल*, जाँच* 2. रोक* (v) - 3. मिलान करना | 1. The police have put up a barrier on the road to **check** the vehicles. 2. Additional measures have been taken to keep a **check** on smuggling. 3. The officer asked his subordinate to **check** both the lists. | 1. पुलिस ने वाहनों की **जाँच** के लिए सड़क पर नाका लगाया है। 2. तस्करी पर **रोक** लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं। 3. अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी से दोनों सूचियों का **मिलान करने** को |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कहा। |
| 98. | check point | (n) - **जाँच बिंदु,** चेक प्वाइंट | 1. Department of Official Language had requested all the Ministries/Departments that they should strengthen the **checkpoints** and make them effective for ensuring due compliance of the Official Language Rules. 2. Additional five **check points** are established at airport. | 1. राजभाषा विभाग ने सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध किया किया कि वे **जाँच बिंदुओं** को प्रभावी ढंग से स्थापित करने और राजभाषा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जांच बिंदुओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए। 2. हवाई अड्डे पर पांच अतिरिक्त **चेक प्वाइंट** स्थापित किए गए हैं। |
| 99. | check post | (n) - **नाका**, जांच चौकी, | On Independence Day, police has established some additional **check posts**. | स्वाधीनता दिवस पर पुलिस ने अलग से **जांच चौकी** स्थापित की। |
| 100 | chemical | (n.) - **रसायन** (adj.) - **रासायनिक** | 1. The whole food chain is affected by the over use of **chemicals**. 2. Excess use of **chemical** fertilizers is bad for crops. | 1. **रसायनों** के अधिक उपयोग से पूरी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हुई है। 2. **रासायनिक** उर्वरकों का अधिक उपयोग फसलों के लिए हानिकारक है। |
| 101 | chemical examination | (n) - रासायनिक परीक्षण | This drug requires **chemical examination** in government laboratory. | इस दवा का सरकारी प्रयोगशाला में **रासायनिक परीक्षण** आवश्यक है। |
| 102 | chemistry | (n) - **रसायन विज्ञान, रसायन शास्त्र** | **Chemistry** is a vast subject. | **रसायन विज्ञान** व्यापक विषय है। |
| 103 | cheque | (n) - चेक | The **cheque** for relief to Uttrakhand flood victims should be drawn in favour of Chief Minister relief fund. | उत्तराखंड के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए **चेक** मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से काटा जाए। |
| 104 | chest | (n) - तिजोरी | A safe **chest** needs to be purchased to keep valuables. | मूल्यवान वस्तुएं रखने के लिए **तिजोरी** खरीदने की आवश्यकता है। |
| 105 | chief | (n) - 1. (पदनाम) प्रमुख 2. (adj) - मुख्य, प्रधान, सर्वोच्च 3. मुख्य | 1. The President was the **chief** guest at the function organized at Vigyan Bhavan. 2. The President is the **chief** commander of the three forces. 3. Safety is | 1. राष्ट्रपति विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के **मुख्य** अतिथि थे। 2. राष्ट्रपति तीनों सेनाओं के **सर्वोच्च** कमांडर हैं। 3. कंपनी की चिंता का **मुख्य** विषय |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | company's **chief** concern. | सुरक्षा है। |
| 106 | child welfare | (n) - बाल कल्याण, शिशु कल्याण | The Government gives priority to **child welfare**. | **बाल कल्याण** सरकार की प्राथमिकता है। |
| 107 | chorus | (n) - **सहगान, समूह गान,** वृंदगान | The **chorus** was sung by radio artists. | रेडियो कलाकारों ने **सहगान** किया। |
| 108 | chronological order | (n) - तारीख अनुसार, समय-क्रमानुसार, कालक्रम | Arrange the entries in **chronological order**. | प्रविष्टियों को **तारीख अनुसार** व्यवस्थित करें। |
| 109 | chronology | (n) - **समय क्रम** | Please, explain the **chronology** of the events. | कृपया घटनाओं का **समय क्रम** स्पष्ट करें। |
| 110 | cipher | (n) - 1. शून्य, सिफ़र 2. **कूटभाषा, संकेत भाषा**, बीजलेख | Diplomatic Mission transmits message through **cipher**. | राजनयिक मिशन **कूटभाषा** के माध्यम से संदेश भेजते हैं। |
| 111 | circle | (n) - 1. **अंचल**, परिमंडल, सर्किल 2. **दायरा** 3. **चक्र** | 1. The **circle** officer deals with the cases of dispute on land in his circle. 2. The lower section of the society is crushed in the **circle** of poverty and unemployment. | 1. अंचल अधिकारी अपने **अंचल** के अंतर्गत भूमि विवाद को देखता है। 2. समाज का निम्न वर्ग गरीबी और बेरोज़गारी के **चक्र** में फंसा है। |
| 112 | circuit house | (n) - **विश्राम गृह,** विश्राम भवन, सर्किट हाऊस | **Circuit house** is equipped with all facilities. | **विश्राम गृह** सभी सुविधाओं से युक्त है। |
| 113 | circular | (n) - परिपत्र | **Circular** from Head office explains the procedure of availing study leave. | प्रधान कार्यालय के **परिपत्र** में अध्ययन अवकाश लेने की प्रक्रिया बताई गई है। |
| 114 | circulate | (v) - परिचालित करना | The agenda/minutes etc. and the related material to be **circulated** in Region 'A' may be issued only in Hindi. | "क" क्षेत्र में परिचालित होने वाली कार्यसूची/कार्यवृत आदि एवं उससे संबंधित पत्राचार केवल हिंदी में **परिचालित किए** जा सकते हैं। |
| 115 | circulation | (n) - 1. **प्रचलन, चलन** परिचालन 2. **वितरण, प्रसार** | 1. The Government of India has decided to withdraw coins of denomination of 25 paise and below from | 1. भारत सरकार ने 25 पैसे और उससे कम के सिक्कों के **चलन** को बंद करने का फैसला किया है। 2. चुनाव के दौरान उपहार का |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **(सर्कुलेशन)** (v) - 3. **फैलाना** | **circulation**. 2. **Circulation** of gift during election time is prohibited. 3. **Circulation** of this Hindi newspaper has crossed the figure of 10 lakh. 4. Rumours are being **circulated**. | **वितरण** निषिद्ध है। 3. इस हिंदी अखबार का **प्रसार (सर्कुलेशन)** 10 लाख के आंकड़े को पार कर गया है। 4. अफवाहें **फैलाई** जा रही हैं। |
| 116 | circumstance | (n) - **हालत*, अवस्था*, हालात*,** परिस्थिति* | In these **circumstances** strong economic measures are required. | इन **हालात** में मजबूत आर्थिक उपायों की आवश्यकता है। |
| 117 | circumstantial evidence | (n) - **परिस्थिति-जन्य साक्ष्य**, पारिस्थितिक साक्ष्य | **Circumstantial evidence** led to his conviction. | **परिस्थिति-जन्य** साक्ष्य के कारण उसे सजा हुई। |
| 118 | citation | (n) - 1. उद्धरण, कथन 2. प्रशस्ति | **Citation** inscribed on Ashoka Pillar at Sarnath reflects Ashoka's policy of Ahinsa. | सारनाथ में अशोक स्तंभ पर अंकित लिखा **उद्धरण** अशोक की अहिंसा - की नीति को उजागर करता है। |
| 119 | citizen charter | (n) - **नागरिक चार्टर, नागरिक अधिकार-पत्र** | The **Citizens' Charter** of our company will also be the benchmark to determine our efficiency and would be a dynamic document which would be reviewed at least once in two years. | हमारी कंपनी का **नागरिक चार्टर** हमारी दक्षता को आंकने का भी मानक होगा तथा यह एक गतिशील दस्तावेज होगा जिसे दो साल में कम से कम एक बार पुनरीक्षित किया जाएगा। |
| 120 | citizenship | (n) - नागरिकता* | The schools should be responsible for teaching our children a good **citizenship**. | स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वे हमारे बच्चों को अच्छी **नागरिकता** की शिक्षा दें। |
| 121 | city | (n) - नगर, शहर | The municipal corporation sanctioned Rs. 80 lakh for the development of the **city**. | **नगर** के विकास के लिए नगर निगम ने 80 लाख रुपये की मंज़ूरी दी। |
| 122 | city allowance | (n) - नगर भत्ता | **City allowance** for the employees living in metro cities has been enhanced. | मेट्रो शहरों में रहने वाले कर्मचारियों का **नगर भत्ता** बढ़ाया गया है। |
| 123 | civic | (n) - **नागरिक** | It is our **civic** duty to vote in the local elections. | स्थानीय चुनावों में वोट करना हमारा **नागरिक** कर्तव्य है। |
| 124 | civic sense | (n) - **शिष्टता-** | **Civic sense** is nothing but | **शिष्टता-बोध** ही सामाजिक |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **बोध, शिष्टता की समझ** | social ethics. | नैतिकता है। |
| 125 | civil | (adj.) - 1. सिविल, दीवानी, 2. नागरिक, असैनिक | 1. Case is pending in **civil** court. 2. Along with the army, **civil** organisations are also involved in flood relief work. | 1. मामला **सिविल न्यायालय** में लम्बित है। 2. सेना के साथ-साथ **नागरिक** संगठन भी बाढ़ राहत कार्य में जुटे हैं। |
| 126 | civil defence | (n) - नागरिक सुरक्षा | Villagers living near border are imparted training in **civil defence**. | सीमा के पास रहने वाले ग्रामीणों को **नागरिक सुरक्षा** का प्रशिक्षण दिया जाता है। |
| 127 | civil disobedience | (n) - **सविनय अवज्ञा** | Under the leadership of Gandhiji, the **Civil Disobedience** Movement was launched in 1930. | महात्मा गांधी के नेतृत्व में **सविनय अवज्ञा** आंदोलन 1930 में शुरू हुआ। |
| 128 | civil marriage | (n) - सिविल विवाह, अदालती विवाह | People marrying persons form different religions and castes **prefer civil marriage**. | अलग धर्मों और जातियों में शादी करने वाले लोग **सिविल विवाह** पसंद करते हैं। |
| 129 | civil rights | (n) - नागरिक अधिकार | The **civil rights** of the citizens are mentioned in the Indian constitution. | भारतीय संविधान में जनता के **नागरिक अधिकार** का उल्लेख है। |
| 130 | civil service | (n) - सिविल सेवा | Majority of youth aspirants prefer to civil service. | अधिकांश प्रतियोगी युवक **सिविल सेवा** पसंद करते हैं। |
| 131 | civil society | (n) - **सभ्य समाज, नगर समाज, शिष्ट समाज, जन समाज** | Practice of child labour is a black spot to **civil society**. | बाल मजदूरी प्रथा **सभ्य समाज** के लिए धब्बा है। |
| 132 | civil suit | (n) - सिविल मुकदमा, दीवानी मुकदमा, सिविल वाद | There has been a **civil suit** pending in the court since last several years regarding this matter. | पिछले कई सालों से अदालत में इस मामले से संबंधित **सिविल मुकदमा** चल रहा है। |
| 133 | civil supplies | (n) - नागरिक आपूर्ति | Due to the transport strike, there is a shortage of **civil supplies**. | परिवहन हड़ताल के कारण **नागरिक आपूर्ति** में कमी आई है। |
| 134 | civilian | (n) - 1. **असैनिक नागरिक** | Along with the army, **civilians** are also involved in flood relief work. | सेना के साथ-साथ **असैनिक नागरिक** भी बाढ़ राहत कार्य में जुटे हैं। |
| 135 | claim | (n) - 1. दावा (v.) - 2. दावा करना | 1. After the car accident he filed a **claim** in the insurance company. 2. If the train is cancelled one | 1. गाड़ी की दुर्घटना के बाद उसने बीमा कंपनी में **दावा प्रस्तुत** किया। 2. रेल गाड़ी के रद्द हो |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | can **claim** for a refund of the ticket money. | जाने पर टिकट के पैसे की वापसी के लिए **दावा** किया जा सकता है।। |
| 136 | claimant | (n) - दावेदार | There were several **claimants** for the property. | संपत्ति के कई **दावेदार** थे। |
| 137 | clarification | (n) - स्पष्टीकरण | Finance division sought **clarification** from the concerned department. | वित्त प्रभाग ने संबंधित विभाग से **स्पष्टीकरण** मांगा। |
| 138 | class | (n) - 1. वर्ग, दर्जा 2. श्रेणी* 3. **कक्षा** * | 1. These specimens are of same **class**. 2. It is always comfortable to travel in AC **Class** during train journey. 3. Tuition fee of the children studying up to **class** 12 is reimbursable. | 1. ये नमूने एक ही **वर्ग** के हैं। 2. रेल यात्रा के दौरान वातानुकूलित **श्रेणी** में भ्रमण करना हमेशा सुविधाजनक होता हैं। 3. बारहवीं **कक्षा** तक पढ़ने वाले बच्चों के शिक्षा-शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 139 | classified advertisemen t | (n) - वर्गीकृत विज्ञापन | **Classified advertisement** has been published for the recruitment of Assistants. | सहायकों की भर्ती के लिए **वर्गीकृत विज्ञापन** प्रकाशित किया गया है। |
| 140 | clause | (n) - खंड | There is a **clause** in the contract forbidding tenants to sublet. | संविदा में इस आशय का एक **खंड** है कि<br>किराएदार मकान को आगे किराए पर नहीं दे सकता। |
| 141 | clear day | (n) - पूरा दिन | It took the employee one **clear day** to reach the destination. | कर्मचारी को गंतव्य तक पहुंचने में **पूरा दिन** लगा। |
| 142 | clear vacancy | (n) - स्पष्ट रिक्ति | Recruitment can be done only against **clear vacancies**. | केवल **स्पष्ट रिक्तियों** के लिए ही भर्ती की जा सकती है। |
| 143 | clearance | (n) - 1. (बैंकिंग) समाशोधन 2. निकासी*, निर्बाधता 3. अनापत्ति | In the same city, **clearance** takes one day. | एक ही शहर में **निकासी** के लिए एक दिन का समय लगता है। |
| 144 | clerical | (adj) - 1. लिपिकीय 2. लेखन संबंधी | 1. The clerical jobs are very tedious. 2. Technical persons face difficulty in doing **clerical** work. | 1. **लिपकीय** कार्य बहुत थकाने वाले होते हैं। 2. तकनीकी लोगों को **लेखन संबंधी** कार्य करने में दिक्कत होती है। |
| 145 | clerical error | (n) - 1. **लेखन-अशुद्धि**, लिखाई | 1. There was nothing wrong with the draft, just some **clerical errors. 2.** | 1. मसौदा ठीक था, केवल कुछ **लेखन-अशुद्धि** थी। 2. आवेदकों को |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | की भूल, लेखन त्रुटि 2. **लिपिकीय भूल** | The applicants suffered due to **clerical errors**. | **लिपिकीय भूल** की वजह से भुगतना पड़ा। |
| 146 | clerical staff | (n) - लिपिक वर्ग | The **clerical staff** is entitled to travel by AC III. | **लिपिक वर्ग** के कर्मचारी एसी - III में यात्रा के हकदार हैं। |
| 147 | clerk | (n) - लिपिक, क्लर्क, **बाबू, मुंशी** | He is appointed to the post of **clerk** in this ministry. | उसे इस मंत्रालय में **लिपिक** के पद पर नियुक्त किया जाता है। |
| 148 | clinic | (n) - क्लिनिक, निदानालय | The official needs prior approval of the office for treatment in a private **clinic**. | कर्मचारी को निजी **क्लिनिक** में इलाज के लिए कार्यालय के पूर्वानुमोदन की आवश्यकता है। |
| 149 | cloak room | (n) - क्लॉक रूम, अमानती सामानघर | The passengers may keep their luggage in the **cloak room**. | यात्री अपना सामान **क्लॉक रूम** में रख सकते हैं। |
| 150 | close | (n) - 1. समाप्ति (adj) - 2. नज़दीक, घनिष्ठ, समीप, निकट (v.) - 2. समाप्त करना | 1. The report is to be submitted at the **close** of the month. 2. **Close** relationship between boss and subordinate is always good for any organization. 3. Instructions have been issued to **close** the ceremony by 5 PM. | 1. रिपोर्ट माह की **समाप्ति** पर प्रस्तुत की जानी है। 2. किसी भी संगठन में वरिष्ठ एवं अधीनस्थों के बीच **घनिष्ठ** संबंध सदा लाभकारी होते हैं। 3. समारोह को सायं 5 बजे तक **समाप्त करने** के निर्देश दिए गए हैं। |
| 151 | closing balance | (n) - रोकड़ बाक़ी, अंत शेष | The Account officer verifies the record of **closing balance** of the day physically. | लेखाधिकारी दिन के **अंत शेष** का प्रत्यक्ष सत्यापन करता है। |
| 152 | closure | (n) - समापन, समाप्ति* | The unspent balance is returned at the **closure** of the financial year. | वित्तीय वर्ष की **समाप्ति** पर बिना खर्च हुई राशि वापस कर दी जाती है। |
| 153 | clue | (n) - सुराग, सूत्र, संकेत | The police have got the **clue** of the case. | पुलिस को मामले का **सुराग** मिल गया है। |
| 154 | co | (n) - सह | The lecturers are the **co-**examiners in the Bachelor examinations. | स्नातक परीक्षा में व्याख्याता **सह-**परीक्षक होते हैं। |
| 155 | co-accused | (n) - सह-अभियुक्त | The **co-accused** of the crime has been arrested. | अपराध के **सह-अभियुक्त** को गिरफ्तार कर लिया गया है। |
| 156 | coalition government | (n) - गठबंधन सरकार | Since no party obtained the majority, a **coalition government** was formed. | किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला इसलिए **गठबंधन सरकार** बनाई गई। |
| 157 | code | (n) - 1. | 1. **Code** of conduct should | 1. उम्मीदवारों द्वारा चुनाव के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | संहिता* 2. कूट, संकेत, कोड | be followed by candidates during elections. 2. The new employees were given a copy of the company **code**. 3. Security agencies use **code** for their internal communication. | दौरान आचार **संहिता** का पालन किया जाना चाहिए। 2. नए कर्मचारियों को कंपनी की **नियम-संहिता** की प्रति दी गई। 3. सुरक्षा एजेन्सियां आपसी सम्प्रेषण में **कूट संकेत** का प्रयोग करती हैं। |
| 158 | code of conduct | आचार संहिता | All employees must abide by the **code of conduct** of the company. | सभी कर्मचारियों को कंपनी की **आचार संहिता** का पालन करना चाहिए। |
| 159 | co-education | (n) - सह-शिक्षा | The school provides **co-education**. | विद्यालय **सह-शिक्षा** प्रदान करता है। |
| 160 | co-existence | (n) - सह-अस्तित्व | India believes in the policy of peace and **co-existence.** | भारत शांति और **सह-अस्तित्व** की नीति में विश्वास करता है। |
| 161 | cognizable offence | (n) - संज्ञेय अपराध | Destroying public property is a **cognizable offence**. | सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना **संज्ञेय अपराध** है। |
| 162 | cognizance | (n) - 1. **जानकारी**, संज्ञान 2. ध्यान | 1. The administration failed to take **cognizance** of their protest. 2. **Cognizance** of all the facts is necessary before a judgment is made. 3. The committee has **cognizance** of all matters relating to appropriations and the budgets. | 1. प्रशासन ने उनके विरोध को **संज्ञान** में नहीं लिया। 2. निर्णय लेने से पहले सभी तथ्यों को **जानकारी** में लेना आवश्यक है। 3. विनियोजन और बजट से संबंधित सभी मामले समिति के **ध्यान** में है । |
| 163 | co-heir | (n) - सह-वारिस, सह-मालिक | There are many **co-heirs** of the Royal property. | शाही संपत्ति के कई **सह-वारिस** हैं। |
| 164 | cold war | (n) - शीत युद्ध | The cold war between USSR & USA ended in 1991 with the disintegration of Soviet Union. | यूएसएसआर और अमेरिका के बीच शीत युद्ध 1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ समाप्त हुआ। |
| 165 | collaboration | (n) - सहयोग, संग्रह | The exhibition was organized with the collaboration of many companies. | प्रदर्शनी का आयोजन अनेक कम्पनियों के सहयोग से किया गया। |
| 166 | collection charges | (n) - संग्रह प्रभार, संग्रहण प्रभार | The credit card company levies collection charges for payments collected from home or office. | क्रेडिट कार्ड कंपनी घर या दफ्तर से लिए गए भुगतान पर संग्रह प्रभार लगाती है। |
| 167 | collective | (adj) - 1. | 1. Collective savings are | 1. सामूहिक बचत का उपयोग |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सामूहिक 2. समूह | used by the Government for funding development projects. 2. Collective farming in India has not received a good response. | सरकार द्वारा विकास योजनाओं के लिए निधि प्रदान करने में किया जाता है। 2. भारत में समूह कृषि को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। |
| 168 | collectorate | (n) - कलक्टर का कार्यालय, कलक्टरी, समाहरणालय | Land documents can be collected from the collectorate. | कलक्टर के कार्यालय से जमीन के दस्तावेज प्राप्त किए जा सकते हैं। |
| 169 | colony | (n) - 1. बस्ती*, कॉलोनी 2. उपनिवेश | India was a British colony. | भारत एक ब्रिटिश उपनिवेश था। |
| 170 | combing operation | (n) - चप्पा-चप्पा खोज, सघन खोज अभियान | The special task force launched a combing operation in search of the militants. | आतंकियों को ढूंढने के लिए विशेष कार्य बल ने सघन खोज अभियान चलाया । |
| 171 | command | (n) - 1. कमांड, कमान, 2. आज्ञा*, आदेश 3. समादेश | 1. Soldiers of the Northern Command are engaged in flood relief work in Bihar.2. Officer's command must be obeyed. | 1. सेना के उत्तरी कमांड के जवान बिहार में बाढ़ पीड़ितों के राहत कार्य में जुटे हैं। 2. अधिकारी की आज्ञा का अवश्य पालन होना चाहिए। |
| 172 | commemorative lecture | (n) - स्मृति भाषण, स्मृति व्याख्यान, स्मारक व्याख्यान | Agyeya commemorative lecture was delivered by the Vice President of India. | अज्ञेय स्मृति भाषण माननीय उपराष्ट्रपति जी द्वारा दिया गया। |
| 173 | commencement | (n) - आरंभ, प्रारंभ, | The commencement of today's festivities will take place in one hour. | आज के उत्सव का आरंभ एक घंटे में होगी। |
| 174 | commendable | (adj) - प्रशंसनीय, सराहनीय | The teachers have done a commendable job in teaching the poor students. | गरीब छात्रों को पढ़ाने में शिक्षकों ने प्रशंसनीय कार्य किया है। |
| 175 | comment | (n) - टिप्पणी | Derogatory comments were expunged from the record of the proceedings of the house. | अपमानजनक टिप्पणियां सदन के रिकार्ड से निकाल दी गईं। |
| 176 | commercial | (adj) - वाणिज्य, वाणिज्यिक | Commercial accounts are regularly audited at a regular interval. | वाणिज्यिक लेखों की एक नियमित अंतराल पर नियमित रूप से लेखा परीक्षा की जाती हैं। |
| 177 | commission | (n) - 1. आयोग | 1. The Election | 1. निर्वाचन आयोग ने चार राज्यों |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. कमीशन 3. आढ़त | Commission has announced elections in four states. 2. An insurance agent gets commission for the insurance sold by him. 3. In the majority of the agricultural markets, the commission fee is taken from buyers rather than farmers. | में चुनाव की घोषणा की है। 2. बीमा एजेंट को उसके द्वारा किए गए बीमा पर कमीशन मिलता है। 3. देश की ज्यादातर मंडियों में आढ़त शुल्क किसानों के बजाय खरीदारों से लिया जाता है। |
| 178 | commissioning | (n) - प्रवर्तन में लाना, चालू करना | Commissioning of the project is scheduled for the next year. | परियोजना को अगले वर्ष से चालू किया जाएगा। |
| 179 | commit | (v) - 1. वचनबद्ध होना 2. रखना, प्रतिबद्ध होना | 1. Don't commit anything over phone on this issue. 2. The Government of India is committed to peace. 3. The department has not committed any money in this year budget for this project. | 1. इस मामले में फोन पर कोई वादा न करें। 2. भारत सरकार शांति के लिए वचनबद्ध है। 3. विभाग इस परियोजना के लिए इस वर्ष के बजट में किसी धनराशि का प्रावधान नहीं किया है। |
| 180 | committee | (n) –समिति * | The government has appointed a committee to look into the progress of the Metro project in the city. | सरकार ने शहर में मेट्रो योजना की प्रगति की जाँच के लिए एक समिति नियुक्त की है। |
| 181 | commodity | (n) - माल, सामान, पण्य, वस्तु, | 1. After the flood, the government took measures to fulfill the shortage of essential commodities in the state. 2. Agriculture commodities can be bought from this market. | 1. बाढ़ के बाद राज्य में आवश्यक वस्तुओं की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने कदम उठाए। 2. कृषि का सामान इस बाजार से खरीदा जा सकता है। |
| 182 | common interest | (n) - जन हित, लोक हित, सार्वजनिक हित, सामान्य हित, आम हित | 1. The Government has taken these measures in common interest. 2. Department commenced the scheme in the common interest of employees. | 1. सरकार ने यह उपाय जनहित में उठाए हैं। 2. विभाग ने कर्मचारियों के आम हित में यह योजना प्रारंभ की। |
| 183 | common law | (n) - लोक विधि, निर्णयज विधि | Law in most of the British Common wealth countries is based on English common law. | अधिकांश ब्रिटिश राष्ट्रमंडल देशों में कानून अंग्रेजी लोक विधि पर आधारित है। |
| 184 | common | (n) - साझा | Common market is shared | साझा बाजार में अनेक सहभागी |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | market | बाजार | by multiple participants. | सदस्य होते हैं। |
| 87. | journal | (n) – 1. दैनिकी*, रोजनामचा 2. पत्रिका*, जरनल | 1. For nearly three months the search team had been keeping a **journal** of its travels. 2. All the results are published in the departmental **journal**. | 1. लगभग तीन महीनों तक खोज टीम अपनी यात्रा की **रोजनामचा** रख रही थी। 2. सभी परिणाम विभागीय **पत्रिका** में प्रकाशित किए जाते हैं। |
| 88. | journalism | (n) – **पत्रकारिता*** | The company has been the target of investigative **journalism**. | कंपनी खोजी **पत्रकारिता** के निशाने पर रही है। |
| 89. | journalist | (n) - पत्रकार | Two **journalists** have been reported missing from the valley. | घाटी से दो **पत्रकारों** के लापता होने की सूचना मिली है। |
| 90. | journey | (n) – 1. यात्रा* (v) - 2. **यात्रा करना** | 1. The bill should be submitted within one month from the date of return **journey**. 2. The ship **journeyed** for three months. | 1. बिल वापसी **यात्रा** की तारीख से एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। 2. जहाज ने तीन महीने तक **यात्रा की**। |
| 91. | journey time | (n) - यात्रा समय | The **journey time** | फार्म में **यात्रा-समय** का उल्लेख |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | should be mentioned in the form. | किया जाना चाहिए। |
| 92. | jubilee | (n) – जयंती* | The institution is celebrating its golden **jubilee**. | संस्थान अपनी स्वर्ण **जयंती** मना रहा है। |
| 93. | judge | (n) –1. **न्यायाधीश** 2. **निर्णायक** (v) –3. **आकलन करना** 4. **अनुमान लगाना** 5. **निर्णय देना**, **निर्णय करना** | 1. The **judge** sentenced the accused to two months in prison. 2. The **judges'** decision is final in this regard. 3. The tour was **judged** to have been a great success. 4. It's difficult to **judge** how long the journey will take. 5. The officer was asked to **judge** the debate competition. | 1. **न्यायाधीश** ने अभियुक्त को दो महीने कारावास की सजा सुनाई। 2. इस संबंध में **निर्णायकों** का निर्णय अंतिम है। 3. दौरे का एक बड़ी सफलता के रूप में **आकलन किया** गया। 4. यह **अनुमान लगाना** मुश्किल है कि इस यात्रा में कितना समय लगेगा। 5. अधिकारी को वाद-विवाद प्रतियोगिता का **निर्णय करने** के लिए कहा गया था। |
| 94. | judgement | (n) - 1. निर्णय 2. **मत**, **राय*** | 1. The **judgement** will be given tomorrow. 2. The spokesperson has refused to make a **judgement** about the situation. | 1. **निर्णय** कल सुनाया जाएगा। 2. प्रवक्ता ने स्थिति के बारे में कोई **राय** देने से मना कर दिया है। |
| 95. | judicial | (adj) - न्यायिक, अदालती | The office would like to go through proper **judicial** procedures in this matter. | कार्यालय इस मामले में उचित **न्यायिक** प्रक्रिया अपनाना चाहता है। |
| 96. | judicial activism | (n) - न्यायिक सक्रियता* | ***Judicial activism*** earned a human face in *India* by liberalizing access to justice. | न्याय तक सबकी पहुंच सुगम करने के माध्यम से भारत में **न्यायिक सक्रियता** को मानवीय चेहरा मिला। |
| 97. | judicial authority | (n) - 1. न्यायिक प्राधिकारी 2. न्यायिक प्राधिकार | 1. A consultation with a **judicial authority** will be appropriate in this case. 2. The question is subject to judicial authority. | 1. इस मामले में किसी **न्यायिक प्राधिकारी** के साथ परामर्श करना उचित होगा। 2. यह प्रश्न न्यायिक प्राधिकार के अधीन है। |
| 98. | judicial custody | (n) - न्यायिक हिरासत | The accused has been sent to two days **judicial custody**. | अभियुक्त को दो दिन की **न्यायिक हिरासत** में भेजा गया है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 99. | judicial inquiry | (n) - न्यायिक जांच*, अदालती जांच* | The Supreme Court ordered a **judicial inquiry** into the deaths in police custody. | उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों की **न्यायिक जांच** का आदेश दिया। |
| 100. | judicial lockup | (n) - न्यायिक हवालात | The Judge has sent the accused to the **judicial lockup**. | न्यायाधीश ने अभियुक्त को **न्यायिक हवालात** में भेजा है। |
| 101. | judicial notice | (n) - न्यायिक अवेक्षा | Facts for which a court will take ***judicial notice*** are specified in Section 57. | धारा 57 में ऐसे तथ्य निर्दिष्ट हैं जिसके लिए अदालत **न्यायिक अवेक्षा** लेगा। |
| 102. | judicial power | (n) - न्यायिक शक्ति* | The Governor enjoys certain ***judicial powers***. | राज्यपाल को निर्दिष्ट **न्यायिक शक्तियां** प्राप्त हैं। |
| 103. | judicial process | (n) - न्यायिक प्रकिया* | The employee's guilt or innocence will be decided by the **judicial process**. | कर्मचारी के दोषी या निर्दोष होने के संबंध में **न्यायिक प्रक्रिया** द्वारा निर्णय लिया जाएगा। |
| 104. | judicial restraint | (n) - **न्यायिक नियंत्रण**, **न्यायिक संयम** | The members have expressed different views about the practice of ***judicial restraint***. | सदस्यों ने **न्यायिक संयम** बरतने के बारे में अलग-अलग विचार व्यक्त किया है। |
| 105. | judicial review | (n) - **न्यायिक समीक्षा*** | A judicial review has been sought for in this regard. | इस संबंध में **न्यायिक समीक्षा** की मांग की गई है। |
| 106. | judicial separation | (n) - न्यायिक अलगाव | The wife of the employee has presented a petition praying for a decree of ***judicial separation***. | कर्मचारी की पत्नी ने **न्यायिक अलगाव** की डिक्री के लिए याचिका प्रस्तुत की है। |
| 107. | judicial service | (n) - न्यायिक सेवा* | Union Public Service Commission has invited applications for recruitment to 64 vacant posts in ***Judicial Services.*** | संघ लोक सेवा आयोग ने **न्यायिक सेवा** में 64 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। |
| 108. | judicial system | (n) - **न्यायिक प्रणाली*** | In *India*, we have an independent and integrated ***judicial system***. | भारत में, हमारे पास स्वतंत्र और एकीकृत **न्यायिक प्रणाली** है। |
| 109. | judiciary | (n) – न्यायपालिका* | There are various levels of **judiciary** in India. | भारत में **न्यायपालिका** के विभिन्न स्तर हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 110. | judicious | (adj) – 1. **विवेकपूर्ण**, विवेकसम्मत 2. न्यायसम्मत | It would be **judicious** to complete the project within the given time-frame. | निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस परियोजना को पूरा करना **विवेकपूर्ण** होगा। |
| 111. | judiciously | (adv) – **विवेकपूर्ण तरीके से** | The chemical fertilisers should be used **judiciously** to maintain the quality of soil. | मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का **विवेकपूर्ण तरीके से** उपयोग किया जाना चाहिए। |
| 112. | junction | (n) – **संगम**, **जंक्शन** | The venue of the programme is near the **junction** of the Ashoka Road and the Parliament Street. | कार्यक्रम का आयोजन स्थल, अशोक रोड और संसद मार्ग के **संगम** के पास स्थित है। |
| 113. | juncture | (n) - **मोड़** | The debate has reached a crucial **juncture**. | बहस एक महत्वपूर्ण **मोड़** पर पहुंच गई है। |
| 114. | junior | (n) – 1. (पदनाम) कनिष्ठ 2. (वेतनमान आदि) अवर | 1. The candidate has joined as **Junior** Translator in the CSOLS. 2. The amendment proposal in **junior** scale is under consideration | 1. उम्मीदवार ने केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में **कनिष्ठ** अनुवादक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। 2. **अवर**-वेतनमान में संशोधन के प्रस्ताव विचाराधीन है। |
| 115. | junior administrative grade | (n) - कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड | The ISTM conducts various training programmes for the officers of **junior administrative grade**. | आईएसटीएम **कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड** के अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। |
| 116. | Junior Commissioned Officer (JCO) | (n) - जूनियर कमीशन्ड अफसर | Ten **Junior Commissioned Officers** have been posted in the regiment. | रेजिमेंट में दस **जूनियर कमीशंड अफसर** तैनात किए गए हैं। |
| 117. | junior clerk | (n) - कनिष्ठ लिपिक | The **junior clerks** may be posted in the typing pool. | **कनिष्ठ लिपिकों** को टंकण अनुभाग में तैनात किया जाए। |
| 118. | junior grade | (n) - कनिष्ठ ग्रेड | The **junior grade** officers have been deputed for training. | **कनिष्ठ ग्रेड** अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। |
| 119. | junior in rank | (n) - ओहदे में कनिष्ठ | Being **junior in rank**, the employee has been transferred to the branch office. | **ओहदे में कनिष्ठ** होने के कारण, कर्मचारी को शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। |
| 120. | juniority | (n) – कनिष्ठता* | The **juniority** has | सेवा में कार्यग्रहण के आधार पर |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | been decided on the basis of joining in the service by the employee concerned. | संबंधित कर्मचारी की **कनिष्ठता** के बारे में निर्णय लिया गया है। |
| 121. | junior library | (n) - बाल पुस्तकालय | Books have been purchased for the **junior library**. | **बाल पुस्तकालय** के लिए पुस्तकें खरीदी गई हैं। |
| 122. | junior most | (adj) - कनिष्ठतम | The **junior most** officer has been posted in the administration section. | प्रशासन अनुभाग में **कनिष्ठतम** अधिकारी को तैनात किया गया है। |
| 123. | junior scale | (n) - अवर वेतनमान, कनिष्ठ वेतनमान | The proposal for merging the **junior scales** is under consideration. | **कनिष्ठ वेतनमानों** के विलय का प्रस्ताव विचाराधीन है। |
| 124. | jurisdiction | (n) - **अधिकार क्षेत्र**, **क्षेत्राधिकार**, अधिकारिता* | The matter does not come under the **jurisdiction** of this office. | यह मामला इस कार्यालय के **अधिकार क्षेत्र** में नहीं आता है। |
| 125. | jurisprudence | (n) – **न्यायशास्त्र**, **विधिशास्त्र** | The committee has emphasized for a need of certain changes in the modern **jurisprudence**. | समिति ने आधुनिक **न्यायशास्त्र** में कुछ परिवर्तन की जरूरत पर बल दिया है। |
| 126. | jurist | (n) - विधिवेत्ता | The Lower Court **Jurist** said the boy will have a hearing in Juvenile Court. | निचली अदालत के **विधिवेत्ता** ने कहा कि लड़के की सुनवाई किशोर न्यायालय में होगी। |
| 127. | jury | (n) - **निर्णायक मंडल**, जूरी* | There was a consensus among the members of the **jury** in this matter. | इस मामले में, **निर्णायक मंडल** के सदस्यों के बीच आम सहमति थी। |
| 128. | just | (adj) – 1. **न्यायसंगत**, उचित (adv) – 2. **केवल**, **सिर्फ**, **मात्र** | 1. It was a **just** decision. 2. It was **just** an ordinary case. | 1. यह **न्यायसंगत** निर्णय था। 2. यह **केवल** एक साधारण मामला था। |
| 129. | justice | (n) - 1. न्याय 2. न्यायमूर्ति | 1. The workers are demanding equal rights and **justice**. 2. Justice R. M. Lodha, the senior most judge of the Supreme Court, was sworn in as the 41st *Chief* | 1. श्रमिक समान अधिकार और **न्याय** की मांग कर रहे हैं। 2. उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, **न्यायमूर्ति** आर.एम. लोढ़ा ने भारत के 41 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | ***Justice** of India.* | |
| 130. | justiciable | (adj) - न्याय, न्याय के विचार योग्य | This case of inter-se-seniority is a **justiciable** dispute. | परस्पर-वरिष्ठता का यह मामला **न्याय** के विचार योग्य विवाद है। |
| 131. | justifiable | (adj) – 1. **उचित**, न्यायोचित 2. समर्थनीय | The proposal of the austerity measures is **justifiable** on the grounds of financial necessity. | मितव्ययिता उपायों का प्रस्ताव वित्तीय आवश्यकता के आधार पर **उचित** है। |
| 132. | justification | (n) - **औचित्य** | There is no **justification** for such misrepresentation. | इस तरह की गलत बयानी का कोई **औचित्य** नहीं है। |
| 133. | justified | (adj) – **न्यायसंगत**, **न्यायोचित** | The report contains self-explanatory and **justified** facts. | रिपोर्ट में स्वतःस्पष्ट और **न्यायसंगत** तथ्य हैं। |
| 134. | juvenile | (n) - किशोर | **Juvenile** and minor in legal terms are used in different context. | कानूनी दृष्टि से '**किशोर**' और 'नाबालिग' शब्द अलग संदर्भ में प्रयोग किए जाते हैं। |
| 135. | juvenile convict | (n) - **दोषी किशोर**, सिद्धदोष किशोर | The **juvenile convict** has been sentenced to three years at a reform centre. | **दोषी किशोर** को तीन साल के लिए सुधार केंद्र में रखने की सजा सुनाई गई है। |
| 136. | juvenile court | (n) - किशोर न्यायालय | The ***juvenile court*** today found the youngest accused guilty of rape and murder. | **किशोर न्यायालय** ने सबसे कम उम्र के आरोपी को बलात्कार और हत्या का दोषी पाया। |
| 137. | juvenile delinquency | (n) - **किशोर अपराध**, किशोर अपचारिता* | **Juvenile delinquency** is a big breading centre of criminals. | **किशोर अपराध** से ही आगे चलकर बड़े अपराधी पैदा होते हैं। |
| 138. | juvenile offender | (n) - किशोर अपराधी | The number of **juvenile offenders** in the city registered a jump in this year. | इस वर्ष, शहर में **किशोर अपराधियों** की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई। |

# K

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | kangaroo court | (n) - **जन अदालत** | The **kangaroo court** of the extremist group convicted the hostages and killed them. | उग्रवादी संगठन की **जन अदालत** ने बंधकों को दोषी ठहराया और उन्हें मार डाला। |
| 2. | keen | (adj) - 1. उत्सुक 2. **प्रतिस्पर्धी** 3. **कड़ा, सख्त** 4. **कुशाग्र, तीक्ष्ण** बुद्धि 5. अत्यधिक, **प्रबल** | 1. The government is **keen** for peace talks to start again. 2. The company hopes its **keen** pricing policy will increase sales. 3. There is expected to be a **keen** fight in the local elections. 4. The scientist is a man of **keen** intellect. 5. The economist has been a **keen** supporter of the open economy. | 1. सरकार फिर से शांति वार्ता शुरू करने के लिए **उत्सुक** है। 2. कंपनी को आशा है कि उसकी **प्रतिस्पर्धी** मूल्य निर्धारण नीति के कारण बिक्री में वृद्धि होगी। 3. स्थानीय चुनावों में **कड़ा** मुकाबला होने की आशा है। 4. वैज्ञानिक **कुशाग्र** हैं। 5. अर्थशास्त्री खुली अर्थव्यवस्था के **प्रबल** समर्थक रहे हैं। |
| 3. | Keep (away, from) | (v) - 1.**पूरा करना, निबाहना** 2. **रखना** 3. **तैयार करना** 4. **संभालकर रखना** 5. **ध्यान रखना पालन करना** 6. **बनाए रखना** 7. **वापस लौटाना** | 1. The supplier has failed to **keep** the deadline for supply. 2. **Keep** the files in a safe place. 3. **Keep** a record of the meeting. 4. The library decided to **keep** the old books instead of selling them. 5. **Keep** to the speed limits. 6. Costs must be **kept** to a minimum. 7. The police put up barriers to **keep** the crowds back. | 1. आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय-सीमा में आपूर्ति **पूरा करने** में नाकाम हुआ है। 2. फ़ाइलें किसी सुरक्षित जगह में **रखें**। 3. बैठक का रिकॉर्ड **तैयार करें।** 4. पुस्तकालय ने पुरानी किताबें बेचने की बजाय **संभालकर रखने** का फैसला किया। 5. गति सीमा का **ध्यान रखें**। 6. लागत को कम से कम **बनाए रखनी** चाहिए। 7. पुलिस ने भीड़ को **वापस लौटाने** के लिए अवरोध लगाया। |
| 4. | keep-out pricing | (n) - **लागत से कम मूल्य निर्धारण** | The **keep-out pricing** by the large companies is harmful for smaller competitors. | बड़ी कंपनियों द्वारा **लागत से कम मूल्य निर्धारण** छोटे प्रतियोगियों के लिए हानिकारक है। |
| 5. | keeper | (n) - **रक्षक** | Only the **keeper** was allowed in the animal cages. | पशु के पिंजड़ों में केवल **उनके रक्षक** को जाने की अनुमति है। |
| 6. | keeping | (n)-1. **देख-रेख, देख-** | 1. The office left the | 1. कार्यालय ने स्टाफ-कार की **देख-** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **भाल** 2. **अनुरक्षण, रख-रखाव** 3. **भरण-पोषण** 4. **अधिकार** | staff car in the caretaker's **keeping**. 2. The office building is in good keeping. 3. The orphanage has been paid for the children's **keeping**. 4. The office entrusted the warden's **keeping** for the hostel. | **रेख** का काम केयरटेकर को सौंपा है। 2. कार्यालय भवन का **रख-रखाव** अच्छा है। 3. बच्चों के **भरण-पोषण** के लिए अनाथालय को धन दिया गया है। 4. कार्यालय ने हॉस्टल को वार्डन के **अधिकार** में सौंपा। |
| 7. | keepsake | (n) - **निशानी**, **स्मृति-चिह्न** | The office has kept the Rajbhasha Shield as a **keepsake** of its achievement. | कार्यालय ने अपनी उपलब्धि के **स्मृति-चिह्न** के रूप में राजभाषा शील्ड रखी है। |
| 8. | kernel | (n) - **सार** | The **kernel** of the message is that peace process should not be disrupted. | संदेश का **सार** यह है कि शांति प्रक्रिया को बाधित नहीं किया जाना चाहिए। |
| 9. | key | (n) - 1. कुंजी 2. **उपाय** 3. **महत्वपूर्ण (बात)** (adj) - 4. आधारभूत, मूल 5. मुख्य (v) - 6. **परिवर्तन करना** 7. **घटना-बढ़ना** | 1. Press the 'ESCAPE' **key** to exit from a programme. 2. The economic support is the **key** to the success of the project. 3. The **key** is, how long can the Reserve Bank control the inflation rate? 4. The cabinet has made some **key** changes in the export policy. 5. The **key** person of the rescue team is responsible for this event. 6. The daycare hours of the crèche are **keyed** to the needs of working parents. 7. Industrial Dearness Allowance is **keyed** to the rate of inflation. | 1. किसी प्रोग्राम से बाहर निकलने के लिए 'ESCAPE' **कुंजी** दबाएं। 2. आर्थिक सहायता इस परियोजना की सफलता का **उपाय** है। 3. **महत्वपूर्ण बात** यह है कि केंद्रीय बैंक कब तक मुद्रास्फीति की दर को नियंत्रित कर पाता है? 4. मंत्रिमंडल ने निर्यात नीति में कुछ **आधारभूत** परिवर्तन किए हैं। 5. इस घटना के लिए बचाव दल का **मुख्य** व्यक्ति जिम्मेदार है। 6. शिशु सदन के कार्य-समय में कामकाजी माता-पिता की जरूरतों के अनुसार **परिवर्तन किए जाते हैं**। 7. औद्योगिक महंगाई भत्ता मुद्रास्फीति की दर के अनुसार **घटता-बढ़ता** है। |
| 10. | keyhole journalism | (n) - क्षुद्र **पत्रकारिता**, ताक-झाक पत्रकारिता | The hospital has been the target of **keyhole journalism**. | अस्पताल को **क्षुद्र पत्रकारिता** का निशाना बनाया गया है। |
| 11. | key industry | (n) - **बुनियादी उद्योग**, आधारभूत उद्योग | We need to develop **key industries** in rural areas too. | हमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी **बुनियादी उद्योगों** को विकसित करने की जरूरत है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12. | key map | (n) - मूल नक्शा | The **key map** of the town planning is being reviewed by the expert committee. | विशेषज्ञ समिति नगर योजना के **मूल नक्शे** की समीक्षा कर रही है। |
| 13. | keynote | (v) - **बीज वक्तव्य** | The event is usually **keynoted** by the Director General. | सामान्यत: इस अवसर पर महानिदेशक **बीज वक्तव्य** देते हैं। |
| 14. | keynote address | (n) - **बीज भाषण**, आधार व्याख्यान | In his **keynote address**, the Chairman emphasized on the need for a dynamic work culture in the organization. | अध्यक्ष ने अपने **बीज भाषण** में, संगठन में गतिशील कार्य संस्कृति की आवश्यकता पर बल दिया। |
| 15. | keynote speaker | (n) - **मुख्य वक्ता** | The **keynote speaker** elaborated the theme of the seminar. | **मुख्य वक्ता** ने संगोष्ठी की विषय-वस्तु को सविस्तार प्रस्तुत किया। |
| 16. | key personnel | (n) - **मुख्य कार्मिक** | Being **key personnel** of the project, the officer always helped others. | परियोजना में **मुख्य कार्मिक** होने के नाते, अधिकारी ने हमेशा दूसरों की मदद की। |
| 17. | key plan | (n) - **मुख्य योजना** | The **key plan** of the company is to reduce the production costs. | कंपनी की **मुख्य योजना** उत्पादन लागत कम करना है। |
| 18. | key post | (n) - मुख्य पद | Despite holding the **key-post** in the organization, the officer never used the staff car. | संगठन में मुख्य पद पर होते हुए भी अधिकारी ने स्टाफ कार का कभी उपयोग नहीं किया। |
| 19. | key role | (n) - **मुख्य भूमिका** | UNO played the **key role** in reaching the peace agreement. | संयुक्त राष्ट्र संघ ने शांति समझौते पर पहुंचने में **मुख्य भूमिका** निभाई। |
| 20. | key stone | (n) - **मूल आधार, मूल तत्व** | Keeping inflation low should be the **keystone** of the economic policy. | मुद्रास्फीति को कम रखना आर्थिक नीति का **मूल आधार** होना चाहिए। |
| 21. | key witness | (n) - **मुख्य गवाह** | The police officer is expected to be the **key witness** at the trial. | मुकदमे में पुलिस अधिकारी के **मुख्य गवाह** होने की आशा है। |
| 22. | keyword | (n) - **संकेत-शब्द**, **मुख्य शब्द** | One can find the site by entering the **keyword**. | कोई व्यक्ति **संकेत-शब्द** प्रविष्ट करके साइट पर जा सकता हैं। |
| 23. | kickback | (n) - **रिश्वत**, उत्कोच, **घूस** | The officer was accused of receiving a **kickback** from the supplier company. | अधिकारी पर आपूर्तिकर्ता कंपनी से **रिश्वत** लेने का आरोप लगाया गया था। |
| 24. | kick start | (v) - **तेज़ी लाना** | The attempt to **kick-start** the economy | अर्थव्यवस्था में **तेज़ी लाने** का |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | has failed. | प्रयास विफल हो गया है। |
| 25. | kidnap | (v) - **अपहरण करना** | Two tourists have been **kidnapped** by the terrorists. | आतंकवादियों ने दो पर्यटकों का **अपहरण किया** है। |
| 26. | kidnapper | (n)- **अपहरणकर्ता, अपहर्त्ता** | The **kidnappers** are demanding a ransom of Rs.10 lac. | **अपहरणकर्ता** 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग कर रहे हैं। |
| 27. | kidnapping | (n) - **अपहरण**, व्यपहरण | Two youngsters have been arrested and charged with **kidnapping**. | दो युवाओं को गिरफ्तार किया गया है और उन पर **अपहरण** का आरोप लगाया गया है। |
| 28. | kind | (n) - 1. **प्रकार 2. वस्तु** (adj) - 3. **उदार, दयालु** 4. **हितकर, अच्छा** | 1. This **kind** of question often rises in the discussion. 2. Donation is also accepted in **kind**. 3. He is a very **kind** and helpful officer. 4. His **kind** deed will be remembered for ever. | 1. इस **प्रकार** का सवाल चर्चा में अक्सर उठता है। 2. **वस्तु** के रूप में भी दान स्वीकार किया जाता है। 3. वे बहुत **दयालु** और मददगार अधिकारी हैं। 4. उनके **अच्छे** कार्य को हमेशा याद किया जाएगा। |
| 29. | kindly | (adj) - 1. **अनुकूल, उदार** (adv) - 2. **कृपया** | 1. The officer has adopted a **kindly** approach to the problem. 2. **Kindly** look into this matter and do a needful. | 1. अधिकारी ने समस्या के प्रति **अनुकूल** दृष्टिकोण अपनाया है। 2. **कृपया** इस मामले को देखें और आवश्यक कार्रवाई करें। |
| 30. | king | (n) - **नरेश, राजा** | The **King** of Bhutan was the chief guest of the Republic Day Parade. | भूटान **नरेश** गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। |
| 31. | kingdom | (n) - 1. **जगत** 2. **राज्य** | 1. According to a study, the food cycle of the animal **kingdom** has been affected by the deforestation. 2. The **kingdom** has witnessed several democratic movements. | 1. एक अध्ययन के अनुसार, वनों की कटाई से प्राणि **जगत** का भोजन चक्र प्रभावित हुआ है। 2. **राज्य** कई लोकतांत्रिक आंदोलनों का गवाह रहा है। |
| 32. | king pin | (n) - 1. **मुख्य स्तंभ** 2. **सरगना** | 1. He is the **kingpin** of the whole team. 2. A mafia **kingpin** has been arrested. | 1. वह पूरी टीम का **मुख्य स्तंभ** है। 2. एक माफिया **सरगना** को गिरफ्तार किया गया है। |
| 33. | kit | (n) - **किट***, **उपकरण समूह** | The trainees prepared their **kits** for inspection. | प्रशिक्षार्थियों ने निरीक्षण के लिए अपनी-अपनी **किट** तैयार कीं। |
| 34. | kite | (v) - 1. **जालसाज़ी करना** 2. **तेजी से** | 1. The offender **kited** many cheques. 2. The | 1. अपराधी ने कई चेकों की **जालसाज़ी की**। 2. वस्तुओं की |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **बढ़ना** 3. **बहुत ऊँची उड़ान भरना** | prices of commodities continue to **kite**. 3. The trainee pilot **kited** for a long time. | कीमतें **तेजी से बढ़ रही** हैं। 3. प्रशिक्षु पायलट ने लंबे समय तक **बहुत ऊँची उड़ान भरी**। |
| 35. | kith and kin | (n) - निकट संबंधी | Such an officer may not be a member of the interview board whose **kith and kin** is a candidate. | ऐसे अधिकारी साक्षात्कार बोर्ड का सदस्य नहीं हो सकते हैं जिनका कोई **निकट संबंधी** उम्मीदवार हो। |
| 36. | know-how | (n) - तकनीकी जानकारी | No other company had the technical **know-how** to deal with such type of industrial disaster. | किसी अन्य कंपनी के पास इस प्रकार की औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए **तकनीकी जानकारी** नहीं थी। |
| 37. | knowingly | (adv) - जानबूझकर | The employee was accused of **knowingly** submission of a false certificate to the office. | कर्मचारी पर **जानबूझकर** कार्यालय को झूठे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया था। |
| 38. | knowledge | (n) - 1. **ज्ञान** 2. **जानकारी** | 1. There will be a paper on General **Knowledge** in the entrance examination. 2. The employee acted with the full **knowledge** of his superiors. | 1. प्रवेश परीक्षा में सामान्य **ज्ञान** का एक प्रश्नपत्र होगा। 2. कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की पूरी **जानकारी** में कार्य किया। |
| 39. | knowledge base | (n) - **ज्ञान-आधार** | The **knowledge base** needs to be broadened before further edition of the manual. | नियम- पुस्तक के अगले संस्करण से पहले **ज्ञान-आधार** को व्यापक बनाने की आवश्यकता है। |
| 40. | knowledge level | (n) - **ज्ञान-स्तर** | A workshop has been organized to increase the **knowledge level** of the candidates. | उम्मीदवारों के **ज्ञान-स्तर** को बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। |
| 41. | knowledge-based system | (n) - **ज्ञान आधारित प्रणाली या तंत्र** | The project is an example of a large **knowledge-based system**. | यह परियोजना व्यापक **ज्ञान आधारित प्रणाली** का उदाहरण है। |
| 42. | knowledgeable | (adj) - सुविज्ञ, जानकार | The company needs skilled and **knowledgeable** technicians. | कंपनी को कुशल और **जानकार** तकनीशियनों की आवश्यकता है। |
| 43. | known | (adj) -1. **ज्ञात** 2. **विख्यात**, **जाना-माना** 3.**जाना-पहचाना,** | 1. The data have been collected from the **known** sources. 2. | 1. आंकड़ें **ज्ञात** स्रोतों से एकत्रित किए गए हैं।<br>2. **विख्यात** वैज्ञानिक प्रोफेसर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **सुपरिचित** | The ‘Bharat Ratna’ has been awarded to the **known** scientist Professor C.N.R. Rao. 3. The police have arrested the **known** drug dealer. | सीएनआर राव को 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 3. पुलिस ने नशीली दवाओं के **जाने-पहचाने** व्यापारी को गिरफ्तार किया है। |

# L

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | label | (n) - परची, लेबल | All the products are **labeled** with comprehensive instructions. | सभी उत्पादों पर व्यापक निर्देश देते हुए **परची** लगाई गई है। |
| 2. | laboratory | (n) - प्रयोगशाला* | The seized drugs were sent for chemical examination in government **laboratory**. | जब्त की गई दवाओं को सरकारी **प्रयोगशाला** में रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा गया। |
| 3. | labour | (n) - 1. श्रम 2. **मजदूर,** श्रमिक वर्ग 3. **प्रसव** 4. **श्रमदान** | 1. The company has been blacklisted on account of non-compliance of the **labour** law. 2. There is restriction on engaging casual **labour** in the Govt. Departments. 3. Due to stressful lifestyle women tend to develop complications during labour. 4. Villagers **laboured** a road in the village at their own initiative. | 1. **श्रम** कानून का पालन न करने के कारण कंपनी का नाम काली सूची में डाल दिया गया है। 2. सरकारी विभागों में अनियत **मजदूर** रखने पर प्रतिबंध है। 3. तनावपूर्ण जीवन शैली के कारण महिलाओं को प्रसव के दौरान समस्याएं आती हैं। 4. ग्रामीणों ने अपनी पहल से **श्रम दान** कर सड़क का निर्माण किया । |
| 4. | labour appellate tribunal | (n) - श्रम अपील अधिकरण | Bank will approach to the **Labour Appellate Tribunal**. | बैंक **श्रम अपील अधिकरण** के समक्ष अपना मामला प्रस्तुत करेगा। |
| 5. | labour charges | (n) - 1. मजदूरी * 2. श्रम प्रभार | Increase in **labour charges** results in increase in production cost. | श्रम प्रभार में वृद्धि के परिणामस्वरूप **उत्पादन लागत** बढ़ जाती है। |
| 6. | labour cost | (n) - **मजदूरी लागत**, श्रम लागत | The company wants to keep down **labour costs**. | कंपनी **मजदूरी लागत** को कम रखना चाहती है। |
| 7. | labour court | (n) - श्रम न्यायालय | The case is filed in **labour court**. | मामला **श्रम न्यायालय** में फाइल किया गया है। |
| 8. | labour dispute | (n) - श्रम विवाद | The strike in the company was the outcome of **labour dispute**. | कंपनी में हड़ताल **श्रम विवाद** के कारण हुई। |
| 9. | labourer | (n) - श्रमिक, | The rates of daily wages for skilled and | कुशल और अकुशल श्रमिकों की |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | मजदूर | unskilled **labourers** have been revised. | दैनिक मजदूरी की दरें संशोधित की गई हैं। |
| 10. | labour intensive industry | (n) - श्रम प्रधान उद्योग | Despite the importance of **labour-intensive industries** in generating employment, the quantification of crucial issues like employment, productivity and wages have not been well researched. | रोजगार प्रदान करने में **श्रम प्रधान उद्योगों** के महत्व के बावजूद, महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी पर वृहद रूप से शोध नहीं किया गया है। |
| 11. | labourious | (adj) - 1. परिश्रमी, मेहनती 2. कठिन | 1. **Laborious** employees need to be encouraged. 2. After successful completion of **labourious** training, the president presented the honours to the officer trainees of the Indian Police Service. | 1. **परिश्रमी** कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। 2. **कठिन** प्रशिक्षण के बाद, राष्ट्रपति जी ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं को सम्मान प्रदान किया। |
| 12. | labour laws | (n) - **श्रम कानून**, श्रम विधि | A foreign investor while making investment in India has to make itself aware of the complex **labour laws** in India. | भारत में निवेश कर रहे विदेशी निवेशकों को भारत के जटिल **श्रम कानूनों** के बारे में जानकारी होनी चाहिए। |
| 13. | labour legislation | (n) - 1. श्रम विधान 2. श्रम विधिनिर्माण | The main objective of **labour legislations** is preservation of the health, safety and welfare of workers. | **श्रम विधान** का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण का संरक्षण है। |
| 14. | labour output-ratio | (n) - श्रम उत्पादन अनुपात | For a small business improving **labour output-ratio** means improving gross revenues and profits. | छोटे व्यवसाय के लिए **श्रम उत्पादन अनुपात** में सुधार का अर्थ है, सकल राजस्व और लाभ में सुधार। |
| 15. | labour relations | (n) - मालिक-मजदूर संबंध | Governments set the framework for **labour relations** through legislation. | सरकार ने विधान द्वारा मालिक-मजदूर संबंध की रुपरेखा बनाई। |
| 16. | labour room | (n) - प्रसूति कक्ष | The **labour room** of | जिला अस्पताल के **प्रसूति कक्ष** |

| <u>S. No.</u> | <u>Words</u> | <u>Hindi Meaning</u> | <u>Usage in English</u> | <u>Usage in Hindi</u> |
|---|---|---|---|---|
| | | | District Hospital is fully equipped with latest facilities. | में आधुनिक सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध हैं। |
| 17. | labour saving device | (n) - **श्रम कम करने के साधन**, श्रम बचत युक्ति | Work can be done expeditiously by **labour saving device.** | **श्रम कम करने के साधनों** के प्रयोग से काम तेजी से किया जा सकता है। |
| 18. | labour saving measures | (n) - **श्रम कम करने के उपाय**, **मजदूरी कम करने के उपाय,** श्रम बचत उपाय | Multinational companies use **labour saving measures** extensively. | बहुराष्ट्रीय कंपनियां व्यापक रूप से **श्रम कम करने के उपायों** का प्रयोग करती हैं। |
| 19. | labour turnover | (n) - श्रमिक आवर्त | **Labour turnover** is a major problem of economies across globe. | विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं में **श्रमिक आवर्त** एक प्रमुख समस्या है। |
| 20. | labour union | (n) - **श्रमिक संघ,** मजदूर संघ | **Labour Union** has called for two days strike. | **श्रमिक संघ** ने दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। |
| 21. | labour welfare | (n) - **मजदूर कल्याण, कामगार कल्याण,** श्रम कल्याण, श्रमिक कल्याण | The government has taken many steps for **labour welfare**. | सरकार ने **कामगार कल्याण** के लिए कई कदम उठाए हैं। |
| 22. | labour welfare fund | (n) - **मजदूर कल्याण निधि, कामगार कल्याण निधि,** श्रमिक कल्याण निधि | New management has substantially increased the amount of **labour welfare fund**. | नए प्रबंधन ने **मजदूर कल्याण निधि** की राशि में काफी वृद्धि की है। |
| 23. | lack of incentive | (n) - प्रोत्साहन का अभाव | Production has stagnated due to **lack of incentive**. | **प्रोत्साहन के अभाव** के कारण उत्पादन एक बिंदु पर आकर ठहर गया है। |
| 24. | lack of integrity | (n) - सत्यनिष्ठा का अभाव | The employee was suspended due to **lack of integrity**. | कर्मचारी को **सत्यनिष्ठा के अभाव** के कारण निलम्बित कर दिया गया। |
| 25. | lack of knowledge | (n) - ज्ञान का अभाव | He could not be made head of the finance department due to **lack of knowledge** of financial affairs. | वित्तीय मामलों के **ज्ञान के अभाव** के कारण उसे वित्त विभाग का प्रमुख नहीं बनाया जा सकता। |
| 26. | ladder | (n) - 1. सोपान 2. सीढ़ी | His academic achievements helped him in climbing the **ladder** of promotion. | उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों ने उसे पदोन्नति के **सोपान** चढ़ने में सहायता की। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 27. | lame excuse | (n) - झूठा बहाना | His illness is **lame excuse** for not coming to the office. | उसकी बीमारी कार्यालय न आने का झूठा बहाना है। |
| 28. | land acquisition | (n) - **भू- अर्जन,** भूमि-अर्जन | The government has amended **land acquisition act**. | सरकार ने **भू-अर्जन अधिनियम** में संशोधन किए हैं। |
| 29. | landed cost | (n) - उतराई तक लागत | **Landed cost** is always more than the basic cost of the goods. | **उतराई तक लागत** हमेशा माल की मूल लागत से अधिक होता है। |
| 30. | landed property | (n) - भू-संपत्ति | Price of the **landed property** has escalated substantially. | दिल्ली में **भू-संपत्ति** के दाम अत्यधिक बढ़ गए हैं। |
| 31. | landslide | (n) - भू-स्खलन | Much property has been damaged in recent **landslide** in Jammu. | जम्मू में हाल ही में भू-स्खलन से बहुत संपत्ति का नुकसान हो गया है। |
| 32. | land holder | (n) - भूमिधारी | The government has announced many incentive schemes for **land holders**. | सरकार ने भूमिधारी के लिए बहुत सी प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की है। |
| 33. | landless labourer | (n) - भूमिहीन मजदूर | In many states government has given land rights to **landless labourers**. | कई राज्यों में सरकार ने भूमिहीन मजदूरों को भूमि अधिकार दिया है। |
| 34. | landlord | (n) - 1. भू-स्वामी 2. मकान मालिक | Rent is paid to **landlord** on monthly basis. | मकान मालिक को किराया मासिक आधार पर दिया जाता है । |
| 35. | land mark | (n) - 1. **निशान**, सीमा चिह्न 2. **महत्वपूर्ण घटना** (adj) - 3. **ऐतिहासिक, महत्वपूर्ण** | 1. **Land mark** in the way of reaching the station is not clear. 2. The discovery of penicillin was a **landmark** in the history of medicine. 3. The Supreme court decision about women's right was a **landmark**. | 1. स्टेशन पहुंचने के रास्ते का **निशान** स्पष्ट नहीं थे। 2. औषध के क्षेत्र में पेंसुलीन का आविष्कार **महत्वपूर्ण घटना** थी। 3. महिला अधिकारों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह एक **ऐतिहासिक** निर्णय था। |
| 36. | land mortgage bank | (n) - भूमि बंधक बैंक | The government has started many **land mortgage banks** in rural areas. | सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में कई **भूमि बंधक बैंक** शुरू किए हैं। |
| 37. | landowner | (n) - भू-स्वामी | Panchayat is the **landowner** of the | पंचायत सामुदायिक भूमि की **भू-** |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | community land. | **स्वामी** होती है। |
| 38. | land reclamation | (n) - भूमि उद्धार | The state government's special drive has resulted in **land reclamations** in large area. | राज्य सरकार के विशेष अभियान के परिणामस्वरूप बहुत बड़े क्षेत्र में **भूमि उद्धार** का काम किया है। |
| 39. | land record | (n) - **भूमि-रिकार्ड**, **भूमि-अभिलेख**, भू-अभिलेख | **Land records** are available in the district office. | **भूमि रिकार्ड** जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। |
| 40. | land reform | (n) - भूमि सुधार | **Land reforms** have resulted in higher productivity of food grains. | **भूमि सुधारों** से खाद्यानों के उत्पादन में वृद्धि हुई है। |
| 41. | land revenue | (n) - भू-राजस्व, मालगुजारी | Income from **land revenue** is a significant part of government's income. | **भू-राजस्व** से प्राप्त आय सरकार की आय का महत्वपूर्ण हिस्सा है। |
| 42. | land settlement | (n) - बंदोबस्त, भू-व्यवस्थापन | **Land settlement** is very aspect of land reforms. | **भू-व्यवस्थापन** भूमि सुधार का महत्वपूर्ण पहलू है। |
| 43. | landslide victory | (n) - भारी विजय | It was a **landslide victory** for local candidate. | स्थानीय उम्मीदवार के लिए यह **भारी विजय** थी। |
| 44. | land tenure | (n) - भू-धृति | Providing **land tenure** for small period results into low productivity. | कम समय की भू-धृति के परिणामस्वरूप उत्पादन में कमी आती है। |
| 45. | Land use certificate | (n) - भूमि उपयोग प्रमाणपत्र | **Landuse certificate** can only be issued by competent authority in District office. | **भूमि उपयोग प्रमाणपत्र** जिला कार्यालय में केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही ज़ारी किया जा सकता है। |
| 46. | Land use change | (n) - भूमि उपयोग परिवर्तन | In certain cases, **land use change** for commercial reasons is not permissible. | कुछ मामलों में व्यावसायिक कारणों के लिए **भूमि उपयोग परिवर्तन** की अनुमति नहीं है। |
| 47. | language | (n) - भाषा | He has good command over Sanskrit **Language**. | उसका संस्कृत **भाषा** पर अच्छा अधिकार है। |
| 48. | lapse | (n) -1. **पश्चात** 2. **भूल, गलती** (v) - 3. **समाप्त होना,** बीत जाना, व्यपगत होना | 1. He has come back from deputation after a **lapse** of 3 years. 2. Not giving due honour to guest was a **lapse** on the part of | 1. वह प्रतिनियुक्ति सेवा के 3 वर्ष **पश्चात** लौटा है। 2. विशिष्ट अतिथि का उचित सत्कार न किया जाना नयाचार अधिकारी की **भूल** थी। 3. उसकी |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Protocol Officer. 3. Her membership of the library has **lapsed**. | पुस्तकालय की सदस्यता समाप्त हो गई है। |
| 49. | lapse of sanction | (n) -1. मंजूरी का समय, समाप्त होना 2. मंजूरी का व्यपगत होना | **Lapse of sanction** has forced office to issue fresh sanction for this expenditure. | **मंजूरी का समय समाप्त** हो जाने के कारण कार्यालय को इस व्यय हेतु नए सिरे से मंजूरी निकालनी पड़ी। |
| 50. | lapse of deposit | (n) - **जमा की समाप्ति**, जमा का व्यपगमन | Policies are at risk due to **lapsing of deposit**. | **जमा की समाप्ति** होने के कारण पोलिसियां जोखिम में हैं। |
| 51. | lap top | (n) - लैप टॉप | Working on **Laptop** is a convenient as it is moveable. | लैप टॉप पर काम करना सुविधाजनक है क्योंकि इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। |
| 52. | large scale | (n) - **बड़े पैमाने पर**, बड़ा पैमाना | These goods are cheap as the production on a **large scale**. | **बड़े पैमाने** पर उत्पादन के कारण ये वस्तुएं सस्ती हैं। |
| 53. | last date | (n) - अंतिम तिथि | Today is the **last date** of submission of tender. | आज निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि** है। |
| 54. | lasting | (adj) - स्थायी | These reforms will bring **lasting** benefits. | इन सुधारों से **स्थायी** लाभ प्राप्त होंगे। |
| 55. | lastly | (adv) - **अन्त में**, आखिर में, अंततः | **Lastly**, the Director thanks all the staff for their co-operation. | **अन्त में**, निदेशक महोदय ने सभी कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। |
| 56. | last payment | (n) - अंतिम भुगतान | Documents will be returned after three months of the **last payment**. | **अंतिम भुगतान** के 3 माह बाद दस्तावेज लौटाए जायेगें। |
| 57. | late | (adv) - 1. विलंब से, देरी से (adj) - 2. स्वर्गीय | (adv)- The harvest was **late** this year because of the rain. 2. The Rajendra Bhawan Trust was established, in the memory of **late** Dr. Rajendra Prasad the First President of the Indian Republic. | (adv)- वर्षा के कारण इस वर्ष फसल की कटाई **देरी से** हुई। 2. राजेन्द्र भवन ट्रस्ट की स्थापना भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति **स्वर्गीय** डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की स्मृति में की गई थी। |
| 58. | late attendance | (n) - विलंब-उपस्थिति | Biometric Based | कई कार्यालयों में बॉयोमीट्रिक |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Attendance Monitoring System (BBAMS) has been introduced in many offices to check the **late attendance** problem in employees. | आधारित उपस्थिति निगरानी प्रणाली (बीबीएएमएस) कर्मचारियों में **विलंब-उपस्थिति** की समस्या से निपटने के लिए शुरू किया गया है। |
| 59. | late duty | (n) - **देर तक कार्य,** अधिसमय ड्यूटी | Extra allowance is availed for **late duty**. | **देर तक कार्य** के लिए अतिरिक्त भत्ता मिलता है। |
| 60. | lately | (adv) - हाल ही में | The Director has **lately** returned from tour. | निदेशक महोदय **हाल ही में** दौरे से लौटे हैं। |
| 61. | late payment | (n) - देरी से भुगतान | **Late Payment** of Service Tax attracts Penalty @18% p.a. | सेवा कर का **देरी से भुगतान** करने पर प्रतिवर्ष 18% की दर से शास्ति लगाई जाती है। |
| 62. | lateral entry | (n) - पार्श्विक प्रवेश | PCS officers are allowed **lateral entry** in civil services after completion of required eligibility criteria. | राज्य सेवा के अधिकारियों को अपेक्षित अर्हता पूरी करने पर सिविल सेवा में **पार्श्विक प्रवेश** दिया जाता है। |
| 63. | lateral relations | (n) - पार्श्विक संबंध | It is the ***lateral relations*** *that power* the *business* forward. | **पार्श्विक संबंध** किसी व्यवसाय को आगे ले जाते हैं। |
| 64. | lateral support | (n) - **पार्श्व आधार,** पार्श्व-समर्थन | The wall is weak and requires **lateral support**. | दीवार कमजोर है और इसे **पार्श्व आधार** की आवश्यकता है। |
| 65. | lateral transfer | (n) - पार्श्व अंतरण | The JS in the Department of Agriculture and Cooperation is appointment as Mission Director under the Department of Agriculture and Cooperation on **lateral transfer** basis. | कृषि और सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव की **पार्श्व अंतरण** आधार पर कृषि और सहकारिता विभाग के अधीन मिशन निदेशक के रूप में नियुक्ति हुई है। |
| 66. | latest | (adj)- नवीनतम, अधुनातन | This product is based on **latest techniques.** | यह उत्पाद **नवीनतम** तकनीक पर आधारित है। |
| 67. | latitude | (n) - छूट, ढील | Employees should have some **latitude** in organizing their work. | अपने कार्य को सुनिश्चित रूप से करने के लिए कर्मचारियों को कुछ **छूट** दी जा सकती है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 68. | laudable | (adj) - प्रशंसनीय | He has **laudable** suggestions for improving housing conditions. | उसके पास आवास की उन्नति के लिए **प्रशंसनीय** संकल्पनाएं हैं । |
| 69. | launch | (n)-1. **विमोचन**, **लोकार्पण**, प्रमोचन, शुभारंभ (योजना), अवतरण (जहाज) 2. प्रक्षेपण (v) - 3. प्रारंभ करना | 1. The new book was **launched** in a grand ceremony. 2. A test satellite was **launched** from Sriharikota. (v)- The police have **launched** an investigation into the incident. | 1. नई पुस्तक का **लोकार्पण** एक भव्य समारोह में किया गया। 2. परीक्षण उपग्रह का **प्रक्षेपण** श्रीहरिकोटा से किया गया। (v)- पुलिस ने घटना की जांच **प्रारंभ कर** दी है। |
| 70. | laundry allowance | (n) - धुलाई भत्ता | Personnel of the *Armed Forces* get **laundry allowance**. | सशस्त्र बलों के कर्मियों को **धुलाई भत्ता** मिलता है। |
| 71. | lavatory | (n) - शौचालय | One more **lavatory** is needed at bus station. | बस अड्डे पर एक और **शौचालय** की आवश्यकता है। |
| 72. | law | (n) - विधि, कानून | Suicide is a criminal offence according to Indian **law**. | भारतीय **विधि** के अनुसार आत्माहत्या एक आपराधिक कृत्य है। |
| 73. | law abiding | (adj) - विधि-पालक, कानून का पालन करने वाला | **Law-abiding** persons need to be encouraged. | **कानून का पालन करने वाले** व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। |
| 74. | law and order | (n) - **विधि-व्यवस्था,** कानून और व्यवस्था | It is the responsibility of the state government to maintain **law and order**. | **विधि-व्यवस्था** बनाए रखने का दायित्व राज्य सरकार का है। |
| 75. | law breaker | (n) - कानून तोड़ने वाला | **Law breakers** should be punished. | **क़ानून तोड़ने वालों** को सजा मिलनी चाहिए। |
| 76. | law court (court of law) | (n) - **अदालत**, न्यायालय | The department resorted to the **law court** to resolve the seniority matter. | विभाग ने वरिष्ठता मामले को हल करने के लिए **अदालत** का सहारा लिया। |
| 77. | law enforcing agency | (n) - विधि-प्रवर्तन अभिकरण | The police acted on a tip-off by officers from **law enforcing agency**. | पुलिस ने **विधि-प्रवर्तन अभिकरण** के अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर कार्य किया। |
| 78. | lawful | (adj) - विधिसम्मत, **विधिमान्य, कानूनी** | The Army said that his detention at the border had been **lawful**. | सेना ने सीमा पर उसकी नजरबंदी को **विधिमान्य** करार दिया। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 79. | lawful custody | (n) - 1.विधिसम्मत अभिभावक 2. विधिसम्मत अभिरक्षा | 1. The father took the child from the mother's **lawful custody**. 2. The Supreme Court has held that persons in **lawful custody** cannot contest elections. | 1. पिता ने मां की **वैध अभिरक्षा** से बच्चे को ले लिया। 2. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि **विधिसम्मत अभिरक्षा** में रह रहा व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता। |
| 80. | lawful guardian | (n) - विधिसम्मत संरक्षक | The mother is equally **lawful guardian** of child as father. | माँ भी पिता के समान ही बच्चे की विधिसम्मत संरक्षक है। |
| 81. | lawsuit | (n) - **मुकदमा**, वाद | A total of 157 **lawsuits** were filed on behalf of train accident victims. | रेल दुर्घटना के शिकार लोगों की ओर से कुल 157 **मुकदमें** दायर किए गए। |
| 82. | lawyer | (n) - वकील | Prosecution and defense **lawyers** will deliver closing arguments next week. | अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के **वकील** अगले सप्ताह समापन तर्क देंगे। |
| 83. | laxity | (n) - **छूट**, शिथिलता | In this financial year some **laxity** is given to the tax payers. | इस वित्तीय वर्ष में करदाताओं को कुछ **छूट** दी गयी है। |
| 84. | lay before | (n) - पेश करना, सामने रखना, प्रस्तुत करना | The Advocate **laid** the evidence **before** the Judge. | अधिवक्ता ने न्यायाधीश के **सामने** सबूत **रखे**। |
| 85. | layoff | (n) - कामबंदी | The decision of **layoff** of labour union will be challenged by the company. | कंपनी मजदूर संघ के **कामबन्दी** के निर्णय को चुनौती देगी। |
| 86. | layout | (n) - अभिन्यास, नक्शा | All the flats in the colony have the same **layout**. | कालोनी के सभी फ्लैटों का **नक्शा** एक समान है। |
| 87. | lazy | (adj) - सुस्त, आलसी | **Lazy** and incompetent police officers are letting the public down. | **आलसी** और अक्षम पुलिस अधिकारियों ने लोगों को निराश किया है। |
| 88. | leader | (n) - 1. नेता, नायक 2. अग्रणी, प्रमुख 3. अग्रलेख | 1. The **leader** of a union is invited for talks. 2. This company is a world **leader** in manufacturing electrical goods. 3. | 1. यूनियन के **नेता** को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। 2. यह कंपनी बिजली के सामान बनाने वाली कंपनियों में **अग्रणी** है। 3. आज समाचार पत्र ने अपने संपादकीय अग्रलेख में |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Today the newspaper has featured elections in its editorial **leader** column. | चुनाव पर चर्चा की है। |
| 89. | leadership quality | (n) - नेतृत्व गुण | The meeting was successful because of the **leadership quality** of the manager. | प्रबंधक के **नेतृत्व गुणों** के कारण बैठक सफल रही। |
| 90. | leading article | (n) - अग्रलेख | Topic of today's **leading article** of the newspaper is elections. | आज के समाचार पत्र के अग्रलेख का विषय चुनाव है। |
| 91. | leaflet | (n) - पत्रक, पर्ची | Training officer handed out **leaflets** on translation. | प्रशिक्षण अधिकारी ने अनुवाद पर पत्रक वितरित की। |
| 92. | leak | (v) - 1. **भेद खोलना**, भेद बताना 2. रिसना | 1. The report's findings have been **leaked**. 2. A gas **leak** caused the explosion. | 1. रिपोर्ट के निष्कर्षों का **भेद खोला** गया। 2. गैस **रिसने** से विस्फोट हुआ। |
| 93. | leakage | (n) - 1. रिसाव 2. अनाधिकारिक प्रकटन 3. लीकेज (v) - 4. रिसना | 1. **Leakage** of toxic waste into the sea is a main cause of pollution. 2. Disciplinary action was taken for **leakage** of confidential information by the employee. 3. There is a **leakage** in the pipe. | 1. प्रदूषण का मुख्य कारण समुद्र में विषाक्त कचरे का **रिसाव** है। 2. कर्मचारी द्वारा गोपनीय सूचना के **अनाधिकारिक प्रकटन** के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। 3. पाइप में **लीकेज** है। |
| 94. | leap frogging | (n) - उछाल | The price of the shares **leaped frogged** during boom period. | आर्थिक तेजी के दौरान शेयरों की कीमत में **उछाल** आया। |
| 95. | learning | (n) - 1. सीखना, अधिगम 2. विद्वत्ता | His writings reflect his immense learning. | उनके लेखन से उनकी विद्वता परिलक्षित होती है। |
| 96. | lease | (n) - 1. पट्टा (v) - 2. पट्टे पर देना | Under the terms of the lease, office has to pay maintenance charges. | पट्टे की शर्त के अनुसार, कार्यालय को रखरखाव शुल्क का भुगतान करना होगा। |
| 97. | leave | (n)- 1. छुट्टी 2. अनुमति 3. इजाजत | **Leave** is being declared in all the | कल सभी कार्यालयों में **छुट्टी** घोषित की गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | (विधि) 4. छोड़ना | offices tomorrow. | |
| 98. | leave encashment | (n) - छुट्टी का नकद भुगतान, छुट्टी नकदीकरण | All employees demanded **leave** encashment. | सभी कर्मचारियों ने **छुट्टी नकदीकरण** की माँग की। |
| 99. | leave not due | (n) - अर्जन-शोध्य छुट्टी | He could not go as his **leave was not due**. | **अनर्जित छुट्टी** की वजह से वो नहीं जा सका। |
| 100. | leave of absence | (n) - **छुट्टी की अनुमति**, अनुपस्थिति की अनुमति | **Leave of absence** may be granted by the competent officer. | **छुट्टी की अनुमति** सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान की जाए। |
| 101. | lease-cum-sale deed | (n) - पट्टा सह बिक्री विलेख | On execution of the **lease-cum-Sale deed**, the buyer took possession of the house. | **पट्टा सह बिक्री विलेख** के निष्पादन के बाद क्रेता ने घर का कब्जा ले लिया। |
| 102. | leased accommodation | (n) - पट्टा आवास | The officer will be responsible for vacating **leased accommodation** immediately on termination of lease agreement. | अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह पट्टा करार के समापन पर **पट्टा आवास** तुरंत खाली कर दे। |
| 103. | lease for life | (n) - आजीवन पट्टा | A statutory tenancy is not regarded as a **lease for life**, even though its practical effect is very much the same. | सांविधिक किराएदारी को **आजीवन पट्टा** नहीं माना जाता है, यद्यपि इसका व्यावहारिक प्रभाव उसी के समान है। |
| 104. | leasehold | (adj) - 1. पट्टे पर (n) - 2. पट्टाधृति* | 'A' type tenements were allotted on **leasehold** basis by the Department of Rehabilitation. | पुनर्वास विभाग द्वारा 'क' टाइप आवास **पट्टे पर** आबंटित किए गए थे। |
| 105. | leaseholder | (n) - पट्टाधारी, पट्टेदार | It is **leaseholder's** responsibility to keep the internal parts of the housing property in good condition. | यह **पट्टेदार** की जिम्मेदारी है कि वह गृह-संपत्ति के आंतरिक भागों को अच्छी हालत में रखे। |
| 106. | lease without term | (n) - निरवधि पट्टा | For this project, **lease without term** has been approved by the legal cell of the department as a special case. | इस परियोजना के लिए विभाग के विधि प्रकोष्ठ ने विशेष मामले के तौर पर **निरवधि पट्टा** अनुमोदित किया है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 54. | nominate | (n)-नामित करना, नाम निर्देशन, मनोनीत करना | Two members have been nominated for the house from the field of art and culture. | कला और संस्कृति के क्षेत्र से दो सदस्यों को सदन के लिए मनोनीत किया गया है। |
| 55. | nomination | (n)- नामन, नामांकन, | The last date for filing the nomination is 15th of the next month. | नामांकन करने की अंतिम तिथि अगले महीने की 15 तारीख है। |
| 56. | nominee | (n)- नामिती, नामित व्यक्ति | The amount of GPF of the employee was distributed between the nominees. | कर्मचारी की भविष्य निधि की राशि नामित व्यक्तियों के बीच वितरित की गई। |
| 57. | non-acceptance | (n)- अस्वीकृति* | Due to non-acceptance of the offer of appointment, his candidature was cancelled. | नियुक्ति-प्रस्ताव को अस्वीकृत करने के कारण, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। |
| 58. | non-effective | (adj)-**निष्प्रभावी**, अप्रभावी | The rule is non-effective in the present context. | यह नियम वर्तमान संदर्भ में **निष्प्रभावी** है। |
| 59. | non-essential | (adj)- **अनावश्यक,** गैर-जरुरी | The office should not spend money on the non-essential items. | कार्यालय को **अनावश्यक** वस्तुओं पर पैसा खर्च नहीं करना चाहिए। |
| 60. | non-gazetted | (adj)- अराजपत्रित | The is a Group Non-gazetted post. | यह एक समूह 'ख' अराजपत्रित पद है। |
| 61. | non-governmental organization | (n)-गैर-सरकारी संगठन | The scheme is run by non-governmental organization. | यह योजना गैर सरकारी संगठन द्वारा चलाई जाती है। |
| 62. | non-interest bearing | (adj)- **बिना ब्याज का,** | Current account is a non-interest bearing | चालू खाता **बिना ब्याज का** खाता है |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | ब्याज रहित, | account. | |
| 63. | non-judicial | (adj)- **गैर-न्यायिक,** न्यायिकेतर | The value of the non-judicial stamp for this affidavit is Rs 100/-. | इस शपथ पत्र हेतु **गैर-न्यायिक** स्टाम्प का मूल्य 100 रुपए है। |
| 64. | non-ministerial | (adj)- अलिपिकवर्गीय | The post is non-ministerial . | यह पद **अलिपिकवर्गीय** है। |
| 65. | non-negotiable | (adj)- **अटल, अडिग,** अ-परक्राम्य | The spokesman said that India's nuclear deterrence policy is non-negotiable. | प्रवक्ता ने कहा कि भारत की परमाणु प्रतिरोध नीति **अटल** है । |
| 66. | non-negotiable instrument | (n)- **अ-परक्राम्य लिखत** | Share certificate is a non-negotiable instrument. | शेयर प्रमाणपत्र एक **अ-परक्राम्य लिखत** है। |
| 67. | non-observance | (n)- **उल्लंघन,** अपालन | The contractor was accused of non-observance of the terms of the contract. | ठेकेदार पर संविदा की शर्तों का **उल्लंघन** करने का आरोप लगाया गया। |
| 68. | non-official | (adj)-अशासकीय, गैर-सरकारी, अनधिकारिक | The office car may not be used for non-official purpose. | कार्यालय-कार अशासकीय उद्देश्य के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकती। |
| 69. | non-party | (adj)- गैर-दलीय | This was a non- party decision in the interest of the common people. | यह आम लोगों के हित में गैर-दलीय निर्णय था। |
| 70. | non-payment | (n)- गैर-अदायगी, भुगतान न करना | Due to non-payment of the instalment, the penalty was imposed. | किस्त का भुगतान न करने के कारण अर्थदंड लगाया गया । |
| 71. | non-payment certificate | (n)- गैर-अदायगी प्रमाणपत्र | Nonpayment certificate was issued by the office for settlement of the arrears of the official. | कर्मचारी की बकाया राशि के निपटान के लिए कार्यालय ने गैर-अदायगी प्रमाणपत्र जारी किया। |
| 72. | non-pensionable service | (n)- **पेंशनेतर सेवा,** गैर-पेंशन योग्य सेवा, गैर-पेंशनी सेवा | The service rendered by the official in the corporation was non-pensionable service. | निगम में कर्मचारी की **पेंशनेतर सेवा** थी। |
| 73. | non-plan | (adj)- गैर-योजना, योजनेतर | The expenditure on non-plan schemes is to be kept under a separate head. | गैर योजना स्कीमों का खर्च एक अलग शीर्ष के अंतर्गत रखा जाना है। |
| 74. | non-practising allowance | (n)- प्रैक्टिसबंदी भत्ता | The doctors were granted non-practicing allowance to spend more time in | डॉक्टरों को सरकारी अस्पताल में अधिक समय तक रहने के लिए प्रैक्टिसबंदी भत्ता दिया गया। |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the government hospital. | |
| 75. | non-recurring grant | (n)- **एकबारगी अनुदान,** अनावर्ती अनुदान | The amount was given to the government schools as non-recurring grant. | यह राशि **एकबारगी अनुदान** के रूप में सरकारी स्कूलों को दी गई। |
| 76. | non-refundable | (adj)- अप्रतिदेय | The fee will be non-refundable. | शुल्क अप्रतिदेय होगा। |
| 77. | non-reserved | (adj)- **अनारक्षित,** गैर-आरक्षित | This is a non-reserved constituency. | यह एक **अनारक्षित** निर्वाचन क्षेत्र है। |
| 78. | non-residential area | (n)- **गैर-रिहायशी इलाका,** गैर-आवसीय क्षेत्र | The plant was installed in a non-residential area. | संयंत्र गैर आवासीय क्षेत्र में स्थापित किया गया था। |
| 79. | non-residential school | (n)- अनिवासी विद्यालय | The mid- day meal is also provided in the non-residential schools. | मध्यान्ह भोजन अनिवासी विद्यालयों में भी प्रदान किया जाता है। |
| 80. | non-resident Indian | (n)- अनिवासी भारतीय | The non-resident Indians have made significant contribution to Indian economy. | अनिवासी भारतीयों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। |
| 81. | non-revenue receipts | (n)- **गैर राजस्व प्राप्तियां,** राजस्वेतर प्राप्तियां | The amounts accrued from non-revenue receipts have contributed a good share in national income. | **गैर राजस्व प्राप्तियों** से अर्जित राशी का राष्ट्रीय आय में एक अच्छा-खासा हिस्सा है। |
| 82. | non-saleable | (adj)- **गैर-बिकाउ,** अविक्रेय | The academic certificates are non-saleable items. | शैक्षिक प्रमाणपत्र **गैर-बिकाउ** वस्तु हैं। |
| 83. | non-scheduled bank | (n)- गैर-अनुसूचित बैंक | The non-scheduled banks are not under direct control of the RBI. | गैर-अनुसूचित बैंक आरबीआई के सीधे नियंत्रण में नहीं हैं। |
| 84. | non-selection post | (n)- **चयनेत्तर पद, अचयन पद, गैर - चयन पद,** अप्रवरण पद | The non-selection posts shall be filled on seniority-cum-merit basis. | **चयनेत्तर पदों** को वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर भरा जाएगा। |
| 85. | non-standard | (adj)- अमानक | The bill was not sanctioned due to supply of non-standard materials. | अमानक सामग्री की पूर्ति के कारण बिल स्वीकृत नहीं किया गया\| |
| 86. | non-starter | (adj)- अनारंभित, | As a business | एक व्यवसाय के प्रस्ताव के रूप में, |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अनारंभक | proposition, it's a non-starter initiative. | यह एक अनारंभक पहल है। |
| 87. | non-statutory | (adj)- असांविधिक | CTB translates only non-statutory materials. | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो केवल गैर-सांविधिक सामग्रियों का अनुवाद करता है। |
| 88. | non-taxable income | (n)- गैर-करयोग्य आय | The income tax is not deducted from the non-taxable income. | गैर-करयोग्य आय से आयकर की कटौती नहीं की जाती है। |
| 89. | non-technical post | (n)- गैर-तकनीकी पद | The post of Assistant is a non technical post. | सहायक का पद गैर तकनीकी पद है। |
| 90. | non-trading corporation | (n)-**अव्यापारिक निगम,** व्यापारेतर निगम | FCI is a non-trading corporation. | भारतीय खाद्य निगम एक **अव्यापारिक निगम** है। |
| 91. | non-traditional | (adj)- **गैर परंपरागत**, अपरंपरागत | The scheme is meant for the use of non-traditional source of energy. | योजना का उद्देश्य ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोत का उपयोग करना है। |
| 92. | non-verbal communication | (n)-अशाब्दिक संप्रेषण | The non-verbal communication is used in special education. | अशाब्दिक संप्रेषण का विशेष शिक्षा के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है। |
| 93. | non-voted | (adj)- **बिना मत वाला,** अदत्त-मत | The non-voted ballots were returned at the end of the polling day. | **बिना मत वाले** मतपत्र मतदान समाप्त होने के बाद लौटा दिए गए। |
| 94. | non-working dependent | (n)- **बेरोजगार आश्रित,** अनर्जक आश्रित | The non-working dependent of the central government employees may avail of CGHS facility. | केंद्रीय सरकार कर्मचारी के बेरोजगार आश्रित सीजीएचएस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। |
| 95. | no objection certificate | (n)- अनापत्ति प्रमाणपत्र | The no objection certificate was issued to the company. | कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। |
| 96. | no parking | (adj)-**पार्किंग निषेध,** पार्किंग निषिद्ध, | There is no parking zone in front of the office. | कार्यालय के सामने पार्किंग निषेध है। |
| 97. | no profit no loss | (n)- **बिना लाभ- हानि,** न लाभ न हानि | The company works on the basis of no profit no loss. | यह कंपनी न लाभ न हानि के आधार पर काम करती है। |
| 98. | norm | (n)- **मानदंड, मानक**, प्रतिमानक | The goods for export meet international norms. | निर्यात किया जाने वाला माल अंतरराष्ट्रीय **मानदंडों** को पूरा करता है। |
| 99. | normal | (adj)- **1.** सामान्य **(n)- 2. सामान्य,** | 1. The work was finished during the | 1. काम सामान्य कार्यालय समय के दौरान पूरा हो गया। 2. शहर में |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **प्रसामान्य** | normal office time. 2. The situation has soon returned to normal in the town. | स्थिति जल्द ही सामान्य गई है। |
| 100. | normal tax | (n)- सामान्य कर | The normal tax is applicable to this item. | इस मद पर सामान्य कर लागू है। |
| 101. | normal working | (n)- सामान्य कामकाज | The official is outstanding in normal working. | कर्मचारी सामान्य काम में उत्कृष्ट है। |
| 102. | north-east region | (n)- **पूर्वोत्तर क्षेत्र**, उत्तर-पूर्व क्षेत्र | The North-east region of India is rich in natural resources. | भारत का **पूर्वोत्तर क्षेत्र** प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है । |
| 103. | northern region | (n)- उत्तरी क्षेत्र | The trainees from the northern region get training in New Delhi. | उत्तरी क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को नई दिल्ली में प्रशिक्षण मिलता है। |
| 104. | north-west region | (n)- पश्चिमोत्तर क्षेत्र | The North-west region has been the entering point in India for centuries | पश्चिमोत्तर क्षेत्र सदियों से भारत का प्रवेश-द्वार रहा है। |
| 105. | no smoking | (adj)- **धूम्रपान निषेध**, **धूम्रपान वर्जित**, धूम्रपान निषिद्ध | Many organizations joined the campaign for no- smoking . | कई संगठनों ने **धूम्रपान निषेध** अभियान में भाग लिए। |
| 106. | no smoking area | (n)- **धूम्रपान निषेध क्षेत्र**, **धूम्रपान वर्जित क्षेत्र**, धूम्रपान निषिद्ध क्षेत्र | The office premises are a no smoking area. | कार्यालय परिसर एक **धूम्रपान निषेध क्षेत्र** है। |
| 107. | notable | (adj)- महत्वपूर्ण, विशेष, उल्लेखनीय | This scheme has got notable success in rural area. | इस योजना को ग्रामीण क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता मिली है। |
| 108. | not applicable (N.A.) | (adj)- लागू नहीं | The GPF rules are not applicable to the employees appointed after 01.01.2004. | सामान्य भविष्य निधि नियम 01.01.2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों पर लागू नहीं हैं। |
| 109. | notary public | (n)- नोटरी पब्लिक | The affidavit should be duly signed by the notary public. | शपथ-पत्र नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। |
| 110. | not available(N.A.) | (adj)- **उपलब्ध नहीं**, **गैर- मौजूद**, अनुपलब्ध | The conference hall was not available on the date of the meeting. | सम्मेलन कक्ष बैठक की तारीख को **उपलब्ध नहीं** था । |
| 111. | note | (n)- टिप्पणी, नोट | The note of the official was full of facts and figures. | कर्मचारी का नोट तथ्यों और आंकड़ों से भरा था। |
| 112. | note book | (n)- नोट बुक | The folders with | बैठक में सभी अधिकारियों को |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | note-books and pens were given to all the officers in the meeting. | फ़ोल्डर के साथ नोट बुक और कलम दिए गए। |
| 113. | note of dissent | (n)- विसम्मत टिप्पणी | Two members of the committee gave the note of dissent against the report. | समिति के दो सदस्यों ने रिपोर्ट के विरुद्ध **विसम्मत टिप्पणी** दी। |
| 114. | note pad | (n)- नोट पैड | The official noted down important facts in the note pad. | कर्मचारी ने नोट पैड में महत्वपूर्ण तथ्यों को लिखा। |
| 115. | note portion | (n)- टिप्पणी भाग | The note portion along with the correspondence portion is kept in the file. | टिप्पणी भाग फ़ाइल में पत्राचार भाग के साथ रखा जाता है। |
| 116. | note sheet | (n)- टिप्पणी-पत्रक, नोट शीट | The justification for purchase of an additional photocopier has been given on the note sheet. | अतिरिक्त फोटो मशीन की खरीद का औचित्य नोट शीट में दिया गया है\| |
| 117. | noteworthy point | (n)- **ध्यान देने वाली बात, ध्यातव्य बिंदु,** उल्लेखनीय बिंदु | The noteworthy point is that the decision was unanimous. | ध्यान देने वाली बात यह है कि निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। |
| 118. | no thoroughfare | (n)- आम रास्ता नहीं | This road is no thoroughfare as this leads to the places of security importance. | सुरक्षा महत्व के स्थानों की ओर जाने के कारण यह सड़क आम रास्ता नहीं है। |
| 119. | notice | (n)- सूचना, नोटिस | The notice of the meeting was given to all concerned. | बैठक की सूचना सभी संबंधित व्यक्तियों को दी गई थी। |
| 120. | noticeable | (adj)- उल्लेखनीय, ध्यान देने योग्य | It is noticeable that the scheme has brought out the best result in short time. | यह उल्लेखनीय है कि कम समय में इस योजना से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए है। |
| 121. | notice board | (n)- सूचना पट्ट, नोटिस बोर्ड | The programme schedule may be displayed on the notice board. | कार्यक्रम अनुसूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए। |
| 122. | notice in writing | (n)- लिखित नोटिस, लिखत सूचना | 1. A notice in writing is required to be submitted to the insurance company for cancellation of insurance policy. 2. A notice in writing is | 1. बीमा पॉलिसी रद्द करने के लिए बीमा कंपनी को लिखित नोटिस प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है\| **2.** अस्थायी सरकारी कर्मचारी के सेवा की समाप्ति के लिए सक्षम |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | required to be served to the temporary government servant by the competent authority for termination of his service. | प्राधिकारी द्वारा लिखित नोटिस जारी किया जाना आवश्यक है\| |
| 123. | notice of discharge | (n)- कार्य-मुक्ति नोटिस, **कार्य मुक्ति की सूचना** | The official was given notice of discharge after the departmental proceedings. | विभागीय कार्यवाही के बाद मुक्ति कर्मचारी को कार्य-मुक्ति नोटिस,दिया गया\| |
| 124. | notice of motion | (n)- प्रस्ताव सूचना | The notice of motion was given by the Member of Parliament. | संसद सदस्य ने प्रस्ताव सूचना दी। |
| 125. | notification | (n)- अधिसूचना | The notification was published on the 25th May of this year. | यह अधिसूचना इस वर्ष 25 मई को प्रकाशित हुई। |
| 126. | notified | (adj)- अधिसूचित | This is a notified act. | यह अधिसूचित अधिनियम है। |
| 127. | notified area | (n)- अधिसूचित क्षेत्र | The Tribal Autonomous Region is a notified area . | आदिवासी स्वायत्त क्षेत्र अधिसूचित क्षेत्र है। |
| 128. | notified commodity | (n)- अधिसूचित वस्तु | The notified commodity cannot be sold without a license. | अधिसूचित वस्तु लाइसेंस के बिना नहीं बेची जा सकती। |
| 129. | notified factory | (n)- **अधिसूचित कारखाना,** अधिसूचित फैक्टरी | The notified factory can supply the products only to approved agency. | **अधिसूचित कारखाने** केवल अनुमोदित एजेंसी को अपने उत्पादों की आपूर्ति कर सकते हैं। |
| 130. | notified panel | (n)- **अधिसूचित नामावली,** अधिसूचित नामिका | The candidates in the notified panel are recommended for appointment. | **अधिसूचित नामावली** में जिन उम्मीदवारों के नाम हैं, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है। |
| 131. | notified vacancy | (n)- अधिसूचित रिक्ति | The candidate may be selected against the notified vacancy. | उम्मीदवार का चयन अधिसूचित रिक्ति के लिए किया जा सकता है। |
| 132. | notify | (v)- 1. सूचित करना 2. अधिसूचित करना | 1. The date of the demonstration must be notified to the police. 2. The Right to Education Act has been notified. | 1. प्रदर्शन की तारीख के बारे में पुलिस को अवश्य सूचित की जानी चाहिए। 2. वन अधिकार अधिनियम अधिसूचित किया गया है। |
| 133. | noting and drafting | (n)- टिप्पण और प्रारुपण | During the fortnight, a competition was | हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी में |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | organized on the topic of noting and drafting in Hindi. | टिप्पण और प्रारुपण लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। |
| 134. | notional pay | (n)- कल्पित वेतन | The retirement benefits were allowed to the official on the basis of his notional pay. | कर्मचारी को सेवा-निवृत्ति लाभ कल्पित वेतन के आधार पर दिया गया। |
| 135. | notional promotion | (n)- कल्पित पदोन्नति, कल्पित प्रोन्नत्ति | The pay of the official was fixed after giving him the notional promotion. | अधिकारी का वेतन उसे कल्पित पदोन्नति देने के बाद निर्धारित किया गया। |
| 136. | not negotiable instrument | (n)- अ-परक्राम्य लिखत | The not negotiable instrument cannot be transferred to others. | अ-परक्राम्य लिखत दूसरे व्यक्ति को अंतरित नहीं किया जा सकता। |
| 137. | notorious | (adj)- कुख्यात | Most of the criminals are notorious for their illegal activities. | अधिकांश अपराधी अपने अवैध गतिविधियों के लिए कुख्यात रहे हैं| |
| 138. | not sufficient | (adj)- अपर्याप्त | The evidence was not sufficient to secure a conviction. | सजा दिलाने के लिए सबूत अपर्याप्त था । |
| 139. | nourish | (v)- 1. पोषण करना, भरण-पोषण करना 2. विकसित करना, पालना, बढ़ाना | 1. This scheme provides nutritious food to nourish both the mother and the child. 2. By investing in education, The state nourishes the talents of the children. | 1. यह योजना माँ और बच्चे दोनों के पोषण के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती है। 2. राज्य शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके बच्चों की प्रतिभा को विकसित करता है। |
| 140. | novice | (adj)- नौसिखिया | The basic computer course is good for novices. | बेसिक कंप्यूटर कोर्स नौसिखिया के लिए अच्छा है। |
| 141. | no work strike | (n)- कामबंदी हड़ताल | The workers are on no work strike. | कामगार कामबंदी हड़ताल पर हैं। |
| 142. | nucleus | (n)- केंद्र बिंदु , केंद्रक | These photos will form the nucleus of the exhibition on Gandhiji in South Africa. | ये तस्वीरें 'दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी' पर प्रदर्शनी का केंद्र बिंदु होंगी। |
| 143. | nuisance | (n)- बाधा, परेशानी*, क्लेशकारी, कंटक | The member was charged with allegation of causing nuisance to the organization. | सदस्य पर संगठन के लिए परेशानी पैदा करने का आरोप लगाया गया। |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 144. | null | (adj)- अवैध, अमान्य, बातिल, अकृत, अप्रभावी | The court declared their marriage null. | अदालत ने उनकी शादी को अमान्य घोषित कर दिया। |
| 145. | null and void | (adj)- अमान्य और निष्प्रभावी, अकृत और शून्य, बातिल और शून्य | The contract was declared null and void. | अनुबंध अमान्य और निष्प्रभावी घोषित किया गया। |
| 146. | nullify | (v)- 1. अमान्य ठहराना, रद्द करना , बातिल करना, अकृत करना 2. नाकाम करना, निष्प्रभावित करना | 1. Judges were unwilling to nullify government decisions. 2. An unhealthy diet will nullify the effects of training. | 1. न्यायाधीश नहीं चाहते थे कि सरकार के फैसले को अमान्य ठहराया जाए। 2. अस्वास्थ्यकर आहार व्यायाम के प्रभाव को नाकाम कर देगा। |
| 147. | number | (n)- 1. संख्या 2. बहुत से, कई (a large number of) (v)- 3. संख्या में होना, संख्या डालना, संख्यांक | 1.The file number may be mentioned in the letter. 2. A large number of people have applied for the post. 3. The crowd numbered more than a thousand. | 1. पत्र में फाइल संख्या का उल्लेख किया जाए। 2. इस पद के लिए बहुत से लोगों ने आवेदन किया है। 3. एक हजार से अधिक संख्या में लोगों की भीड़ थी। |
| 148. | numbering | (n)- संख्यांकन, संख्या डालना | The numbering of the pages in the file may be done in a proper order. | फ़ाइल में पृष्ठों का संख्यांकन उचित क्रम में किया जाए। |
| 149. | numeral | (n)- संख्यांक, अंक | The password should consist of numerals and alphabets. | पासवर्ड अंकों और अक्षरों को मिलाकर बनाया जाना चाहिए। |
| 150. | numerical order | (n)- संख्यात्मक क्रम, संख्या-क्रम | The results have been displayed in numerical order of the roll numbers. | परिणाम रोल नंबर के संख्या-क्रम में प्रदर्शित किए गए हैं। |
| 151. | nurse | (n)- 1. नर्स, परिचारिका (v)- 2.पालन - पोषण करना, रोगी की सेवा करना | 1. Applications are invited for two posts of nurses. 2. The lady employee has been granted child care leave to nurse her child. | 1. नर्सों के दो पदों के लिए आवेदन हैं। 2. महिला कर्मचारी को अपने बच्चे का पालन - पोषण करने के लिए संतान देखभाल छुट्टी दी गई है। |
| 152. | nursery | (n)- 1 पौधशाला, नर्सरी 2 शिशु गृह 3. नर्सरी कक्षा | 1. The show- plants in the office have been supplied from the government nursery. 2. The nursery will be able to cater for 30 children. 3. The | 1. कार्यालय में शो-प्लांट्स की आपूर्ति सरकारी नर्सरी से की गई है। 2. 30 बच्चों की देख-भाल के लिए यह नर्सरी सक्षम होगी। 3. शिक्षा निदेशालय नर्सरी कक्षाओं में नामांकन के लिए |

| **S. No.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | Directorate of Education has issued guidelines for admission into nursery classes. | दिशानिर्देश जारी किए हैं। |
| 153. | nursing | (n)- परिचर्या | The nursing staff has been highly praised for their work in the hospital. | अस्पताल में परिचर्या कर्मचारी के कार्यों की सराहना की गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | oath | (n) - शपथ | He has taken the judicial oath. | उसने न्यायिक शपथ ली है। |
| 2. | oath of allegiance | (n) - निष्ठा-शपथ | He is required to take an oath of allegiance before assumption of charge. | कार्यभार ग्रहण करने से पहले उसे निष्ठा-शपथ लेनी होगी। |
| 3. | oath of office | (n) - पद-शपथ | The Minister took the oath of office and secrecy. | मंत्री ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। |
| 4. | oath of secrecy | (n) - गोपनीयता-शपथ | CBI officials are required to take an oath of secrecy. | सी.बी.आई अधिकारियों को गोपनीयता की शपथ लेनी होती है। |
| 5. | oath taking ceremony | (n) - शपथ-ग्रहण समारोह | The oath-taking ceremony was well publicized by the media. | शपथ-ग्रहण समारोह का मीडिया द्वारा खूब प्रचार किया गया। |
| 6. | obedience | (n) - आज्ञापालन | Obedience is must for smooth functioning of government. | सरकार के सुचारू संचालन के लिए आज्ञापालन अनिवार्य है। |
| 7. | obituary | (n)- **स्मृति शेष,** निधन-सूचना पुण्यस्मृति | The obituary was published in all the leading dailies. | **स्मृति शेष** सभी प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। |
| 8. | object | (n) - वस्तु<br>(v)- आपत्ति करना, आक्षेप करना, | (n)- Unclaimed objects were put up for auction after a formal notification.<br>(v)-She objected to the unfair comments. | (n) -औपचारिक अधिसूचना के बाद दावा न की गई वस्तुओं को नीलामी के लिए रखा गया।<br>(v)-उसने अनुचित टिप्पणियों पर आपत्ति की। |
| 9. | objection | (n) - आपत्ति | One of the employees raised an objection to the seniority list finalized by the department. | एक कर्मचारी ने विभाग द्वारा तैयार की गई वरिष्ठता सूची पर आपत्ति की। |
| 10. | objective | (n)- उद्देश्य<br>(adj)- वस्तुनिष्ठ, विषयपरक, **वस्तुपरक, विषयनिष्ठ, वस्तुगत** | (n)- PSU was established with a multiplicity of objectives.<br>(adj)- Objective evaluation of papers should be carried out. | (n)- पीएसयू की स्थापना कई उद्देश्यों को लेकर की गई थी।<br>(adj)-प्रश्नपत्रों का **वस्तुपरक** मूल्यांकन किया जाना चाहिए। |
| 11. | objective type test | (n)- वस्तुनिष्ठ परीक्षा | Objective type tests measure an individual's | वस्तुनिष्ठ परीक्षा किसी व्यक्ति की विशेषताओं को इस तरह |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | characteristics in a way that is independent of rater bias. | मापती है कि वह निर्धारणकर्ता के पूर्वाग्रहों से स्वतंत्र हो। |
| 12. | objectivity | (n)- वस्तुनिष्ठता | Competitive exams bring about transparency and objectivity in the appointments. | प्रतियोगी परीक्षाओं से नियुक्तियों में पारदर्शिता और वस्तुनिष्ठता आती है। |
| 13. | objects and reasons | (n)- उद्देश्य और कारण | A statement of objects and reasons was circulated among the persons concerned. | संबंधित व्यक्तियों के बीच उद्देश्यों और कारणों की विवरणी परिचालित की गई। |
| 14. | obligation | (n)- 1. बाध्यता 2. दायित्व 3. आभार | The agreement with partners reflects mutual obligations. | साझेदारों के साथ समझौता आपसी दायित्वों को दर्शाता है\| |
| 15. | obligatory | (n)- बाध्यकर | It is not obligatory for the Department to offer an alternative posting. | विभाग वैकल्पिक स्थान पर तैनाती करने के लिए बाध्यकर नहीं है। |
| 16. | obscene | (adj)- अश्लील | The new law prohibits airing of obscene programs. | नए कानून के तहत अश्लील कार्यक्रमों को प्रसारित करने पर पाबंदी है। |
| 17. | obscene gesture | (n)- अश्लील भाव-भंगिमा | No employee can make any sort of obscene gesture in the Office. | कार्यालय में कोई कर्मचारी किसी प्रकार की अश्लील भाव-भंगिमा नहीं दर्शा सकता। |
| 18. | observance | (n) - पालन | This Code enlists ways to secure observance of the Act. | इस संहिता में अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के तरीके बताए गए हैं। |
| 19. | observation | (n) - 1 प्रेक्षण 2 टिप्पणी, **आकलन** | The Commission is in full agreement with the observations of these two Committees. | आयोग इन दोनों समितियों के **आकलन** से सहमत है। |
| 20. | observational method | (n) - प्रेक्षण प्रणाली | Through observational method the investigator gets a real picture of the behavior and the events. | प्रेक्षण प्रणाली के द्वारा जाँचकर्ता को व्यवहार और घटनाओं की सही जानकारी मिलती है। |
| 21. | observatory | (n)-1. (खगोलिकी) वेधशाला | Observatories all over the world could use | पूरे विश्व की वेधशालाएं इस तकनीक का इस्तेमाल कर |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्रेक्षणशाला | the technique. | सकती हैं. |
| 22. | observer | (n)- प्रेक्षक | the election results surprised many observers. | चुनाव परिणाम ने कई प्रेक्षकों को हैरत में डाल दिया। |
| 23. | obsolescence | (n)- अप्रचलन | The equipment being used in the observatory is nearing obsolescence. | प्रेक्षणशाला में प्रयोग किए जा रहे उपस्कर अप्रचलन के कगार पर हैं। |
| 24. | obsolescent | (n)- अप्रचलित | The Officer was concerned about the software becoming obsolescent. | अधिकारी को सॉफ्टवेयर के अप्रचलित होने की चिंता थी। |
| 25. | obsolete | (adj)- 1. अप्रचलित<br>**2. बेकार, पुराना, अनुपयोगी, गत प्रयोग** | 1. The Assistant was directed to make an inventory of the obsolete items.<br>2. The manager instructed the assistant to dispose of the obsolete stock lying in store. | 1. सहायक को अप्रचलित वस्तुओं की सूची बनाने का निदेश दिया गया।<br>2. प्रबंधक ने सहायक को स्टोर में पड़े **बेकार** स्टॉक के निपटान के लिए निर्देश दिए। |
| 26. | obstruct | (v) - रोकना,बाधा डालना | The demonstrators obstructed the way. | प्रदर्शनकारियों ने मार्ग रोक दिया। |
| 27. | obstruction | (n)- **अवरोध**, बाधा | The traffic was diverted due to an obstruction. | अवरोध के कारण यातायात को दूसरे मार्ग से भेजा गया। |
| 28. | obvious | (adv)- स्पष्ट | The reasons for suspension were quite obvious. | निलंबन के कारण स्पष्ट थे। |
| 29. | occasional | (adj) - यदाकदा, अनियत, **कभी कभी** | Occasional mistakes may be overlooked. | यदाकदा की गई गलतियों को नज़रंदाज़ किया जा सकता है। |
| 30. | occupancy | (n)-अधिभोग, दखल | The Secretary's new office is not ready for occupancy. | सचिव का नया कार्यालय अधिभोग के लिए तैयार नहीं है। |
| 31. | occupancy certificate | (n)-अधिभोग प्रमाणपत्र, दखल प्रमाणपत्र | Occupancy Certificate is a vital document for registration. | पंजीकरण के लिए अधिभोग प्रमाणपत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है। |
| 32. | occupancy rate | (n)-अधिभोग दर | Company issued a directive to improve the occupancy rate of their facilities. | कंपनी ने अपनी सुविधाओं की अधिभोग दर में सुधार करने का निदेश दिया । |
| 33. | occupancy right | (n)- अधिभोग अधिकार, | He got the occupancy rights after a long legal battle. | उसे एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अधिभोग अधिकार प्राप्त |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | दखल अधिकार | | हुआ। |
| 34. | occupant | (n)-अधिभोगी, दखलकार | The illegal occupant was asked to vacate the premises. | गैर-कानूनी अधिभोगी को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। |
| 35. | occupation | (n)- व्यावसाय, व्यवसायगत | It is a remunerative occupation. | यह एक लाभकारी व्यवसाय है। |
| 36. | occupational accident | (n)-व्यावसायगत दुर्घटना | The compensation due for the occupational accident was not accurately calculated. | व्यवसायगत दुर्घटना के लिए दिए जाने वाले मुआवज़े का आकलन सही नहीं था। |
| 37. | **occupational hazard** | (n)-**व्यावसायगत जोखिम** | Visual overload is an occupational hazard faced by editors. | दृष्टि अधिभार संपादकों के कार्य का **व्यावसायगत जोखिम** है। |
| 38. | occupational therapy | (n)-1. **व्यावसायिक उपचार**<br>**2. व्यवसाय चिकित्सा(विधि)** | Occupational therapy is a vital part of healthcare. | **व्यावसायिक उपचार** स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण घटक है। |
| 39. | occupy | (v) - 1 स्थान घेरना<br>2 दखल करना | If the Officer occupies the premises after the stipulated period, he will have to deposit the market rent. | यदि अधिकारी नियत अवधि के बाद भी परिसर पर कब्जा रखता है तो उसे बाज़ार दर से किराया जमा कराना होगा। |
| 40. | occurrence | (n)-घटना | This occurrence has an indirect bearing on the interest of the Government. | इस घटना का सरकार के हित पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। |
| 41. | octroi duty | (n)-चुंगी | Five Maharashtra cities replaced Octroi with local body tax. | महाराष्ट्र के पाँच शहरों में चुंगी के स्थान पर स्थानीय निकाय कर लगाया जाएगा। |
| 42. | off(day) | (n)-अवकाश | 14 April was declared an off for Ambedkar Jayanti. | 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के कारण अवकाश घोषित किया गया। |
| 43. | off day | (n)- छुट्टी का दिन | The staff deployed on weekly off days should be given a compensatory leave. | साप्ताहिक छुट्टी के दिन कार्य पर तैनात कर्मचारियों को एक प्रतिपूरक छुट्टी दी जानी चाहिए। |
| 44. | off duty | (n)- 1. काम पर न होना | The stranger happened to be an off duty policeman. | वह अजनबी एक पुलिसवाला था जो उस समय काम पर नहीं था। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. काम के बाद | | |
| 45. | offence | (n)- अपराध | Suppression of information in the form will be considered an offence. | प्रपत्र में पूरी जानकारी न देने को अपराध माना जाएगा। |
| 46. | offender | (n)- अपराधी | There is a law to pros ecute the offender. | अपराधी को सज़ा देने के लिए कानून है। |
| 47. | offensive | (adj) – 1. **अपमानजनक/ आपत्तिजनक** 2. अप्रिय,कटु, आक्रामक 3. बदबूदार | (n)- The Foreign Secretary has termed the discussion offensive.<br>(adj)- 2. The offensive content was promptly removed from the website.<br>3. There was an offensive odor in the room. | (adj)- 1. विदेश सचिव ने चर्चा को **आपत्तिजनक** बताया है।<br>2. अप्रिय सामग्री को तुरंत वैबसाइट से हटा लिया गया।<br>3. कमरे में बदबूदार गंध भरी थी। |
| 48. | offer | (n)- प्रस्ताव<br>(v) - देना | (n)- The offer was politely turned down.<br>(v) - The Secretary offered personal guidance to the Officer. | (n)- प्रस्ताव को विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया गया।<br>(v)- सचिव ने अधिकारी को व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया। |
| 49. | offer of appointment | (n) - नियुक्ति प्रस्ताव | (n) - He was delighted to receive the offer of appointment. | वह नियुक्ति प्रस्ताव पाकर बहुत खुश था। |
| 50. | office | (n) – 1. कार्यालय,दफ्तर 2. पद | 1. The office was shifted to the new building.<br>2. He has previously held a high office under Government. | 1. कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया।<br>2. इससे पूर्व वह ऊँचे सरकारी पद पर रह चुके हैं। |
| 51. | office bearer | (n) - पदाधिकारी | He was an office-bearer of the district minority cell until recently. | वह कुछ समय पहले तक जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पदाधिकारी था। |
| 52. | office campus/ office complex | (n) - कार्यालय परिसर | No Government employee should play cards inside office campus. | किसी सरकारी कर्मचारी को कार्यालय परिसर के अंदर ताश नहीं खेलना चाहिए। |
| 53. | office copy | (n) - कार्यालय प्रति | The Office copy was kept in the file. | कार्यालय प्रति फाइल में रखी गई थी। |
| 54. | office hours | (n) – कार्यालय- | Office hours are from 09.30 to 18.00 hrs. | कार्यालय-समय 09.30 से 1800 |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | समय | | बजे तक है। |
| 55. | office layout | (n) - कार्यालय अभिन्यास | The Office layout was changed. | कार्यालय अभिन्यास में बदलाव किया गया। |
| 56. | office maintenance | (n) - कार्यालय रखरखाव, कार्यालय अनुरक्षण | A separate grant was sanctioned for office maintenance. | कार्यालय के रखरखाव के लिए अलग से अनुदान संस्वीकृत किया जाता है। |
| 57. | office manual | (n) - कार्यालय नियमावली | The second edition of the Office Manual was brought out in 1942. | कार्यालय नियमावली का दूसरा संस्करण 1942 में निकाला गया। |
| 58. | office memorandum | (n) - कार्यालय ज्ञापन | Attention is invited to the Ministry of Home Affairs, Office Memorandum on discipline in office. | कृपया कार्यालय में अनुशासन संबंधी गृह मंत्रालय का कार्यालय ज्ञापन देखें। |
| 59. | office note | (n) - कार्यालय टिप्पणी | The Secretary made a mention of it in the office note. | सचिव ने कार्यालय टिप्पणी में इसका उल्लेख किया। |
| 60. | office of profit | (n) - लाभ का पद | He cannot hold an office of profit as per rules. | नियमानुसार वह कोई लाभ का पद धारण नहीं कर सकता। |
| 61. | office order | (n) - कार्यालय आदेश | The office-order for transfer has not been issued. | स्थानांतरण के लिए कार्यालय आदेश जारी नहीं किए गए हैं। |
| 62. | office premises | (n) - कार्यालय परिक्षेत्र | Smoking is prohibited in the office premises. | कार्यालय परिक्षेत्र में धूम्रपान वर्जित है। |
| 63. | officer | (n) - अधिकारी, अफसर | The officer checked the accounts | अधिकारी ने लेखाओं की जांच की। |
| 64. | office staff | (n) - कार्यालय स्टाफ, कार्यालय कर्मचारीगण **कार्यालय कर्मचारी वृन्द** | 1. Office staff was aware of the situation.<br>2. Each office staff has their own duties and responsibilities. | 1. कार्यालय स्टाफ स्थिति से अवगत था।<br>2. प्रत्येक **कार्यालय कर्मचारी वृन्द** की अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारियां हैं। |
| 65. | official | (n) - पदधारी<br>(adj)- 1. शासकीय, सरकारी<br>2. आधिकारिक | (n) - The direction of the superior official shall ordinarily be in writing.<br>(adj)- 1. All Government servants may perform his | (n)- वरिष्ठ अधिकारी के निदेश सामान्यतः लिखित में दिए जाएंगे।<br>(adj)- 1. सभी सरकारी कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों का |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | official duties diligently. 2. The information is available on the official website. | वहन कर्मठतापूर्वक करें। 2. यह जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। |
| 66. | official benches | (n) - सरकारी पक्ष | The official bench produced the records. | सरकारी पक्ष ने रिकॉर्ड प्रस्तुत किया। |
| 67. | official business | (n) - सरकारी काम | The cost of travelling on official business is borne by the employing Department. | सरकारी काम के लिए की जाने वाली यात्रा का खर्च नियोक्ता विभाग वहन करता है। |
| 68. | official capacity | **आधिकारिक स्थिति,** पदीय हैसियत | Misuse of official capacity by a public servant is an offense. | लोक सेवक द्वारा अपनी **आधिकारिक स्थिति** का दुरुपयोग अपराध है। |
| 69. | official communication | (n) - 1 आधिकारिक सूचना 2 आधिकारिक पत्र | The University will send official communications to students by e-mail. | विश्वविद्यालय छात्रों को आधिकारिक सूचना ई - मेल के माध्यम से भेजेगा। |
| 70. | officialdom | (n) - 1 अधिकारी-वर्ग 2 अफसरशाही | Officialdom was concerned about the welfare of employees. | अधिकारी-वर्ग कर्मचारियों के कल्याण के लिए चिंतित था। |
| 71. | official duty | (n) - पदीय कर्तव्य, सरकारी काम | He was penalized for not discharging his official duty properly. | उसे अपने पदीय कर्तव्य का ठीक से निर्वहन न करने के लिए दंडित किया गया। |
| 72. | officialese | (n) - कार्यालयी भाषा | The reply, penned in officialese, was exhaustive. | कार्यालयी भाषा में लिखा गया उत्तर व्यापक था। |
| 73. | official gallery | (n) - सरकारी दीर्घा | The historical documents were put up in the official gallery. | ऐतिहासिक दस्तावेज़ों को सरकारी दीर्घा में रखा गया। |
| 74. | official language | (n) - राजभाषा | Under Article 343 of the Constitution, Hindi shall be the official language of the Union. | संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत, हिंदी संघ की राजभाषा होगी। |
| 75. | officially | (adv)-1.आधिकारिक तौर पर 2. सरकारी तौर पर | The tour has been postponed officially. | दौरे को आधिकारिक तौर पर स्थगित कर दिया गया। |
| 76. | official report | (n) - सरकारी | Requisite information is available in the | अपेक्षित जानकारी सरकारी |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | रिपोर्ट, सरकारी प्रतिवेदन, | official report. | रिपोर्ट में उपलब्ध है। |
| 77. | official secret | सरकारी गुप्त बात, **शासकीय गुप्त बात** | 1. The law relating to official secrets should be consolidated.<br>2. The employees are strictly instructed not to discuss official secrets in public. | 1. **शासकीय गुप्त बात** से संबंधित कानून को समेकित किया जाना चाहिए।<br>2. कर्मचारियों को सख्त निर्देश हैं कि वे सरकारी गुप्त बातों की सार्वजनिक रूप से चर्चा न करें। |
| 78. | official version | (n)- **1. आधिकारिक विवरण** 2. सरकारी कथन 3. अधिकारिक कथन | The official version of the compensation plan has been released. | क्षतिपूर्ति योजना का **आधिकारिक विवरण** जारी कर दिया गया है। |
| 79. | officiating | (n) , (v) – स्थानापन्न | He was made the officiating Officer until the arrival of the new High Commissioner. | नए उच्चायुक्त के कार्यभार ग्रहण करने तक उन्हें स्थानापन्न बनाया गया। |
| 80. | officiating allowance | (n) - स्थानापन्न भत्ता | The Officer holding the duties of the higher post does not get any officiating allowance. | उच्च पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले अधिकारी को स्थानापन्न भत्ता देय नहीं होगा। |
| 81. | officiating appointment | (n) - स्थानापन्न नियुक्ति | Though it was an officiating appointment it continued for long. | यद्यपि वह स्थानापन्न नियुक्ति थी किंतु काफी समय तक चलती रही। |
| 82. | officiating arrangement | (n) - स्थानापन्न व्यवस्था | The department made an officiating arrangement during his absence. | विभाग ने उसकी अनुपस्थिति के दौरान स्थानापन्न व्यवस्था की। |
| 83. | officiating capacity | (n) - स्थानापन्न हैसियत, स्थानापन्न रूप | He held the office in officiating capacity. | वह उस पद पर स्थानापन्न हैसियत से था। |
| 84. | officiating pay | (n) - स्थानापन्न वेतन | Officiating pay was fixed as per rules. | स्थानापन्न वेतन नियमानुसार तय किया गया। |
| 85. | officiating post | (n) – स्थानापन्न पद | He did not take any policy decision while he was on the | स्थानापन्न पद पर रहते हुए उसने कोई नीतिगत निर्णय नहीं |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | officiating post. | लिया। |
| 86. | off the job training | (n) - कार्येतर प्रशिक्षण | The employee was nominated for off the job training. | कर्मचारी को कार्येतर प्रशिक्षण के लिए नामांकित किया गया। |
| 87. | off the record | (n) – 1. **दर्ज न करना** 2. **अनाधिकारिक रूप से**, रिकॉर्ड से बाहर | 1. This meeting may be kept off the record. 2. The panel first discussed the educational plan off the record. | 1. इस बैठक को **दर्ज न किया** जाए। 2. पैनल ने **अनाधिकारिक रूप से** शैक्षिक योजना पर चर्चा की। |
| 88. | okay(O.K.) | (n)- ठीक है (adv)- समर्थन करना | (n)- Earlier the production division was in a bad state, but now it is okay. (adv)-The Managing Director gave the okay to issue a new press release. | (n)- उत्पाद विभाग पहले बुरी हालत में था लेकिन अब ठीक है। (adv)-प्रबंध निदेशक ने नई प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। |
| 89. | Old age pension | (n) - वृद्धावस्था पेंशन | His application for old-age pension was processed promptly. | वृद्धावस्था पेंशन के लिए उसके आवेदन का तुरंत निपटान किया गया। |
| 90. | ombudsman | (n) - लोकपाल, ऑम्बड्समैन | The Law Society accepted the ombudsman's recommendations in most of the cases. | लॉ सोसाइटी ने अधिकांश मामलों में लोकपाल की सिफारिशें स्वीकार की। |
| 91. | omission | (n) - 1 लोप 2 चूक | 1. There was no omission in the report 2. The omission was rectified | 1. रिपोर्ट में कोई लोप नहीं था। 2. चूक को सुधारा गया था\| |
| 92. | on account grant | (n) - लेखागत अनुदान | The company has received an on account grant. | कंपनी को लेखागत अनुदान प्राप्त हुआ है। |
| 93. | on call | **(adv)- बुलाने पर उपलब्ध** कार्य-बुलावा | The doctor is available on call during the weekend. | सप्ताहांत की अवधि में डॉक्टर **बुलाने पर उपलब्ध** रहता है। |
| 94. | on call payment | (n) - कार्य-बुलावा भुगतान, **बुलावा भुगतान** | The doctor received the on call payment. | डॉक्टर ने कार्य **बुलावा भुगतान** प्राप्त किया। |
| 95. | on demand | (n) - मांगने पर | Records were made available on demand. | मांगने पर आँकड़े उपलब्ध कराए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गए। |
| 96. | on deputation | (n) - प्रतिनियुक्ति पर | He held the post on deputation. | वह उस पद पर प्रतिनियुक्ति पर था। |
| 97. | on duty | (n) - काम पर, ड्यूटी पर | The Security Guard was on-duty all night. | सुरक्षा कर्मी पूरी रात ड्यूटी पर था। |
| 98. | one-man commission | (n) - एक सदस्यीय आयोग | Cabinet has approved the constitution of one-man commission. | कैबिनेट ने एक सदस्यीय आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। |
| 99. | onerous | (a) – **कठिन**, दुर्भर,दुर्वह | The research was not too onerous. | अनुसंधान कार्य बहुत कठिन नहीं था\| |
| 100. | one-sided | (a) – 1. एकपक्षीय<br>**2. पक्षपातपूर्ण** | 1. The match was a totally one-sided affair.<br>2. It was a one-sided judgement. | 1. मैच पूर्णतः एकपक्षीय रहा।<br>2. वह **पक्षपातपूर्ण** निर्णय था। |
| 101. | one-to-one correspondence | (adv)- एकैक संगति | The cashier was instructed to check the entries in the register on a one to one correspondence. | कोषाध्यक्ष को रजिस्टर की प्रविष्टियों का एकैक संगति करने का निर्देश दिया गया। |
| 102. | one way traffic | (n) - इकतरफा यातायात | One way traffic reduces risks of crashes. | इकतरफा यातायात से टक्कर का जोखिम कम हो जाता है। |
| 103. | online | (n)- लाइन पर<br>(adj)- **ऑनलाइन (इंटरनेट के माध्यम से)**<br>**(adv)-ऑनलाइन (इंटरनेट )** | (n)- The new train was put on line for trial.<br>(adj)- All visa seekers may apply for the Indian Visa through Online application link.<br>**(adv)**-Today, a great deal of business is taking place online. | (n)- नई रेल को परीक्षण के लिए लाइन पर चलाया गया।<br>(adj)-वीजा चाहने वाले सभी व्यक्ति **ऑनलाइन** लिंक के माध्यम से भारतीय वीजा के लिए आवेदन करें।<br>**(adv)**-आज बहुत-सा कारोबार **ऑनलाइन** हो रहा है। |
| 104. | on probation | (n) - परिवीक्षाधीन | After joining the office employee was put on probation for a period of two years. | कार्यालय में काम संभालने के बाद कर्मचारी दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन था। |
| 105. | on special duty | (n) - विशेष ड्यूटी पर,<br>विशेष कार्य पर | The State government has appointed him as officer on special duty to the chief minister. | राज्य सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है । |
| 106. | on the job training | (n) - कार्यगत | One can advance his employment | कार्यगत प्रशिक्षण में सहभागिता |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षण | prospects by learning a new skill through participation in on-the-job training | से नया कौशल सीखकर व्यक्ति अपने नियोजन की संभावनाएं बढ़ा सकता है। |
| 107. | onus | (n)- **जिम्मेदारी,** दायित्व | The onus is on employers to follow health and safety laws. | स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का पालन करने की **जिम्मेदारी** नियोक्ताओं पर है। |
| 108. | onward journey | (n) - आगे की यात्रा | The officer resumed his onward journey after one day's halt. | अधिकारी ने एक दिन के पड़ाव के बाद अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की। |
| 109. | open advertisement | (n) - खुला विज्ञापन | The company placed an open advertisement in the employment news for filling up the post of manager. | कंपनी ने प्रबंधक के पद को भरने के लिए रोज़गार समाचार में खुला विज्ञापन दिया। |
| 110. | open communication | (n) - मुक्त संचार | Any company can survive without open communication, but very few organizations thrive without it. | कोई भी कंपनी मुक्त संचार के बिना अस्तित्व तो बनाए रख सकती है, लेकिन बहुत कम संगठन इसके बिना सफल होते हैं। |
| 111. | open competitive test | (n) - खुली प्रतियोगी परीक्षा | A number of candidates applied for open competitive test for the post of Auditor. | लेखा परीक्षक के पद के लिए खुली प्रतियोगी परीक्षा हेतु उम्मीदवारों ने काफी संख्या में आवेदन किया। |
| 112. | open day | (n) – 1. मुक्त दिवस<br>2. कार्य दिवस | Public was invited to visit the University campus on the open day. | मुक्त दिवस पर जनता को विश्वविद्यालय परिसर का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया गया। |
| 113. | open delivery | (n) - खुली सुपुर्दगी | Since the consignment arrived in a damaged condition the company demanded an open delivery. | पार्सल के क्षतिग्रस्त हालत में पहुंचने के कारण कंपनी ने खुली सुपुर्दगी की मांग की। |
| 114. | open discussion | (n) - खुली बहस, खुली चर्चा | A lot of issues were solved during the open discussion conducted in the office. | कार्यालय में आयोजित खुली चर्चा के दौरान बहुत से मुद्दों का समाधान हो गया। |
| 115. | open door system | (n) - मुक्त-द्वार | Open door system encourages | मुक्त-द्वार व्यवस्था |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | व्यवस्था, **मुक्त आवागमन,** | employees to interact with management. | कर्मचारियों को प्रबंधन के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। |
| 116. | opening | (n) – 1. उद्घाटन 2. अवसर 3. खाली जगह 4. **रिक्ति** **(adj)- आरंभिक** | (n)-1. The President was invited to the Opening of the new exhibition. 2. Joining such a prestigious college will provide a good opening for her career. 3. There was a small opening in the forest. 4. There are several openings in the sales department. (adj)- Opening lines of the lecture were very catchy. | (n)-1. राष्ट्रपति को नई प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। 2. प्रतिष्ठित कॉलेज में जाना उसके कैरियर के लिए एक अच्छा अवसर होगा। 3. जंगल के बीचोबीच एक खुला स्थान था। 4. बिक्री विभाग में कई **रिक्तियां** हैं। (adj)- भाषण के **आरंभिक** वाक्य बहुत आकर्षक थे। |
| 117. | opening balance | **आरंभिक शेष,** अथ शेष | The Cashier checked the opening balance before starting the transactions. | खजांची ने लेनदेन शुरू करने से पहले **आरंभिक शेष** की जाँच की। |
| 118. | opening ceremony | उद्घाटन समारोह | People all over the world watched the direct transmission of the opening ceremony of the Olympics. | दुनिया भर के लोगों ने ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण देखा। |
| 119. | opening hours | (n) – खुले रहने का समय | Opening hours of the university library are 8am. to 6pm. | विश्वविद्यालय पुस्तकालय के खुले रहने का समय सुबह 08:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक है। |
| 120. | open learning | **(n) – मुक्त शिक्षा** | Open learning is an innovative initiative in education. | शिक्षा के क्षेत्र में **मुक्त शिक्षा** एक अभिनव पहल है। |
| 121. | open letter | (n) – खुला पत्र | The Chancellor wrote an open letter to the students to assure them. | कुलपति ने छात्रों को आश्वस्त करने के लिए एक खुला पत्र लिखा। |
| 122. | open market | (n) – खुला बाजार | The Bank is authorized to sell bonds in the open market . | बैंक खुले बाजार में बांड बेचने के लिए अधिकृत है। |
| 123. | **open market operations** | (n)- **खुला बाजार परिचालन** | Open market operations are | **खुला बाजार परिचालन** मौद्रिक नीति का प्रमुख साधन है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the principal tools of monetary policy. | |
| 124. | open market policy | (n) – खुला बाजार नीति | Open-market policy can be used to stabilize the prices of government securities. | खुला बाजार नीति सरकारी प्रतिभूतियों की कीमतों को स्थिर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। |
| 125. | open school | (n) – मुक्त विद्यालय | Open School provides a great opportunity to the students who were not able to complete their school education due to several reasons. | मुक्त विद्यालय ऐसे छात्रों के लिए एक बहुत अच्छा अवसर प्रदान करता है जो किन्हीं कारणों से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर पाए थे। |
| 126. | open secret | (n) – खुला रहस्य | It is an open secret that the security service bugged telephones. | यह एक खुला रहस्य है कि सुरक्षा सेवा ने टेलीफोनों में छिपे हुए माइक्रोफ़ोन लगाए। |
| 127. | open session | (n) – 1. खुला अधिवेशन<br>2 खुला सत्र | (n)- 1. Economic resolution was discussed in an open session of the party.<br>2. The school invited the parents for an open session. | (n) – 1. आर्थिक प्रस्ताव पर दल के खुले अधिवेशन में चर्चा की गई।<br>2. स्कूल ने माता-पिता को एक खुले सत्र के लिए आमंत्रित किया। |
| 128. | open space | (n) – खुली जगह | As the number of migrants are increasing, open spaces in the city are decreasing. | शहर में प्रवासियों की संख्या में वृद्धि होने से खुली जगह कम हो रही है। |
| 129. | open system | (n) – मुक्त व्यवस्था | Open systems take inputs from the environment, proc ess and transform them, and send them back to the environment as output. | मुक्त व्यवस्था के अंतर्गत आसपास के वातावरण से जानकारी लेकर, उस पर काम करके और परिवर्तित करके आउटपुट के रूप में पर्यावरण को वापस भेजा जाता है। |
| 130. | open tender | (n) – खुली निविदा | An open tender process is an invitation to tender by public advertisement. | खुली निविदा प्रक्रिया में सार्वजनिक विज्ञापन द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। |
| 131. | open training | (n) – मुक्त | The cricket academy | क्रिकेट अकादमी पंद्रह दिन के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षण | is conducting open training for a fortnight. | लिए मुक्त प्रशिक्षण का आयोजन कर रही है। |
| 132. | open university | (n) – मुक्त विश्वविद्यालय | Open University conducts distance mode courses. | मुक्त विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करता है| |
| 133. | operating cost | (n) – प्रचालन लागत | Operating costs include both fixed costs and variable costs. | प्रचालन लागत में नियत और अस्थिर लागत दोनों शामिल हैं। |
| 134. | operating staff | (n) – प्रचालन स्टाफ, प्रचालन अमला | The project manager congratulated the operating staff on achieving the target. | परियोजना प्रबंधक ने लक्ष्य पूरा होने पर प्रचालन स्टाफ को बधाई दी। |
| 135. | operation | 1 **सैन्य कार्रवाई**<br>2.प्रचालन, संक्रिया<br>3. शल्यकर्म | 1. A military operation was conducted to comb the area of terrorists.<br>2. Operations in the factory went on as usual.<br>3. The doctor removed the bullet from the body after a long operation. | 1. क्षेत्र से आतंकवादियों का सफाया करने के लिए **सैन्य कार्रवाई** की गई।<br>2. कारखाने का प्रचालन सामान्य रूप से चलता रहा।<br>3. लंबे समय तक चले शल्यकर्म के बाद डॉक्टर ने शरीर से गोली निकाल दी। |
| 136. | operational budget | (n) – प्रचालन बजट, | An operating budget is a financial budget used for managing current expenses. | प्रचालन बजट मौजूदा खर्च के प्रबंधन के लिए प्रयोग किया जाने वाला वित्तीय बजट है। |
| 137. | operational expenses | (n) – प्रचालन व्यय | Operational expenditure is the money a company spends on an ongoing, day-to-day basis in order to run a busines. | प्रचालन व्यय किसी कंपनी के व्यापार को चलाने के लिए रोजमर्रा में किया जाने वाला व्यय है। |
| 138. | operational planning | (n) – प्रचालन आयोजना | Operational planning forms part of the business's strategic plan and is important for effective business leadership | प्रचालन आयोजना व्यापार की रणनीतिक योजना का हिस्सा है और व्यापार के प्रभावी नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है। |
| 139. | operational research | (n)- संक्रियात्मक अनुसंधान | The Managing Director signified the | प्रबंध निदेशक ने उपयुक्त संक्रियात्मक अनुसंधान, |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | importance of developing suitable operations research, techniques and models. | तकनीक और मॉडल विकसित करने का महत्व बताया। |
| 140. | operations review | (n) – **संक्रिया अनुसंधान,** प्रचालन समीक्षा | The operational review holds the key to keeping your company on top. | कंपनी को शीर्ष पर रखने के लिए प्रचालन समीक्षा अत्यावश्यक है। |
| 141. | operative | (n)- 1. कर्मी, प्रचालक 2. प्रवर्ती, प्रवर्तनशील, **(adj)- चालू** | (n)- 1. The intelligence agency keeps the identity of its operatives secret so as to protect them. 2. The operative schemes for implementing the strategy were discussed in the meeting. **(adj)-** The scheme has been operative since 1992. | (n)- 1. आसूचना संस्था ने अपने कर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए उनकी पहचान गुप्त रखी। 2. बैठक में कार्यनीति को लागू करने संबंधी प्रवर्ती स्कीमों पर चर्चा की गई। **(adj)-** यह स्कीम 1992 से **चालू** है। |
| 142. | operative office | (n) – प्रचालक कार्यालय | Though the headquarters of the MNC is located in Singapore, an operative office has been opened in Kolkata. | कंपनी का मुख्यालय तो सिंगापुर में है, एक प्रचालक कार्यालय कोलकाता में खोला गया है। |
| 143. | operative staff | (n) – प्रचालक स्टाफ | The operative staffs are the backbone of every industry. | प्रचालक स्टाफ हर उद्योग का आधार है। |
| 144. | ophthalmology | (n) – नेत्रविज्ञान | The practice of ophthalmology can be one of the most satisfying medical professions. | नेत्र विज्ञान सबसे संतोषजनक चिकित्सा व्यवसाय हो सकता है। |
| 145. | opinion | (n) – राय, मत | The disciplinary authority is of the opinion that there are grounds for inquiring into the case. | अनुशासनिक प्राधिकारी की राय है कि मामले की जांच के लिए पर्याप्त आधार हैं। |
| 146. | opinion poll | (n) – मत सर्वेक्षण | Before the general election, 2014, various organisations carried out opinion | आम चुनाव, 2014 से पहले विभिन्न संगठनों ने मत सर्वेक्षण किया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | polls. | |
| 147. | opportune moment | (n) – उपयुक्त समय | The party leaders were waiting for an opportune moment to announce the decision. | पार्टी नेता अपने निर्णय की घोषणा करने के लिए उपयुक्त समय का इंतजार कर रहे थे। |
| 148. | opportunity | (n) – अवसर | Every employee should get an equal opportunity to learn. | प्रत्येक कर्मचारी को सीखने के लिए समान अवसर मिलना चाहिए। |
| 149. | opposition | (n) – 1 विरोध<br>2 विपक्ष, विरोधी दल | (n)-1. He encountered opposition from every quarter.<br>2. The opposition criticized every move of the ruling party. | (n)- 1. उसे हर ओर से विरोध का सामना करना पड़ा।<br>2. विपक्ष ने शासी पार्टी के हर कार्य की आलोचना की। |
| 150. | optimum utilization | (n) – इष्टतम उपयोग | The Government is responsible for the planning, administration, protection<br><br>and optimum utilizatio n of the natural resources. | सरकार प्राकृतिक संसाधनों के नियोजन, प्रशासन, सुरक्षा और इष्टतम उपयोग के लिए जिम्मेदार है। |
| 151. | option | (n) – विकल्प | The employees have the option of availing LTC to home town once every year. | कर्मचारियों के पास विकल्प है कि वे प्रत्येक वर्ष गृह नगर के लिए छुट्टी यात्रा रियायत ले सकते हैं। |
| 152. | optional | (adj.)<br>(adv.)वैकल्पिक | The earlier Pay Commissions considered the issue of making the GPF optional. | पिछले वेतन आयोग ने सामान्य भविष्य निधि को वैकल्पिक बनाने के मुद्दे पर विचार किया। |
| 153. | oral | (adj.) 1. मौखिक, जबानी<br>2. **मुख संबंधी** | 1. Oral direction to subordinates shall be avoided, as far as possible.<br>2. The school conducted examination for oral diseases in the children | 1. जहाँ तक संभव हो, अधीनस्थों को मौखिक निर्देश नहीं दिया जाने चाहिए चाहिए।<br>2. स्कूल में बच्चों की मुख संबंधी रोगों की जांच की गई। |
| 154. | oral admission | (n) – मौखिक स्वीकृति | The oral admission was recorded and presented as evidence. | मौखिक स्वीकृति रिकॉर्ड की गई और साक्ष्य के रूप में उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गया। |
| 155. | oral consulation | (n) – मौखिक परामर्श | The officer sought appointment for an oral consultation. | अधिकारी ने मौखिक परामर्श के लिए मिलने का समय मांगा। |
| 156. | oral evidence | (n) – मौखिक साक्ष्य | Section 60 of the Indian Evidence Act, 1872 prescribed the provision of recording oral evidence. | भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 60 में, मौखिक साक्ष्य रिकॉर्डिंग के प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। |
| 157. | oral warning | (n) – मौखिक चेतावनी* | Since it was a minor offense, the employee was let off with an **oral warning.** | कर्मचारी का अपराध मामूली होने के कारण उसे **मौखिक चेतावनी** देकर छोड़ दिया गया। |
| 158. | order | (n) – 1 आदेश 2 व्यवस्था* 3 क्रम | The department has conducted the meeting of DPC but the **orders** are yet to be issued. | विभाग ने विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक कर ली है, किंतु अभी आदेश जारी करना बाकी है। |
| 159. | order cheque | (n) – आदेश चेक | In an **order cheque** the payee can transfer his right by an endorsement of the cheque in another individual's favour. | आदाता किसी **आदेश चेक** के द्‌वारा अपने अधिकार किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्तांतरित कर सकता है। |
| 160. | order of appointment | (n) – नियुक्ति आदेश | Terms and conditions of the appointment should be clearly stipulated in the order of appointment. | नियुक्ति की शर्तों का **नियुक्ति आदेश** में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। |
| 161. | order of merit | (n) – योग्यताक्रम | After getting to the top of the Asian Tour **Order of Merit**, Indian golfer Anirban Lahiri has now set himself another goal of maintaining the numero uno position | एशियाई टूर **योग्यताक्रम** में शीर्ष स्थान मिलने के बाद,भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने स्वयं को नंबर वन पर बनाए रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। |
| 162. | order of precedence | 1. (n) – वरीयता क्रम<br>2. पूर्वता-क्रम | The **order of Precedence** is meant for State and Ceremonial occasions and has no application in the day-to-day business of Government. | **वरीयता क्रम** राज्य और औपचारिक अवसरों के लिए है और सरकार के रोजमर्रा के कारोबार में इसका कोई प्रयोग नहीं है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 163. | order of priority | (n) – प्राथमिकता-क्रम | The candidate was asked to enlist his choice of station in the **order of priority.** | उम्मीदवार से उसकी पसंद के स्टेशन को **प्राथमिकता-क्रम** में सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया। |
| 164. | order ofreservation | (n) – आरक्षण क्रम | Promotion at all levels is granted on **order of reservation**. | सभी स्तरों पर पदोन्नति **आरक्षण क्रम** से दी जाती है। |
| 165. | order of seniority | (n) – वरिष्ठता-क्रम | The promotions are granted in the **order of seniority**. | पदोन्नतियां **वरिष्ठता क्रम** से की जाती हैं। |
| 166. | ordinance | (n) – अध्यादेश | **Ordinances** are temporary laws which can be issued by the President when Parliament is not in session. | **अध्यादेश** ऐसे अस्थायी कानून हैं जो संसद के सत्र में न होने पर राष्ट्रपति द्वारा जारी किए जा सकते हैं। |
| 167. | ordinary call | (n) – सामान्य कॉल | The staff was motivated by the **ordinary call** made by the Chairman. | अध्यक्ष के **सामान्य कॉल** ने स्टाफ को प्रेरित कर दिया। |
| 168. | ordinary member | (n) – साधारण सदस्य | All ordinary members of the council are eligible to vote /contest in the elections of the Council. | परिषद के सभी साधारण सदस्य परिषद के चुनाव में मतदान करने/ खड़े होने के पात्र हैं। |
| 169. | ordnance factory | (n) – आयुध निर्माणी* | There are 41 **Ordnance Factories** all over India under Ministry of Defence at 24 different locations. | भारत में रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत 41 **आयुध निर्माणी** हैं जो 24 विभिन्न स्थानों पर हैं। |
| 170. | organised sector | (n) – संगठित क्षेत्र | As per reports the overall employment in the **organized sector** has been on the decline. | रिपोर्टों के अनुसार **संगठित क्षेत्र** में कुल रोज़गार में गिरावट आई है। |
| 171. | organ | (n) – 1. मुखपत्र, पत्रिका*<br>2. संस्थान,<br>3. साधन,<br>5. ***अंग*** | 1. First published in September 1920, The Independent Hindustan was the official **organ** of Hindustan Gadar Party. 2. The Judicial Service is an important **organ** of the State. 3. Prior | 1. सबसे पहले सितंबर 1920 में प्रकाशित स्वतंत्र हिंदुस्तान, हिंदुस्तान गदर पार्टी का आधिकारिक **मुखपत्र** था। 2. न्यायिक सेवा राज्य का महत्वपूर्ण **संस्थान** है। 3. मानव **अंगों** को निकालने अथवा उनके |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | approval of the Authorisation Committee shall be required before removing or transplanting human **organ**. | प्रत्यारोपण से पहले प्राधिकार समिति का पूर्वानुमोदन आवश्यक है। |
| 172. | organization | (n) – 1 संगठन 2 आयोजन | The World Trade Organization implement with the global rules of trade between nations. | विश्व व्यापार संगठन राष्ट्रों के बीच व्यापार संबंधी वैश्विक नियमों को लागी करता है। |
| 173. | organizational climate | (n) – संगठन परिवेश | **Organizational climate** has a major influence on the performance of employees. | कर्मचारियों के प्रदर्शन पर **संगठनात्मक परिवेश** का बहुत प्रभाव पड़ता है । |
| 174. | organizational structure | (n) – संगठनात्मक संरचना | **Organizational structure** is a system used to define a hierarchy within an organization. | **संगठनात्मक संरचना** किसी संगठन के भीतर पदानुक्रम को परिभाषित करने की प्रणाली है |
| 175. | organization and methods (O&M) | (n) – संगठन एवं पद्धति* | Work relating to Organization and Methods in Central Government Office is given in detail in the office procedure manual. | केंद्र सरकार के कार्यालय के **संगठन और पद्धति** से संबंधित प्रक्रिया कार्यालय प्रक्रिया नियमपुस्तक में विस्तार से दी गई है। |
| 176. | organization and system | (n) – संगठन और तंत्र | Chairman’s initiative made **organization and system** more efficient. | अध्यक्ष की पहल से **संगठन और तंत्र** और अधिक कार्यकुशल हो गया। |
| 177. | organization chart | संगठन चार्ट | The **organization chart** placed at the website is updated regularly. | वेबसाइट पर दिया गया **संगठन चार्ट** नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है |
| 178. | organization pyramid | (n) – संगठन पिरामिड | Authority and decision-making power are concentrated at the top of the **organization pyramid**. | प्राधिकार और निर्णय लेने की शक्ति एक **संगठन पिरामिड** के शीर्ष पर केंद्रित रहती है। |
| 179. | Organization theory | (n) – संगठन सिद्धांत | Same type of **organization theory** concepts do not apply to all types of | **संगठन सिद्धांत** की एक ही प्रकार की अवधारणा सभी उद्योगों में सब प्रकार के संगठनों पर लागू |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | organizations in all industries. | नहीं होती। |
| 180. | organize | (v)- 1 आयोजित करना 2 ***व्यवस्थित करना,*** संगठित करना | The school **organized** a seminar on disaster management. | स्कूल ने आपदा प्रबंधन पर एक संगोष्ठी **आयोजित** की। |
| 181. | organizer | (n) – 1 आयोजक 2 संगठनकर्ता | The **organizer** had expected large gathering to attend the concert. | **आयोजक** का अनुमान था कि संगीत सभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। |
| 182. | organizing committee | (n) – आयोजन समिति* | The arrangements for the conference were made by the local **organizing committee**. | सम्मेलन की व्यवस्था स्थानीय **आयोजन समिति** ने की। |
| 183. | organizing secretary | (n) – आयोजन मंत्री, आयोजन सचिव | The **organizing secretary** monitored the arrangements for the event. | **आयोजन सचिव** ने कार्यक्रम की व्यवस्था की निगरानी की। |
| 184. | oriental | (adj.)- ***पूर्वीय,*** प्राच्य | 1. Adyar Library and Research Centre has gradually grown into a research centre in **oriental** studies. 2. In many western Universities of Indian culture is taught under the **oriental** studies department. | 1. अड्यार लाइब्रेरी और रिसर्च सेंटर धीरे - धीरे **प्राच्य** अध्ययन का अनुसंधान केंद्र बन गया है। 2. पश्चिमी देशों के कई विश्वविद्यालयों में भारतीय संस्कृति को **प्राच्य** विद्या विभाग के अंतर्गत पढ़ाया जाता है। |
| 185. | orientation | (n) – अभिविन्यास (v)- ***उन्मुख होना, अभिमुख होना/करना*** | The company needs to develop a stronger **orientation** towards marketing of its products. | कंपनी को अपने उत्पादों के विपणन के लिए सशक्त रूप से **उन्मुख** होने की आवश्यकता है। |
| 186. | orientation course | (n) – ***अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम,*** अभिविन्यास पाठ्यक्रम, | The organization prepared a two day **orientation course** for the new employees. | संगठन ने नए कर्मचारियों के लिए दो दिन का **अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम** तैयार किया। |
| 187. | orientation training/programme | (n) ***अनुस्थापन प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम,*** प्रशिक्षण/कार्यक्रम, | Employee **orientation training** is crucial for new hires | कर्मचारी **अनुस्थापन *प्रशिक्षण*** नए कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 188. | oriented | (n) – ***अभिमुख,*** अभिविन्यस्त उन्मुख | Modern education should be future oriented. | आधुनिक शिक्षा भविष्य की ओर उन्मुख होनी चाहिए। |
| 189. | original | (adj.)-1 मूल प्रति* 2 मूल, मौलिक, प्रारंभिक | 1. The **original** documents were retained by the bank. 2.The painting is an **original** by Hussain. | 1. दस्तावेज़ों की **मूल प्रतियां** बैंक के पास रखी हैं। 2.यह हुसैन की **मौलिक** पेंटिंग है। |
| 190. | original copy | (n) – मूल प्रति* | The original copy of 'The Constitution of India' is the prized possession of Sarada Vilas Educational Institution. | भारत के संविधान' की मूल प्रतियां सरदा विलास शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य संपत्ति है। |
| 191. | original cost | (n) – प्रारंभिक लागत*, मूल लागत | Original cost is the cost associated with acquiring an asset. | प्रारंभिक लागत किसी परिसंपत्ति के अधिग्रहण के साथ जुड़ी लागत है। |
| 192. | original deed | (n) – मूल विलेख | The original deed if held by a mortgage company,will stay with the mortgage company until the house is paid off. | यदि मूल विलेख बंधक कंपनी के पास है तो वह मकान का भुगतान होने तक बंधक कंपनी के पास रहेगा। |
| 193. | original department | (n) – मूल विभाग | From the point of view of decentralization original department has been bifurcated into three departments. | विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से मूल विभाग को तीन विभागों में बाँट दिया गया है। |
| 194. | original document | (n) – मूल दस्तावेज | An Original document submitted to the office will be returned to the applicant when no longer required. | कार्यालय को प्रस्तुत मूल दस्तावेज आगे आवश्यकता न होने पर आवेदक को लौटा दिया जाएगा। |
| 195. | original member | (n) – मूल सदस्य | India was an original Member of the United Nations from 24 October 1945. | भारत 24 अक्टूबर 1945 से संयुक्त राष्ट्र का मूल सदस्य है। |
| 196. | original sale deed | (n) – मूल विक्रय विलेख मूल बैनामा | The bank had to pay a heavy compensation for losing the original sale deed of the property. | संपत्ति का मूल बैनामा खो देने के कारण बैंक को भारी मुआवजे का भुगतान करना पड़ा था। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 197. | Orphanage | (n) – अनाथालय | Well being of the children is the prime concern for the administrator of the orphanage. | अनाथालय के व्यवस्थापक के लिए बच्चों का कल्याण चिंता का प्रमुख विषय है। |
| 198. | ostensible owner | (n) – दृश्यमान स्वामी | The man living in the house is the ostensible owner only, the real owner lives abroad. | घर में रहने वाला व्यक्ति केवल दृश्यमान स्वामी है, असली मालिक विदेश में रहता है। |
| 199. | other backward classes(OBC) | (n) – अन्य पिछड़े वर्ग | Leader of some castes have given representation to include their castes in the list of other backward classes. | कुछ जातियों के नेताओं ने अपनी जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कराने के लिए अभिवेदन दिए है। |
| 200. | outbreak | (n) – 1 अचानक आरंभ 2 भड़क उठना 3 विद्रोह | Measures to prevent the possible outbreak of malaria in the tsunami -affected area were discussedin the meeting. | बैठक में सुनामी प्रभावित क्षेत्र में मलेरिया के अचानक आरंभ होने को रोकने के उपायों की चर्चा की गई। |
| 201. | outdoor patient | (n) – बाह्य रोगी | Outdoor patients are entertained in the hospital from 9.00 a.m. to 1.00 p.m. | बाह्य रोगी विभाग में रोगियों को सुबह 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक देखा जाता है |
| 202. | Out-depot | (n) – बाहरी डिपो | The out-depot is used for overnight stopover location for the trains. | बाहरी डिपो को रात में रेलगाड़ी को ठहराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। |
| 203. | outfit allowance | (n) – परिधान भत्ता | An officer shall draw Outfit Allowance for not more than eight occasions during his entire career. | कोई भी अधिकारी अपने पूरे कैरियर के दौरान सिर्फ आठ बार परिधान भत्ता आहरित करेगा। |
| 204. | outgoing dak | (n) – जावक डाक*<br>भेजी गई डाक*, भेजी जाने वाली डाक* | Distribution Section is charged with the responsibility of receipt, issue and distributionof all incoming and outgoing dak | वितरण अनुभाग को सभी आवक और भेजी जाने वाली क डाक की प्राप्ति, जारी करने और वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। |
| 205. | outgoing member | (n) – निर्गामी सदस्य | A farewell party was given for the outgoing members of the board of directors | निदेशक मंडल के निर्गामी सदस्यों के लिए एक विदाई पार्टी दी गई। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 206. | outgoing file | (n) – जावक फाइल* | The outgoing file was sent to the despatch section. | जावक फ़ाइल प्रेषण अनुभाग को भेजी गई। |
| 207. | Outhouse | (n) – ***उपभवन,*** उपगृह | The Minister turned his outhouse into his office. | मंत्री ने उपभवन को अपना कार्यालय बना लिया। |
| 208. | Outlay | (n) – परिव्यय | Capital outlay of the company is highest in the field. | कंपनी का पूंजी परिव्यय क्षेत्र में सबसे ज्यादा है। |
| 209. | Outlet | (n) – 1 निकास, निर्गम 2 विक्रय, केंद्र, रिटेल आउटलेट | Khadi Bhandar has opened its outlet at many places. | खादी भंडार ने कई स्थानों पर अपना विक्रय केंद्र खोल दिया है। |
| 210. | Outline | (n) – रुपरेखा*<br>(v)- रेखांकित करना | The mayor outlined his plan to clean up the town's image. | महापौर ने शहर की छवि को सुधारने करने के लिए अपनी योजना को रेखांकित किया। |
| 211. | Outlook | (n) – दृष्टिकोण | People with positive outlook are more successful in life. | सकारात्मक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति जीवन में अधिक सफल रहते है। |
| 212. | outlying areas | (n) – बहिर्वर्ती क्षेत्र*<br>बाहरी क्षेत्र*<br>बाहर स्थित | Regional Plan includes provision of transport linkages amongst settlements in the outlying areas of NCR. | क्षेत्रीय योजना में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर स्थित बस्तियों में परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराना शामिल है। |
| 213. | out of court | (n) – न्यायालय-बाह्य<br>न्यायालय से बाहर | The company opted for an out of court settlement | कंपनी ने न्यायालय से बाहर समझौता करना पसंद किया। |
| 214. | out of date | (n) – 1 गतावधिक 2 अप्रचलित<br>बेकार | Sanction was accorded for replacement of all out-of-date computers in the office. | कार्यालय में लगे सभी गतावधिक कंप्यूटरों को बदलने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। |
| 215. | out of order | (n) – 1 खराब, चालू नहीं 2 अव्यवस्थित | The Fax machine is out of order and won't be repaired until tomorrow. | फैक्स मशीन खराब है और कल तक उसकी मरम्मत नहीं हो पाएगी। |
| 216. | out of pocket(expenses) | (n) – जेब से खर्च | Out-of-Pocket costs are medical expenses paid by the | जेब से खर्च चिकित्सा पर किया जाने वाला ऐसा खर्च है जिसका |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | consumerhimself. | भुगतान उपभोक्ता द्वारा स्वयं किया जाता है। |
| 217. | out of print | (n) – अप्राप्य | An exhibition of rare out of print books was organized by the archives. | अभिलेखागार ने दुर्लभ अप्राप्य पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की। |
| 218. | out of stock | (n) – स्टॉक में नहीं, स्टॉक-बाह्य (v) – समाप्त होना, खत्म होना | All the supplies could not be procured as some of the items were out-of-stock. | सभी सामग्री नहीं खरीदी जा सकी क्योंकि कुछ वस्तुएं स्टॉक में नहीं थीं। |
| 219. | out of turn | (adj.) – बिन बारी | The promotion to meritorious officer was granted out of turn. | योग्य अधिकारी को पदोन्नति बिन बारी के प्रदान की गई थी। |
| 220. | out of turn allotment | (n) – बिन बारी आबंटन | The accommodation was an out of turn allotment on medical grounds. | आवास का बिन बारी आबंटन चिकित्सीय कारणों से किया गया था |
| 221. | out of work | (adj.) – रोजगारहीन, बेरोज़गार | A number of people have been out of work due to recession. | मंदी की वजह से बहुत से लोग बेरोज़गार हो गए हैं। |
| 222. | out placement | (n) – अन्यत्र स्थानन, अन्य स्थानों पर, और जगहों पर | Though the company was downsizing it helped the former employees through outplacement. | यद्यपि कंपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रही थी, उसने पूर्व कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर भेजकर मदद की। |
| 223. | outpost | (n) – सीमा चौकी* | The area was monitored by a police outpost set up on the outskirts of the city. | शहर के बाहरी इलाके में स्थापित पुलिस की सीमा चौकी से क्षेत्र पर नजर रखी जा रही थी। |
| 224. | output | (n) – उत्पादन, उत्पाद; निर्गत | Government statistics show a big drop in industrial output for ten years. | सरकारी आँकड़ों के अनुसार पिछले दस वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में भारी गिरावट आई है। |
| 225. | output bonus | (n) – उत्पादन बोनस | The company pays its employees a large portion of its income as output bonus. | कंपनी अपने कर्मचारियों को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा उत्पादन बोनस के रूप में बांट देती है। |
| 226. | outright purchase | (n) – एकमुश्त खरीद* | The Defence Ministry has made an outright purchase of 40 aircrafts. | रक्षा मंत्रालय ने 40 वायुयानों की एकमुश्त खरीद की है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 227. | outsource | (n) - बाह्य स्रोत, बहि:स्रोंत, बाहरी एजेंसियां*/व्यक्ति | The house-keeping work has been outsourced. | कार्यालय की साफ सफाई का कार्य बाहरी एजेंसी से कराया जा रहा है। |
| 228. | out sourcing | (n) – बहिःस्रोतन (v) - बाहरी एजेंसियां/व्यक्तियों से कार्य करवाना | Outsourcing is an effective cost-saving strategy when used properly | यदि ठीक से प्रयोग किया जाए तो बहिःस्रोतन लागत में बचत की प्रभावी रणनीति है। |
| 229. | outstanding | (adj) – 1 बकाया 2 बाकी 3 उत्कृष्ट, असाधारण | 1. The outstanding bill should be paid within 10 days. 2. The employee’s performance was outstanding. | 1. बकाया बिल का भुगतान 10 दिन के भीतर कर दिया जाना चाहिए। 2. कर्मचारी का कार्य-निष्पादन असाधारण था। |
| 230. | outstanding advance | (n) – बकाया अग्रिम | Any outstanding advance has to be settled before grant of new advance. | नया अग्रिम लेने से पहले पिछले बकाया अग्रिम का निपटान किया जाना चाहिए। |
| 231. | outstanding balance | (n) – बाकी शेष, बकाया शेष | The customer was asked to pay the outstanding balance within fifteen days. | ग्राहक से बकाया शेष का भुगतान पंद्रह दिन के भीतर करने को कहा गया। |
| 232. | outstation | (n) – बाह्य स्थान, राज्य/नगर से बाहर | Of the total number of challaned vehicles, 52% were outstation vehicles. | चालान किए गए वाहनों की कुल संख्या में से 52% शहर से बाहर के वाहन थे। |
| 233. | outstation allowance | (n) – बाह्य स्थान भत्ता | Outstation Allowance can be claimed for overnight stay only . | बाह्य स्थान भत्ते का दावा रातभर बाहर रहने पर ही किया जा सकता है। |
| 234. | Outvote | (v) -अधिक मतों से पराजित करना | The new leader outvoted the old one. | नए नेता ने पुराने नेता को अधिक मतों से पराजित कर दिया। |
| 235. | outward register | (n) – जावक रजिस्टर | An outward register for goods should keep records of all despatched consignments in chronological order. | भेजे गए समस्त माल का रिकॉर्ड माल जावक रजिस्टर में कालक्रम के अनुसार रखा जाना चाहिए। |
| 236. | Outward return | (n) – जावक विवरणी* | Outward return gives a clear picture of dispatched goods. | जावक विवरणी से प्रेषित माल का एक स्पष्ट ब्योरा मिल जाता है। |
| 237. | out worker | (n) – बाह्य कर्मी, | Since a number of | कारखाने के कई श्रमिकों के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | बाहरी कर्मचारी | workers of the factory were absent the employer hired outworkers. | अनुपस्थित होने के कारण नियोक्ता ने बाहरी कर्मचारियों को काम पर रखा। |
| 238. | ovation | (n) – अभिनंदन | The musical performance received a standing ovation. | संगीत प्रस्तुति का सभी ने खड़े होकर अभिनंदन किया। |
| 239. | over-achiever | (n) – लक्ष्य से अधिक कार्य करने वाला | Overachievers will be rewarded with bonus. | लक्ष्य से अधिक कार्य करने वालों को बोनस दिया जाएगा। |
| 240. | over-age | (adj.)– 1 अधिक आयु का (n) - 2 अधिवयस् | He was a couple of months over-age for this job. | इस काम के लिए उसकी आयु कुछ माह अधिक थी। |
| 241. | overall | (adj.) - समस्त, समग्र, कुल, कुल मिलाकर | 1. The Managing Director asked for an overall picture of the business. 2.Overall the position of the company is not good | 1. प्रबंध निदेशक ने व्यवसाय का एक समग्र आकलन प्रस्तुत करने को कहा। 2. कुल मिलाकर कंपनी की हालत ठीक नहीं है। |
| 242. | overall charge | (n) – समग्र प्रभार | After transfer of the Manager the deputy Manager was left with the overall charge. | प्रबंधक के स्थानांतरण के बाद उप प्रबंधक को समग्र प्रभार सौंप दिया गया। |
| 243. | overall deficit | (n) – ***कुल घाटा,*** समग्र घाटा | Overall deficit of the company is more than that of last year. | कंपनी का कुल घाटा पिछले वर्ष के घाटे से अधिक है। |
| 244. | over-assessment | (n) – अधिनिर्धारण | The company had to go to the court for over-assessment of its property tax. | संपत्ति कर के अधिनिर्धारण के कारण कंपनी को अदालत में जाना पड़ा। |
| 245. | over billing | (n) – बढ़ा हुआ बिल | Corrupt officers resort to overbilling. | भ्रष्ट अधिकारी बढ़े हुए बिल बनाते हैं। |
| 246. | overbridge | (n) – उपरिपुल | The new overbridge eased the traffic on the route. | नए उपरिपुल के कारण मार्ग पर यातायात कम हो गया। |
| 247. | overcharge | (n) – अधिप्रभार | A billing error resulted in a lot of customers being overcharged. | बिलिंग में त्रुटि के कारण बहुतसे ग्राहकों को अधिप्रभार का भुगतान करना पड़ा। |
| 248. | overcrowding | (n) – भीड़-भाड़, अति भीड़* | Overcrowding may cause a number of health problems. | भीड़-भाड़ के कारण स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं। |
| 249. | overdue | (adj.)-1 अतिदेय 2 | The equipment has | उपकरण के बदले जाने की मांग |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अतिशोध्य 3 पुराना, खड़ा | been long overdue for change. | पुरानी है। |
| 250. | overdue payment | (n) – अतिदेय भुगतान | The client was advised to settle the overdue payment to avoid disconnection of electricity. | बिजली का कनेक्शन कटने से बचाने के लिए ग्राहक को सलाह दी गई कि वह अतिदेय भुगतान का निपटारा कर दे। |
| 251. | overestimate | (v)- अधिप्राक्कलन, अत्यनुमान, अधिक आंकना | The contractors had over estimated the capacity of workers hence the work got delayed. | ठेकेदारों ने श्रमिकों की क्षमता को अधिक आंका था इसलिए काम में देरी हो गई। |
| 252. | overhauling | (n) – 1 पूरी मरम्मत* 2 **पूर्ण परिवर्तन/फेरबदल आमूल-चूल परिवर्तन, पूर्ण बदलाव** पूरी मरम्मतपूर्व जांच*, | 1. The factory needs a complete overhauling. 2. Party plans an overhaul of its social policy | 1. कारखाने में पूरी मरम्मत की जरूरत है। 2. पार्टी अपनी सामाजिक नीति में पूर्ण परिवर्तन करने की सोच रही है। |
| 253. | overhead charge | (n) – उपरिप्रभार, ऊपरी खर्च | The cost escalated due to unprecedented overhead charges. | अनपेक्षित उपरिप्रभार के कारण लागत में वृद्धि हुई। |
| 254. | overhead expenses | (n) – उपरिव्यय, ऊपरी खर्च | The company lowered the costs by reducing its overhead expenses | कंपनी ने अपने ऊपरी खर्च को कम करके लागत कम की। |
| 255. | overhead projector | (n) – उपरि प्रक्षेपित्र | The school has installed overhead projectors in every classroom. | स्कूल की हर कक्षा में उपरि प्रक्षेपित्र लगाए गए हैं। |
| 256. | overinvoicing | (n) – अधिबीजकन | Constant changes in projects can result in under or over-invoicing | परियोजनाओं में लगातार परिवर्तन के कारण कम बीजकन या अधिबीजकन हो सकता है। |
| 257. | overlapping | (n) – अतिव्याप्ति* | The program was designed so that the second phase of development is overlapping the first. | कार्यक्रम इस तरह डिजाइन किया गया था कि विकास के दूसरे चरण की पहले पर अतिव्याप्ति है। |
| 258. | overleaf | (n) – दूसरे पृष्ठ पर (पृष्ठ के) दूसरी ओर | The changes are explained in detail overleaf. | परिवर्तनों के बारे में पृष्ठ के दूसरी ओर विस्तार से बताया गया हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 259. | overmanning | (n) – अधिकार्मिकन, अधिक कार्मिक रखना | overmanning often re sults in productivity losses. | अधिक कार्मिक रखने के कारण अकसर उत्पादकता में घाटा होता है। |
| 260. | overpaid | (adj.)- अधिदत्त | The company credited the overpaid amount to his account. | कंपनी ने अधिदत्त राशि को उसके खाते में क्रेडिट कर दिया। |
| 261. | over-payment | (n) – अधिक भुगतान, अधिक दी गई | The employee refunded the overpayment to the office. | कर्मचारी ने अधिक भुगतान को कार्यालय को वापस कर दिया। |
| 262. | over population | (n) – 1 अधिक जनसंख्या*, 2 संख्याधिक्य | Overpopulation is an important cause of many problems. | अधिक जनसंख्या कई समस्याओं का एक महत्वपूर्ण कारण है। |
| 263. | over-qualified | (adj.)-अधि-अर्हताप्राप्त, आवश्यकता से अधिक अर्हताप्राप्त | Over-qualified people earning meager salaries leads to brain drain | अधि-अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को कम वेतन मिलना प्रतिभा पलायन का मुख्य कारण है। |
| 264. | over-representation | (n) – बहुप्रतिनिधित्व | The over-representation of people with no administrative background will result in the failure of the committee. | बिना किसी प्रशासनिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के अधिक प्रतिनिधित्व का परिणाम समिति की विफलता होगा। |
| 265. | overriding | (adj.)- **सबसे ज्यादा, सबसे अधिक,** अधिभावी, अध्यारोही, सर्वोपरि | Overriding concern is to raise the standards of state education | सबसे ज्यादा चिंता का विषय राज्यों में शिक्षा का गिरता हुआ स्तर है। |
| 266. | overriding priority | (n) – **सर्वोपरि प्राथमिकता*, सबसे बड़ी प्राथमिकता***, अधिभावी प्रथामिकता* | Environmental protection is the country's overriding priority. | पर्यावरण संरक्षण देश की ***सबसे बड़ी*** प्राथमिकता है। |
| 267. | over-rule | (v) - उलटना, विरुद्ध व्यवस्था देना | A higher court can overrule the decisions of lower court. | ऊपरी अदालत निचली अदालत के फैसले को उलट सकती हैं |
| 268. | over run | (n) – लंघन, सीमा से अधिक बढ़ना | The Officer was stunned to discover cost overruns of at least a lakh. | अधिकारी लागत में कम से कम एक लाख का अतिलंघन देखकर दंग रह गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 269. | overseas allowance | (n) – समुद्रपार भत्ता, विदेश भत्ता | Overseas allowance is exempt from Income –tax . | विदेश भत्ता आयकर से छूटप्राप्त है। |
| 270. | overseas pay | (n) – समुद्रपार वेतन, विदेश वेतन | He was advised to open an NRE account to transfer his overseas pay. | विदेश वेतन स्थानांतरित करने के लिए उन्हें एन.आर.ई खाता खोलने की सलाह दी गई। |
| 271. | oversight | (n) – चूक*, ***भूल**** | The mistake happened due to an oversight of the employee. | यह गलती कर्मचारी की भूल के कारण हुई। |
| 272. | overtime | (n) – समयोपरि, अतिरिक्त समय | In this office the overtime allowance has been restricted to three hours in a day. | इस कार्यालय में समयोपरि एक दिन में तीन घंटे के लिए सीमित कर दिया गया है। |
| 273. | overtime allowance | (n) – समयोपरि भत्ता | Overtime allowance is payable if the employee is required by the employer to work over the possible limit of working hours. | यदि नियोक्ता द्वारा कर्मचारी से कार्य घंटों की निर्धारित सीमा से ऊपर काम कराया जाता है तो समयोपरि भत्ता देय होगा। |
| 274. | overtime pay | (n) – समयोपरि वेतन | Overtime pay is calculated at a hourly rate at one and a half times the normal pay. | समयोपरि वेतन की गणना सामान्य वेतन से डेढ़ गुना प्रति घंटे की दर से की जाती है। |
| 275. | overvaluation | (n) – अधिमूल्यन, अधिक मूल्य | The company was served a show cause notice for over-valuation of capital equipment for its power projects. | बिजली परियोजनाओं के लिए पूंजीगत उपकरणों के अधिमूल्यन के कारण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। |
| 276. | over-work | (n) – कार्याधिक्य | His illness was a result of over-work. | उनकी बीमारी का कारण कार्याधिक्य था। |
| 277. | over-writing | (n) – अधिलेखन, लिखे पर लिखना | Banks do not accept cheques from their customers with an overwriting. | बैंक ग्राहकों से अधिलेखन वाले चेक स्वीकार नहीं करते। |
| 278. | owner-occupier | (n) – स्वामी अधिभोगी | Claim for owner-occupier tax rates should be submitted at the time when the owner has moved into the property. | स्वामी अधिभोगी कर दरों के लिए दावा उसी समय पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए जब मालिक संपत्ति का उपयोग शुरु कर दे। |
| 279. | ownership | (n) – स्वामित्व | Ownership of property may be | संपत्ति का स्वामित्व, निजी, |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | private, collective, or common. | सामूहिक, या सामान्य हो सकता है। |
| 280. | owner's risk | (n) – मालिक का जोखिम | All the vehicles parked here are at owner's risk. | यहां पार्क किए गए सभी वाहन मालिक के जोखिम पर हैं। |
| 281. | owning authority | (n) – स्वामी प्राधिकारी, मालिक प्राधिकारी | No objection certificate need to be issued by the owning authority. | अनापत्ति प्रमाणपत्र स्वामी प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाता है। |
| 282. | owning department | (n) – स्वामी विभाग | The owning department permitted extension in the tenure of the deputationist. | स्वामी विभाग ने प्रतिनियुक्त कर्मचारी का कार्यकाल बढ़ाने की अनुमति दी। |
| 283. | oral warning | (n) – मौखिक चेतावनी* | Since it was a minor offense, the employee was let off with an **oral warning.** | कर्मचारी का अपराध मामूली होने के कारण उसे **मौखिक चेतावनी** देकर छोड़ दिया गया। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | package | (n) - पैकेज, संपुट | 1. The Government has announced a relief **package** for riot victims. 2. The **package** prepared for farmers is awaiting approval of parliament. 3. He is working in a Multinational Company on a **package** of 10 Lacs. | 1. सरकार ने दंगा पीड़ितों के लिए राहत **पैकेज** की घोषणा की है। 2. किसानों के लिए तैयार किया गया **प्रस्ताव** संसद के अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहा है। 3. वह 10 लाख रू के **वार्षिक वेतन** पर बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी कर रहा है। |
| 2. | package benefits | (n) - पैकेज हितलाभ, संपुट हितलाभ | For employees, a **package benefit** can help plan for old age and unexpected events. | कर्मचारियों के लिए **पैकेज हितलाभ** से वृद्धावस्था और अप्रत्याशित घटनाओं के लिए पूर्व तैयारी करने में मदद मिल सकती है। |
| 3. | package deal | (n) - पैकेज सौदा, संपुट सौदा | Tourists prefer **package deal** to negotiating with hotel and transports people separately. | पर्यटक होटल और परिवहन की व्यवस्था करने वाले लोगों से अलग से बातचीत करने की तुलना में **पैकेज सौदा** करना पसंद करते हैं। |
| 4. | packer | (n) - पैकर | Fragile articles are packed individually by professional **packers**. | नाजुक वस्तुओं को व्यवसायिक **पैकरों** द्वारा अलग-अलग पैक किया जाता है। |
| 5. | packet | (n) - पुलिंदा, पैकेट | The postman has delivered a sealed **packet**. | डाकिए ने एक सीलबंद **पैकेट** सौंपा है। |
| 6. | packing | (n) - पैक करना, बांधना | **Packing** of fragile material should be done with due care. | नाजुक सामान **को पैक करते** समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए। |
| 7. | packing and marking | (n) - पैक करना और चिह्न लगाना | **Packing and marking** of export consignments should be done carefully. | निर्यात माल को **पैक करने** और चिह्न लगाने का काम सावधानी से किया जाना चाहिए। |
| 8. | packing list | (n) - पैकिंग-सूची* | The **packing list** should include food | **पैकिंग सूची** में खाद्य पदार्थ |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | pockets. | भी शामिल किए जाने चाहिए। |
| 9. | pact | (n) - समझौता | The two parties agreed on electoral **pact**. | दोनों दल चुनावी **समझौते** के लिए सहमत हो गए। |
| 10. | pagination | (n) - पृष्ठ-संख्या डालना, पृष्ठ-संख्यांकन, | The **pagination** of this file is incomplete. | इस फाईल में **पृष्ठ-संख्या डालने** का कार्य अपूर्ण है। |
| 11. | paid | (n) - 1. प्रदत्त 2. **वैतनिक**, सवेतन 3. भुगतान किया, चुकता | The number of volunteers outnumbers **paid** staff in the relief work. | राहत कार्य में स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की संख्या **वैतनिक** स्टाफ से अधिक है। |
| 12. | paid-up capital | (n) - प्रदत्त पंजी* | The **paid- up capital** of the company is 1 crore. | कंपनी की प्रदत्त पूंजी 1 करोड़ रुपए है। |
| 13. | painstaking | (adj) - 1. अति परिश्रमी 2. कष्टसाध्य | After years of **painstaking** research a cure was found for the disease. | वर्षों के **कष्टसाध्य** शोध के बाद बीमारी का इलाज ढूंढ लिया गया। |
| 14. | pamphlet | (n) - ***पत्रक,*** पुस्तिका*, पैम्फलेट | This **pamphlet** contains important information about the project. | इस **पत्रक** में परियोजना के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं हैं। |
| 15. | panel | (n) - नामिका*, पैनल | A **panel** of experts has looked at the proposal. | विशेषज्ञों का एक **पैनल** इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। |
| 16. | panic | (n) - आतंक, खलबली | The whole nation is in a state of **panic** following the attacks. | पूरा देश हमलों के बाद आतंक के साए में है। |
| 17. | paper | (n) - 1. कागज 2. पत्र, कागज-पत्र 3. लेख 4 समाचार-पत्र 5. प्रश्न-पत्र 6. ***पर्चा*** 7. ***शोध-पत्र*** | 1. The scholar presented his **paper** in the conference. 2. The **paper** was approved by the academic committee. | 1. विद्वान ने सम्मेलन में अपना **पर्चा** प्रस्तुत किया। 2. **शोध-पत्र** का अनुमोदन अकादमिक समिति द्वारा किया गया। |
| 18. | paper seal | (n) - कागजी मुहर | **Put paper seal** on the document. | दस्तावेज पर **कागजी मुहर** लगाएं। |
| 19. | paper work | (n) - **कागजी कार्यवाही***, कागजी कामकाज | The police was given order to complete the **paperwork** immediately. | पुलिस को **कागजी कार्यवाही** तुरंत पूरी करने के लिए आदेश दिए गए। |
| 20. | para | (n) - पैरा | Please read **para** 3 of | किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | (paragraph) | | the statement before coming to any conclusion. | पूर्व वक्तव्य के **पैरा** 3 को पढ़ लें। |
| 21. | paradigm | (n) - रुपावली* 2. **विशिष्ट उदाहरण, विशिष्ट नमूना** 3. (adj) - **आमूल (परिवर्तन)** | 1. Gandhi ji remained the **paradigm** of what a leader should be. 2. This software is a **paradigm** of programmes used in e-governance. 3. E-governance has brought about a **paradigm** shift in the working of the administration. | 1. एक नेता कैसा होना चाहिए गांधी जी इसके **विशिष्ट उदाहरण** हैं। 2. यह सॉफ्टवेयर कार्यक्रम ई - गवर्नेंस के क्षेत्र में **विशिष्ट नमूना** है। 3. ई-गवर्नेंस ने प्रशासन के कामकाज में **आमूल** परिवर्तन कर दिया है। |
| 22. | paradox | (n) - विरोधाभास | There is **paradox** in the statement of the accused. | अभियुक्त के वक्तव्य में **विरोधाभास** है। |
| 23. | paragraphing | (n) - पैरा बनाना | Effective **paragraphing** is a central skill in academic writing. | अकादमिक लेखन में प्रभावी पैरा बनाना महत्वपूर्ण कौशल है। |
| 24. | parallel | (n) - ***समकक्ष, समान***, समांतर | 1. This is an achievement without **parallel** in modern times. 2. There are no **parallels** between these two cases. | 1. वर्तमान समय में इसके **समकक्ष** कोई उपलब्धि नहीं है। 2. ये दोनों मामले समान नहीं हैं। |
| 25. | paralyse | (n) - ठप करना, ठप होना | The airport is still **paralysed** by the strike. | हवाई अड्डा अभी भी हड़ताल से ठप पड़ा है। |
| 26. | paramedical service | (n) - पराचिकित्सा सेवा* | In emergency ambulance drivers are trained to give **paramedical service.** | आपात स्थिति में, एम्बुलेंस चालकों को **पराचिकित्सा सेवा** देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। |
| 27. | paramilitary forces | (n) - अर्धसैनिक बल | Rescue searches by the army and **paramilitary forces** have continued today. | सेना और **अर्धसैनिक बलों** ने बचाव-खोज कार्य आज भी जारी रखा है। |
| 28. | paramount | (adj) - 1. ***सर्वोपरि***, परमोच्च 2. परम | 1. The welfare of the child must always be the court's **paramount** | 1. बच्चे का कल्याण हमेशा अदालत का **सर्वोपरि** विचार होना चाहिए। 2. परियोजना |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | consideration. 2. This is of **paramount** importance for the office to complete the project in time. | को समय पर पूरा करना कार्यालय के लिए **परम** आवश्यक है। |
| 29. | parasite | (n) - परजीवी | **Parasites** can cause disease in humans. | **परजीवी** मानव में बीमारी का कारण बन सकता है। |
| 30. | parcel | (n) - पार्सल | The anonymous **parcel** was opened in the presence of bomb squad. | अनाम **पार्सल** को बमरोधी दस्ते की उपस्थिति में खोला गया। |
| 31. | pardon | (n) - 1. क्षमा* (v) - 2. क्षमा करना | He was granted a presidential **pardon**. | उसे राष्ट्रपति ने **क्षमा** प्रदान की। |
| 32. | Parent | (n) - 1. माता या पिता 2. मूल | 1. Children under fourteen should be accompanied by a **parent**. 2. Each unit including the **parent** company is facing financial crisis. | 1. चौदह साल तक के बच्चों को **माता-पिता** के साथ जाना चाहिए। 2. मूल कंपनी सहित प्रत्येक इकाई वित्तीय संकट झेल रही है। |
| 33. | parentage | (n) - जनकता*, माता-पिता | The birth certificate left no doubt as to her **parentage**. | जन्म प्रमाण-पत्र से उसके **माता-पिता** के संबंध में कोई संदेह नहीं रहा। |
| 34. | parental | (adj) - 1. माता-पिता की 2. पैतृक | He is living in **parental** house. | वह **पैतृक** मकान में रह रहा है। |
| 35. | parent office | (n) - मूल कार्यालय | The **parent office** of the company is located in New Delhi. | कंपनी का **मूल कार्यालय** नई दिल्ली में स्थित है। |
| 36. | parents | (n) - माता-पिता | His **parents** are living with him. | उसके **माता-पिता** उसके साथ रह रहे हैं। |
| 37. | par-excellence | (n) - ***सर्वोत्तम,*** सर्वोत्कृष्ट | The manager is **par excellence** in his field. | प्रबंधक अपने क्षेत्र में **सर्वोत्तम** है। |
| 38. | Parity | (n) - **बराबरी***, समता*, समानता* | 1. Conservative society does not believe in **parity** between man and woman. 2. Women have yet to achieve wage or occupational **parity** in many fields. | 1. रूढिवादी समाज स्त्री और पुरूष की **बराबरी** में विश्वास नहीं करता । 2. अभी भी महिलाओं को कई क्षेत्रों में मजदूरी या व्यवसाय के मामले में **समता** प्राप्त करनी है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 39. | parity of exchange | (n) - विनिमय समता* | The **parity of exchange** was duly interpreted by the judge. | न्यायाधीश ने **विनिमय समता** की विधिवत् व्याख्या की। |
| 40. | parity price | (n) - समता कीमत* | The **parity price** depends on demand and supply of the commodity. | **समता कीमत** माल की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती है । |
| 41. | parliament | (n) - संसद* | The legislation is expected to be passed in the next session of **parliament**. | विधेयक **संसद** के अगले सत्र में पारित हो जाने की उम्मीद है. |
| 42. | parliamentary | (n) - संसदीय | The questionnaire duly filled in is required to be submitted to **Parliamentary** Committee. | **संसदीय** समिति के समक्ष प्रश्नावली विधिवत् भरकर प्रस्तुत करना आवश्यक है। |
| 43. | Parole | (n) - पैरोल* | The prisoner was granted **parole** because of the illness of his wife. | कैदी को पत्नी की अस्वस्थता के कारण **पैरोल** दी गई। |
| 44. | Part | (n) - 1. **खंड**, भाग, अंश 2. भूमिका* 3. पुर्जा | 1. **Part** file is not in the usable condition. 2. Every citizen should take part in building of the nation. | 1. खंड फाइल प्रयोग किए जाने की स्थिति में नहीं है। 2. प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी **भूमिका** का निर्वाह करना चाहिए। |
| 45. | part delivery | (n) - अंश-सुपुर्दगी* | The company refused to accept the **part delivery** of the consignment. | कम्पनी ने माल की **अंश-सुपुर्दगी** लेने से इंकार कर दिया। |
| 46. | part file | (n) - खंड फाइल*, खंड मिसिल*, खंड संचिका* | Since it was an urgent matter, a **part-file** was opened to take approval of the Director. | मामला अत्यंत आवश्यक था, इसलिए **खंड फाइल** खोलकर निदेशक का अनुमोदन लिया गया. |
| 47. | Partial | (n) - 1. आंशिक 2. पक्षपातपूर्ण | The university has granted **partial** remission of fees for overseas students. | विश्वविद्यालय ने विदेशी विद्यार्थियों के लिए शुल्क में **आंशिक** छूट प्रदान की है। |
| 48. | partial disability | (n) - आंशिक अशक्तता* | The candidate qualified for help on the grounds of **partial disability**. | अभ्यर्थी को **आंशिक अशक्तता** के कारण सहयता प्रदान की गई। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 49. | partiality | (n) - पक्षपात | The employee union has alleged that there was **partiality** on the part of administration in making requitment. | कर्मचारी यूनियन ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि भर्ती के मामले में **पक्षपात** किया गया था। |
| 50. | partial modification | (n) - आंशिक आशोधन | **Partial modifications** were suggested before implementation of the policy. | नीति के क्रियान्वयन से पहले उसके **आंशिक आशोधन** का सुझाव दिया गया। |
| 51. | participant | (n) - **प्रतिभागी**, सहभागी | The invitations were sent to all the **participants**. | सभी **प्रतिभागियों** को निमंत्रण भेजे गए। |
| 52. | participate | (v) - भाग लेना | Day scholars may **participate** in this competition. | अनिवासी छात्र इस प्रतियोगिता में **भाग ले** सकते हैं। |
| 53. | participation | (n) - **प्रतिभागिता***, सहभागिता* | The department distributed handbills calling for better **participation** of youths. | विभाग ने युवकों की बेहतर **प्रतिभागिता** के लिए इश्तहार वितरित किए। |
| 54. | particular | (adj) - **विशिष्ट**, विशेष, ख़ास | This Plan is a particular example of the success against all odds. | यह योजना सारी कठिनाइयों के बावजूद सफलता पाने का **विशिष्ट** उदाहरण है। |
| 55. | particulars | (n) - ब्योरा, विवरण | The brief **particulars** of the pending cases may be attached. | लंबित मामलों का संक्षिप्त **ब्योरा** संलग्न किया जाए। |
| 56. | partition | (n) - विभाजन, बंटवारा | Gandhiji was against the **partition** of the country. | गांधी जी देश के **विभाजन** के खिलाफ थे। |
| 57. | partner | (n) - ***सहयोगी***, साझेदार, भागीदार | Both the **partners** are running the business successfully. | दोनों **सहयोगी** सफलतापूर्वक व्यवसाय चला रहे हैं। |
| 58. | partnership | (n) - साझेदारी*, भागीदारी* | It was a joint venture under public- private-**partnership**. | यह सार्वजनिक-निजी **साझेदारी** के तहत एक संयुक्त उद्‌यम था । |
| 59. | part payment | (n) - आंशिक भुगतान | **Part payment** was made before the delivery of the consignment. | माल की सुपुर्दगी से पहले **आंशिक भुगतान** किया गया। |
| 60. | part-time | (adj) - अंशकालिक | The office will make economies by | कार्यालय कुछ **अंशकालिक** कामगारों की सेवा लेकर बचत |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | employing a few **part-time** workers. | करेगा। |
| 61. | part-time employment | (n) - अंशकालिक रोजगार | Central Government employees cannot take up any **part-time employment**. | केंद्र सरकार के कर्मचारी **अंशकालिक रोजगार** नहीं कर सकते। |
| 62. | Party | (n) - 1. पक्ष, पक्षकार 2. पार्टी*, दल 3 प्रीति भोज | 1. A third **party** agreement is required in this matter. 2 The **party** has launched a vigorous campaign against inflation. 3The search **party** had to hack its way through the jungle. | 1. इस मामले में अन्य पक्ष/तृतीय **पक्ष** करार जरूरी है । 2 इस **पार्टी** ने मुद्रास्फीति के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया है। 3 खोजी **दल** को जंगल काटकर अपने लिए रास्ता बनाना पड़ा था। |
| 63. | party in power | (n) - सत्तारूढ़ दल | The **party in power** is taking strong decisions for the betterment of the country. | **सत्तारूढ दल** देश में सुधार के लिए कठोर निर्णय ले रहा है। |
| 64. | par value | (n) - सममूल्य | The shares were purchased by the company at **par-value**. | कम्पनी ने **सममूल्य** पर शेयर खरीदे। |
| 65. | Pass | (n) - 1. पास 2. पार जाना, गुजरना 3. उत्तीर्ण, सफलता* 4. दर्रा (v) - 5. (विधेयक) पारण करना 6. पारित करना | 1. The visitor showed his **pass** at the gate. 2. Rohtang **pass** is the gateway to the Leh, Laddakh. 3. The candidates are required to **pass** the written examination. 4. India's support was vital to **pass** the resolution in the UN. | 1. आगंतुक ने द्वार पर अपना **पास** दिखाया। 2. रोहतांग **दर्रा** लेह, लद्दाख के लिए प्रवेश द्वार है। 3. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में **उत्तीर्ण** होना जरूरी है। 4. संयुक्त राष्ट्र संघ में इस प्रस्ताव को **पास** करने में भारत का समर्थन महत्वपूर्ण था। |
| 470. | riot | (n) - बलवा, **दंगा** | 1. All efforts are being made on part of the government to tackle the problem of communal riots.<br>2. The Central Reserve Police Force has been deployed at the riot prone areas. | 1.सांप्रदायिक **दंगों** की समस्या को रोकने के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।<br>2.**दंगे** की संभावना वाले क्षेत्रों में केंद्रीय आरक्षी बल की तैनाती की गई है। |
| 471. | rise and fall | (n) - उतार-चढ़ाव | The ***rise and fall*** of interest *rates,* can impact sale and | ब्याज दरों में **उतार-चढ़ाव** वाणिज्यिक अचल संपत्ति के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | purchase of commercial real estate in a big way. | क्रय-विक्रय को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता हैं। |
| 472. | risk | (n) - जोखिम,**खतरा** | 1. In case an inherent element of risk exists, the Government may consider extending free insurance cover to this category.<br>2. Polluted water supplies are a risk to public health. | 1.**जोखिम** तत्व निहित होने की स्थिति में, सरकार इस श्रेणी के लिए निःशुल्क बीमा सुरक्षा प्रदान करने पर विचार कर सकती है।<br>2.प्रदूषित जल आपूर्ति जन स्वास्थ्य के लिए **खतरा** है। |
| 473. | risk purchase | (n) - जोखिम-खरीद* | The non-completion of the risk purchase within the prescribed period may lead to extra expenditure. | निर्धारित अवधि के भीतर **जोखिम-खरीद** पूरी नहीं करने से व्यय में अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है। |
| 474. | rival | (n) - प्रतिद्वंद्वी; विरोधी | 1. He finished the race ahead of his main rival.<br>2. Attempts have been made to do away with the ambiguity in the provisions to avoid rival interpretations. | 1.उसने अपने मुख्य **प्रतिद्वंद्वी** से पहले दौड़ समाप्त कर ली।<br>2.प्रावधानों में अस्पष्टता समाप्त करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनकी परस्पर **विरोधी** व्याख्या न की जा सके। |
| 475. | roadman | (n) - सड़क कर्मी | The roadman shall carry out its duties in the manner prescribed in the rules. | सड़ककर्मी अपने कार्यों को नियमों में निर्धारित रीति में निष्पादित करेगा। |
| 476. | road-mileage | (n) - 1. (सड़क) - मील भत्ता 2. (सड़क) - मील दूरी | Road mileage only for the actual distance of road journey shall be admissible. | सड़क यात्रा की वास्तविक दूरी के लिए ही **(सड़क) - मील भत्ता** स्वीकार्य होगा। |
| 477. | road transport | (n) - सड़क परिवहन | *Road transport plays a vital role in the development of the economy.* | **सड़क परिवहन** अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। |
| 478. | roadway | (n) - सड़क मार्ग | A divided highway has two or more roadways. | किसी विभाजित राजमार्ग में दो या दो से अधिक **सड़क मार्ग** होते हैं। |
| 479. | roadways | (n) - रोडवेज,सड़क | The r*oadways* play a crucial role in | भारत के विभिन्न भागों को |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | परिवहन | connecting the different parts of *India.* | जोड़ने में सड़क परिवहन की भूमिका महत्वपूर्ण है। |
| 480. | robot | (n) - रोबोट | Nowadays, Robots are being used in a variety of ways from manufacturing to distribution. | आजकल, **रोबोट** का उपयोग विनिर्माण से लेकर वितरण तक कई तरह से किया जा रहा है। |
| 481. | role | (n) - भूमिका | 1.The Government plays a principal role in facilitating and regulating the various economic activities.<br>2.The media play a major role in influencing people's opinions. | 1. सरकार विभिन्न आर्थिक कार्यकलापों को सुकर बनाने और विनियमित करने में मुख्य **भूमिका** निभाती है।<br>2. मीडिया लोगों की राय को प्रभावित करने में मुख्य **भूमिका** निभाता है। |
| 482. | role playing | (n) - भूमिका निर्वहन, | There is general consensus that role playing stimulates students participation. | इस बात में आम सहमति है कि **भूमिका निर्वहन** छात्रों की भागीदारी बढ़ाता है। |
| 483. | roll | (n) - 1. पंजी 2. नामावली 3. फर्द 4. (v) - लपेटना | Complete and up-to-date character rolls of all the eligible officers are required. | सभी पात्र अधिकारियों की पूर्ण और अद्यतन चरित्र **पंजी** आवश्यक है। |
| 484. | rolling plan | (n) - प्रवाही आयोजना*, **प्रवाही योजना*** | **1. The strategy of rolling plan was adopted during the Prime Ministership of Morarji Desai.**<br>2. The main advantage of the rolling plans is that they are flexible. | 1.मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री काल के दौरान **प्रवाही आयोजना** की कार्यनीति अपनाई गई थी।<br>2.**प्रवाही योजनाओं** का मुख्य लाभ यह है कि उनमें लचीलापन होता हैं। |
| 485. | roll number | **(n) - अनुक्रमांक,** पंजी क्रम, रोल नंबर | The section shall allot roll numbers to candidates appearing for the examination. | यह अनुभाग परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को **अनुक्रमांक** आबंटित करेगा। |
| 486. | Roman figures | (n) - रोमन अंक | Sporting events are often numbered using *Roman figures.* | खेल प्रतियोगिताओं में प्रायः **रोमन अंकों** का प्रयोग किया जाता है। |
| 487. | room | (n) - कक्ष, कमरा | Other suggestions in regard to women | महिला कर्मचारियों से संबंधित |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | employees include provision of rest rooms and refreshment rooms at the work place. | अन्य सुझावों में कार्य स्थल में विश्राम **कक्ष** और जलपान **कक्ष** का प्रावधान करना शामिल है। |
| 488. | roster | (n) - रोस्टर | There is no need for maintaining any separate formal roster register for ad hoc promotions. | तदर्थ पदोन्नति के लिए औपचारिक **रोस्टर** रजिस्टर रखने की आवश्यकता नहीं है। |
| 489. | roster copying | (n) - रोस्टर नकल | Prior permission of competent authority is necessary for roster copying. | **रोस्टर नकल** के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक है। |
| 490. | rotation | (n) - क्रमावर्तन | 1.The relative seniority of direct recruits and of promotees shall be determined according to the rotation of vacancies between available direct recruits and promotes.<br>2. The committee is chaired by all the members in rotation. | 1.सीधी भर्ती से नियुक्त और पदोन्नत कर्मचारियों की सापेक्ष वरिष्ठता का निर्धारण उपलब्ध सीधी भर्ती से नियुक्त और पदोन्नत कर्मचरियों के बीच रिक्तियों के **क्रमावर्तन** के अनुसार किया जाएगा।<br>2.समिति की अध्यक्षता सभी सदस्यों द्वारा **क्रमावर्ती** रूप में की जाएगी। |
| 491. | rotation duty | (n) - क्रमावर्ती ड्यूटी* | The establishment section shall prepare a rotation duty chart of the staff. | स्थापना अनुभाग कर्मचारियों का क्रमावर्ती ड्यूटी चार्ट तैयार करेगा। |
| 492. | rotation work | (n) - क्रमावर्ती कार्य | The staff has been suitably posted for rotation work. | **क्रमावर्ती कार्य** के लिए कर्मचारियों की उचित रूप में तैनाती की गई है। |
| 493. | rough | (adj) - 1. कच्चा 2. रुखा, रुक्ष 3. मोटा | 1.The section shall prepare a rough estimate of expenditure.<br>2.It's best to work in rough first, and then finalise it. | 1.अनुभाग व्यय का **मोटा** अनुमान तैयार करेगा।<br>2.पहले **कच्चा** काम करना और फिर उसे अंतिम रूप देना सबसे अच्छा होता है। |
| 494. | rough draft | (n) - कच्चा मसौदा | The Dealing Assistant submitted a rough draft of the | संबंधित सहायक ने अधिकारी को पत्र का **कच्चा मसौदा** प्रस्तुत |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | letter to the officer. | किया। |
| 495. | rough copy | (n) - कच्ची नकल* | It is the rough copy of the letter to be issued by the office. | यह कार्यालय से जारी किए जाने वाले पत्र की **कच्ची नकल** है। |
| 496. | roughly | (adv) - **लगभग**, मोटे तौर पर | 1. The average charge for this additional insurance coverage is roughly Re. 100 a day.<br>2. There were roughly 200 people. | 1.इस अतिरिक्त बीमा सुरक्षा के लिए औसत प्रभार **मोटे तौर पर** 1 रुपया प्रतिदिन है।<br>2. वहां **लगभग** 200 लोग थे। |
| 497. | rounding off | (v) - पूर्णांकित करना | All payments under these orders will be rounded off to the nearest rupee. | इन आदेशों के अधीन सभी भुगतानों को निकटतम रुपए तक **पूर्णांकित किया** जाएगा। |
| 498. | route | (n) - मार्ग | The concession will be admissible by the shortest route from the last place of duty of the Government servant to his home town. | यह रियायत सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के अंतिम स्थान से उसके गृह नगर तक सबसे छोटे **मार्ग** के लिए स्वीकार्य होगी। |
| 499. | routine | (adj) - नेमी | The allowance shall not be admissible if only work of a routine nature is performed throughout the year. | यदि वर्ष भर **नेमी** स्वरूप के कार्य का ही निष्पादन किया जाता है तो यह भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। |
| 500. | routine note | (n) - नेमी नोट | The department will open subject-wise files each year in which such routine notes will be kept. | विभाग प्रत्येक वर्ष विषय-वार फाइल खोलेगा जिसमें ऐसे **नेमी** नोट रखे जाएंगे। |
| 501. | routine test | (n) - नेमी परीक्षण | This guideline covers the technical requirements for setting-up the test facilities for conducting routine test of equipment. | इन दिशा-निर्देशों में उपकरणों के **नेमी परीक्षण** के लिए परीक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए तकनीकी आवश्यकताएं शामिल की गयी हैं । |
| 502. | royalty | (n) - रॉयल्टी*, स्वामिस्व | 1. Licence fee and royalty charges are fixed with reference to number of stations. | 1.लाइसेंस शुल्क और **रॉयल्टी** शुल्क स्टेशनों की संख्या के संदर्भ में तय किए जाते हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The amount of royalty shall also be taken into account for the purpose of income tax. | **2.रॉयल्टी** की राशि को भी आयकर के प्रयोजन के लिए हिसाब में जोड़ा जाएगा। |
| 503. | rubber stamp | (n) - **मोहर***, रबड़-मोहर* | The receipts issued by the office shall be signed and rubber stamped by the authority concerned. | कार्यालय द्वारा जारी रसीदों पर संबंधित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और **रबड़-मोहर** लगाई जाएगी। |
| 504. | rude | (adj) - **रूखा,** अशिष्ट, अभद्र | The employee shall not use rude or indecorous language in his representation. | कर्मचारी अपने अभ्यावेदन में **अशिष्ट या अभद्र** भाषा का प्रयोग नहीं करेगा। |
| 505. | rule | (n) - 1. नियम (v) - 2. विनिर्णय करना 3. व्यवस्था देना, **निर्णय/फैसला देना** | 1. The term pension is not specifically defined under these Rules.<br>2. The court ruled that laws passed by the assembly should remain valid.<br>3. The court will rule on the legality of the action.<br>4. The judge ruled in favour of the plaintiff. | 1.इन **नियमों** के अंतर्गत पेंशन शब्द को विनिर्दिष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है।<br>2.न्यायालय ने विनिर्णय किया है कि असेंबली द्वारा पारित विधि वैध रहेगी।<br>3.न्यायालय कार्रवाई की वैधता पर **विनिर्णय करेगा।**<br>4.न्यायाधीश ने वादी के पक्ष में **निर्णय दिया**। |
| 506. | ruler | (n) - 1. शासक 2. रेखनी* | Rulers are used to measure things and to draw straight lines. | **रेखनी** का प्रयोग वस्तुओं का माप करने और सीधी रेखाएं खींचने के लिए किया जाता है। |
| 507. | rules and regulations | (n) - नियम-विनियम | It is obligatory to strictly adhere to the prescribed rules and regulations made for the welfare and development of weaker sections of the society. | समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और विकास के लिए बनाए गए **नियम-विनियमों** का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। |
| 508. | rules of business | (n) - कार्य-संचालन नियमावली* | The allocation of work, amongst the Chairman and Members of the | आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों में कार्य का आबंटन **कार्य-संचालन नियमावली** के आधार |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Commission has been decided on the basis of rules of business. | पर किया गया है। |
| 509. | ruling | (n) - 1. विनिर्णय 2. व्यवस्था | The court will make its ruling on the case next week. | न्यायालय इस मामले पर अपना **विनिर्णय** अगले सप्ताह देगा। |
| 510. | ruling party | (n) - **सत्तारूढ़ दल,** शासक दल | The ruling party in a parliamentary system is the political party or coalition with the majority in parliament. | संसदीय प्रणाली में **सत्तारूढ़ दल** संसद में बहुमत वाला राजनीतिक दल या गठबंधन होता है। |
| 511. | rummage | (v) - **छानबीन करना** (n) - छानबीन* | The employee rummaged the almirah for the document. | कर्मचारी ने दस्तावेज के लिए अलमारी की **छानबीन** की । |
| 512. | rumour | (n) - अफवाह | The administration alerted the public about the rumour of outbreak of communal riot. | प्रशासन ने सांप्रदायिक दंगा फैलने की **अफवाह** के बारे में जनता को सतर्क कर दिया। |
| 513. | runaway | (adj) - भगोड़ा | The police arrested the runaway accused. | पुलिस ने **भगोड़े** अपराधी को गिरफ्तार कर लिया । |
| 514. | running commentary | (n) - आंखों देखा हाल, चल वृत्तांत, चल-विवरण | *The Running Commentary of the Proceedings of the National Republic Day Function at Raj Path New Delhi was also relayed from all these* Stations. | राज पथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह की कार्यवाही का **आंखों देखा हाल** इन सभी स्टेशनों से भी प्रसारित किया गया। |
| 515. | running contract | (n) - चालू संविदा*, चालू ठेका | The Procurement Officer shall invite quotations for goods etc. and enter into running contracts with suppliers. | प्रापण अधिकारी सामान आदि के लिए निविदा आमंत्रित करेगा और आपूर्तिकारों से **चालू संविदा** करेगा। |
| 516. | running repairs | (n) - चालू मरम्मत* | This workshop is meant for carrying out the running repairs and maintenance to the machinery and equipment available onboard the vessels . | यह कार्यशाला जहाज पर उपलब्ध मशीनरी और उपकरणों की **चालू मरम्मत** और रखरखाव करने के लिए है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 517. | running staff | (n) - चालक स्टाफ | Running staff includes only those whose duties are directly connected with the task of moving trains. | **चालक स्टाफ** में केवल वे कर्मचारी शामिल हैं जिनके कार्य चलती रेलगाड़ी से सीधे संबद्ध हैं। |
| 518. | running summary of facts | (n) - तथ्यों का क्रमिक सार | A running summary of facts will be prepared and placed on the file in a separate folder in every case. | प्रत्येक मामले में **तथ्यों का क्रमिक सार** तैयार किया जाएगा और उसे अलग फोल्डर में फाइल में रखा जाएगा। |
| 519. | rural | (adj) - ग्राम, ग्रामीण, देहाती | This Ministry's main objective is to alleviate rural poverty and ensure improved quality of life for the rural population especially those below the poverty line. | इस मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य **ग्रामीण** निर्धनता में कमी लाना और विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे की **ग्रामीण** जनसंख्या के जीवन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करना है। |
| 520. | rural area | (n) - ग्रामीण क्षेत्र | Banks should use modern technology to extend banking facilities to rural areas without opening branches. | बैंको को **ग्रामीण क्षेत्रों** में शाखाएं खोले बिना बैंकिंग सुविधाएं पंहुचाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए। |
| 521. | rural development plan | (n) - ग्राम विकास आयोजना*, **ग्रामीण विकास योजना** | Rural Development plan aims to provide infrastructural facilities in rural areas. | **ग्रामीण विकास योजना** का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। |
| 522. | rural industry | (n) - ग्रामीण उद्योग | Rural industries face a tough task in procuring and storing raw materials. | **ग्रामीण उद्योगों** को कच्चे माल की खरीद और भंडारण में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। |
| 523. | rural upliftment | (n) - ग्रामोत्थान | All State Governments are implementing various socio-economic developmental schemes for rural | सभी राज्य सरकारें **ग्रामोत्थान** के लिए विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक योजनाएं कार्यान्वित कर रहीं है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | upliftment . | |
| 524. | rurbanization | (n) - ग्रागरीकरण (ग्राम-नगरीकरण) - | *Rurbanization* is a process of rural transformation. | **ग्रागरीकरण** (ग्राम-नगरीकरण) - ग्राम परिवर्तन की प्रक्रिया है। |
| 525. | rush hours | (n) - अतिव्यस्त समय, अतिव्यस्त घंटे | Candidates are advised to download their Admit card as soon as possible to avoid problem during the ***rush hours*** on website. | अभ्यर्थियों को यथाशीघ्र अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की सलाह दी जाती है ताकि उन्हें वेबसाइट पर **अतिव्यस्त समय** के दौरान आने वाली समस्या न हो। |
| 526. | rustication | (n) - **निष्कासन,** विनिष्कासन | After the expiry of the period of *rustication* the student will be eligible to seek admission in any institution. | **विनिष्कासन** की अवधि समाप्त होने के बाद छात्र किसी भी संस्था में प्रवेश लेने के लिए पात्र हो जाएगा। |
| 527. | rural works progamme | (n) - ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम | The rural works programme was initiated to utilise to the fullest extent possible the manpower resources of the country. | **ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम** देश के जनशक्ति संसाधनों का यथासंभव अधिकतम सीमा तक उपयोग करने के लिए आरंभ किया गया था। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | sabbatical leave | (n)- **अनुसंधान सह दक्षता वृत्ति छुट्टी***, सबैटिकल छुट्टी* | The Sabbatical Leave is admissible to the academic staff. | **अनुसंधान सह दक्षता वृत्ति छुट्टी** अकादमिक स्टाफ के लिए स्वीकार्य है। |
| 2. | sabotage | (n)- 1 तोड़-फोड़, भितरघात<br>(v)- विफल करना, ध्वंस करना, | 1. The train derailment may be an act of sabotage.<br>2. Protesters tried to sabotage the peace talks. | (n)- ट्रेन के पटरी से उतरने के पीछे तोड़फोड़ की आशंका है।<br>(v)- प्रदर्शनकारियों ने शांति वार्ता को विफल करने की कोशिश की। |
| 3. | saboteur | (n)- **ध्वंसक, तोड़फोड़ करने वाला,** भितरघाती | Saboteurs blew up a small section of the rail track. | **ध्वंसकों** ने रेल ट्रैक के एक छोटे हिस्से को उड़ा दिया । |
| 4. | sack | (v)- 1. निकाल देना, बर्खास्त करना<br>2. **ध्वस्त करना, लूटपाट करना** | 1. The company sacked the corrupt employees.<br>2. The invading army sacked the city. | 1. कंपनी ने भ्रष्ट कर्मचारियों को निकाल दिया।<br>2. आक्रमणकारी सेना ने शहर में लूटपाट की। |
| 5. | safe | (adj)-1. सुरक्षित, संरक्षित, भयरहित<br>**2. शुद्ध 3. सही**<br>(n)- तिजोरी | 1. The security forces keep the country safe from terrorist attacks.<br>2. The government has provided safe drinking water in schools.<br>3. It is safe to say that teaching quality has improved in schools.<br>(n)- The files have been kept in a safe in the section. | 1. सुरक्षा बल देश को आतंकवादी हमलों से सुरक्षित रखते हैं।<br>2. सरकार ने स्कूलों में **शुद्ध** पेय जल उपलब्ध कराया है।<br>3. यह कहना **सही** होगा कि स्कूलों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है ।<br>(n)- फाइलों को अनुभाग में एक तिजोरी में रखा गया है। |
| 6. | safe and secure | (adj)- सुरक्षित और संरक्षित | The valuables may be kept in the bank locker safe and secure. | मूल्यवान वस्तुओं को बैंक लॉकर में सुरक्षित और संरक्षित रखा जाए। |
| 7. | safely | (adv)- **सुरक्षित रूप से** | The plane landed safely. | विमान **सुरक्षित रूप से** उतरा। |
| 8. | safe custody | (n)- **सुरक्षित अभिरक्षा** | The important documents are kept in the safe custody of the Manager. | महत्वपूर्ण दस्तावेज मैनेजर की **सुरक्षित अभिरक्षा** में रखे गए हैं। |
| 9. | safe deposit vault | (n)- संरक्षित जमा | Many hotels offer the service of safe | कई होटल ग्राहकों को संरक्षित |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | कक्ष | deposit vault to the customers. | जमा कक्ष की सेवा प्रदान करते हैं। |
| 10. | safeguard | (v)- **संरक्षा करना** , **सुरक्षोपाय करना** (n)- **सुरक्षोपाय**, संरक्षण, संरक्षोपाय | 1. The international summit has decided to safeguard the ozone layer. 2. The Scheduled Tribes in India have been provided safeguards in the constitution. | (v)- अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन ने ओजोन परत की **संरक्षा करने** का निर्णय लिया है। (n)- भारत की अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान में **सुरक्षोपायों** की व्यवस्था की गई है। |
| 11. | safeguarding | (n)- **सुरक्षित रखना,** संरक्षित रखना | The government has adopted some measures for safeguarding the interest of the weaker section of the society. | सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग के हितों की **सुरक्षा** के लिए कुछ प्रभावी उपाय किए हैं। |
| 12. | safe keeping | (n)- संरक्षा में रखना | The documents are in the safe keeping of the office. | दस्तावेज कार्यालय की संरक्षा में रखे गए हैं। |
| 13. | safety | (n)- सुरक्षा, संरक्षा, क्षेम | The report suggests some effective measures to improve safety on aircraft. | रिपोर्ट में विमान पर सुरक्षा में सुधार के लिए कुछ प्रभावी उपायों के सुझाव दिए गए हैं। |
| 14. | safety appliance | (n)- **सुरक्षा साधन**, संरक्षा साधन | Safety appliances have been installed in the office to avert any mishap from fire. | आग से किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए कार्यालय में **सुरक्षा साधन** स्थापित किए गए हैं। |
| 15. | safety certificate | (n)- **सुरक्षा प्रमाणपत्र,** संरक्षा प्रमाणपत्र | The course of Safety Certificate imparts safety knowledge to the trainees. | **सुरक्षा प्रमाणपत्र** के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की जाती है। |
| 16. | safety device | (n)- **सुरक्षा युक्ति,** संरक्षा युक्ति, **निरापद युक्ति** | The passengers may use safety device on board. | यात्री जहाज पर उपलब्ध **सुरक्षा युक्ति** का उपयोग कर सकते हैं। |
| 17. | safety regulations | (n)- **सुरक्षा विनियम,** संरक्षा विनियम | India follows safety regulations of international standard in the field of nuclear energy. | भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर के **सुरक्षा विनियमों** का पालन करता है। |
| 18. | safe working | (n)-**सुरक्षित कार्य-** | The safe working | कार्यालय में **सुरक्षित कार्य-** |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | conditions | **स्थिति, काम की सुरक्षित दशाएं,** काम की संरक्षित दशाएं | conditions may be provided in the office. | **स्थिति** उपलब्ध कराई जाए। |
| 19. | salaried | (adj)- वेतनभोगी, वैतनिक | The salaried persons may reduce their tax liabilities by savings under 80C. | वेतनभोगी 80 सी के अंतर्गत बचत करके अपनी कर- देयता कम कर सकते हैं । |
| 20. | salaried class | (n)- वेतनभोगी वर्ग | The salaried class bears most of the tax burden. | वेतनभोगी वर्ग सबसे अधिक कर-भार वहन करता है। |
| 21. | salaried job | (n)- वैतनिक कार्य | Most of the government jobs are salaried jobs. | सरकारी नौकरियों में से अधिकांश वैतनिक कार्य हैं। |
| 22. | salary | (n)- वेतन | The employees must get their salary at the end of the month. | कर्मचारियों को महीने के अंत में वेतन अवश्य मिल जाना चाहिए। |
| 23. | salary cheque | (n)- वेतन चेक | The salary cheques should be sent in time. | वेतन चेक समय पर भेजे जाने चाहिए। |
| 24. | salary deductions | (n)- वेतन कटौतियां | While preparing salary bill, the salary deductions of the employees must be kept in account. | वेतन बिल तैयार करते समय कर्मचारियों की वेतन कटौतियां अवश्य ध्यान में रखी जाएं । |
| 25. | salary differential | (n)- **वेतन -अंतर,** वेतन विभेद | The public-private *salary differential in India* is to be investigated. | भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में **वेतन -अंतर** की जांच होनी चाहिए\| |
| 26. | salary review | (n)- वेतन समीक्षा | The employees union has requested for salary review in the organization. | कर्मचारी संघ ने संगठन में वेतन समीक्षा के लिए अनुरोध किया है। |
| 27. | salary structure | (n)- वेतन संरचना | After implementation of the recommendations of the 6th CPC, a new salary structure has been introduced. | छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बाद नई वेतन संरचना शुरू हुई है। |
| 28. | sale | (n)- बिक्री, विक्रय | The sale of the motor cars has gone up this year. | मोटर कारों की बिक्री इस साल बढ़ी है। |
| 29. | sale account | (n)- बिक्री-लेखा | The sale account of the company has been audited. | कंपनी के बिक्री-लेखा की लेखा परीक्षा की गई है। |
| 30. | sale analysis | (n)- बिक्री विश्लेषण | The sale analysis of | कंपनी के बिक्री विश्लेषण से पता |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the company shows higher rate of production this year. | चलता है कि इस साल उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। |
| 31. | sale deed | (n)- बैनामा, विक्रय विलेख | The seller has to be physically present for executing the *sale deed*. | विक्रेता को बैनामा करने के लिए स्वयं उपस्थित होना है। |
| 32. | sale department | (n)- बिक्री विभाग | The customers may contact the sale department for purchasing new handsets. | ग्राहक नए हैंड-सेटों की खरीद के लिए बिक्री विभाग से संपर्क करें। |
| 33. | sale letter | (n)- बिक्री पत्र | The sale letter has complete details of the deal. | बिक्री पत्र में सौदे का पूरा विवरण है। |
| 34. | sale proceeds | (n)- बिक्री-आय | The amount accrued from the sale proceeds of the property is taxable. | संपत्ति की बिक्री से होनेवाली बिक्री-आय की राशि कर योग्य है। |
| 35. | sale promotion | (n)- **बिक्री को बढ़ावा, बिक्री में बढोत्तरी**, बिक्री-वर्धन | The management has devised some new methods for sale promotion. | प्रबंधन ने **बिक्री को बढ़ावा** देने के लिए कुछ नए तरीके सोचे हैं। |
| 36. | sale tax | (n)- बिक्री कर | It is mandatory to pay the sales tax at the time of purchase. | खरीद के समय बिक्री कर का भुगतान करना अनिवार्य है। |
| 37. | sale value | (n)- बिक्री-मूल्य, कीमत, विक्रय-मूल्य, | The sale value of the property has been high due to escalation of cost in real estate. | रियल एस्टेट में लागत बढ़ने से संपत्ति की कीमत ऊंची चल रही है। |
| 38. | salient | (adj)- प्रमुख, मुख्य | The salient points of the document have been summarized. | दस्तावेज़ के मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। |
| 39. | salvage | (n)- 1. **बचाव**, उद्धारण<br><br>2 बचाया हुआ माल<br><br>3 कबाड़<br><br>(v)-1**. मलबे से प्राप्त करना** | (n)- 1. The divers showed exemplary courage in the salvage of the wrecked tanker.<br><br>2. An exhibition has been organized of the salvage from the shipwreck.<br><br>3. The house was | (n)- 1. गोताखोरों ने दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का **बचाव** करने में अनुकरणीय साहस दिखाया।<br>2. दुर्घटनाग्रस्त जहाज़ से बचाए गए माल की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है।<br>3. कबाड़ का उपयोग कर घर बनाया गया।<br>(v)- 1. जांचकर्ताओं ने **मलबे से** |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. **संभालना, बचाना** | built using the salvage.<br><br>(v)- 1. The investigators studied flight recorders salvaged from the wreckage.<br>2. The timely submission of the report salvaged the situation. | **प्राप्त** उड़ान रिकार्डर का अध्ययन किया।<br>2. रिपोर्ट को समय पर प्रस्तुत करने से स्थिति **संभली**। |
| 40. | salvage operation | (n)- **बचाव अभियान, बचाना** | The salvage operation was started soon after the shipwreck. | जहाज़ दुर्घटना के तत्काल बाद **बचाव अभियान** शुरू किया गया। |
| 41. | salvage and scrap | (n)- कबाड़ और रद्दी | The salvage and scrap is recycled for industrial use. | कबाड़ और रद्दी का औद्योगिक उपयोग के लिए पुनःप्रसंस्करण किया जाता है। |
| 42. | sample | (n)- नमूना, प्रतिदर्श | The manager checked some samples of the product. | प्रबंधक ने उत्पाद के कुछ नमूनों की जाँच की। |
| 43. | sample checking | (n)- नमूना जांच, प्रतिदर्श जांच | The product was approved after sample checking. | नमूना जाँच के बाद उत्पाद अनुमोदित किया गया । |
| 44. | sample survey | (n)- नमूना सर्वेक्षण, प्रतिदर्श सर्वेक्षण | In the sample survey, the water bottles of some companies were found contaminated. | नमूना सर्वेक्षण में कुछ कंपनियों की पानी की बोतलें दूषित पाई गईं। |
| 45. | sampling | (n)- नमूना चयन, प्रतिचयन, प्रतिदर्श चयन | After sampling, the product was recommended for mass production. | नमूना चयन के बाद उत्पाद के बड़े पैमाने पर उत्पादन की सिफारिश की गई। |
| 46. | sanatorium | (n)- आरोग्यधाम | The sanatorium has been provided with good facilities to take care of the sick-persons with chronic diseases. | आरोग्यधाम में जीर्ण रोगों से बीमार व्यक्तियों की देखभाल के लिए अच्छी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। |
| 47. | sanction | (n)- 1. **स्वीकृति***, संस्वीकृति*, मंज़ूरी*<br>2. **अनुमति**<br><br>3. **प्रतिबंध,** | 1. The purchase will require the sanction of the Head of the Department.<br><br>2. The government has refused to sanction a further cut | (n)- 1. इस खरीद के लिए विभागाध्यक्ष की स्वीकृति की आवश्यकता होगी।<br>2. सरकार ने ब्याज दरों में और कटौती की **अनुमति** देने से इनकार कर दिया है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुशास्ति*<br><br>(v)- **स्वीकृत करना** | in interest rates.<br><br>3. The economic sanctions have been lifted.<br><br>(v)- The applied leave has been sanctioned. | 3. आर्थिक **प्रतिबंध** उठा लिए गए हैं।<br><br>(v)- अवेदित छुट्टी **स्वीकृत की गई** है । |
| 48. | sanctioned budget | (n)- **स्वीकृत बजट,** संस्वीकृत बजट | The department has a sanctioned budget of Rs. 25 crores. | विभाग का **स्वीकृत बजट** 25 करोड़ रुपए हैं। |
| 49. | sanctioned budget estimate | (n)- **स्वीकृत बजट अनुमान**,संस्वीकृत बजट अनुमान, संस्वीकृत बजट प्राक्कलन | The Ministry of Home Affairs has conveyed the sanctioned budget estimate of the department. | गृहमत्रांलय ने विभाग के लिए **स्वीकृत बजट अनुमान** सूचित कर दिया है। |
| 50. | sanctioned project | (n)- **स्वीकृत परियोजना,** संस्वीकृत परियोजना, मंजूर परियोजना | The department implemented the sanctioned projects within stipulated time. | विभाग ने निर्धारित समय के भीतर स्वीकृत परियोजनाओं को कार्यरूप दिया\| |
| 51. | sanctioned strength | (n)- **स्वीकृत कर्मचारी संख्या**, संस्वीकृत कार्मिक संख्या | Two posts of translators are vacant as per the sanctioned strength of the Ministry. | मंत्रालय की **स्वीकृत कर्मचारी संख्या** के अनुसार अनुवादकों के दो पद रिक्त हैं। |
| 52. | sanctioning authority | (n)- **स्वीकृतिदाता प्राधिकारी**, संस्वीकृतिदाता प्राधिकारी | The sanctioning authority has sanctioned the leave of the employee. | **स्वीकृतिदाता प्राधिकारी** ने कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत कर दी है। |
| 53. | sanctioning order | (n)- **स्वीकृति आदेश**, मंजूरी आदेश | The copy of sanctioning order of the tour programme is enclosed herewith. | दौरा-कार्यक्रम के **स्वीकृति आदेश** की प्रति इसके साथ संलग्न है। |
| 54. | sanctity | (n)- 1. पवित्रता*<br><br>2. गरिमा | 1. The sanctity of the worship places of all religions must be protected.<br><br>2. The court upheld | 1. सभी धर्मों के पूजा-स्थलों की पवित्रता की रक्षा अवश्य की जानी चाहिए।<br>2. अदालत ने मानव जीवन की |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | the sanctity of human life. | गरिमा बरकरार रखी। |
| 55. | sanctuary | (n)- 1. अभयारण्य<br>2. शरणस्थल | 1. But for the safety provided in the sanctuary, some rare species of birds would have been disappeared.<br>2. The church became a sanctuary for thousands of people who fled the civil war. | 1. यदि अभयारण्य में सुरक्षा प्रदान नहीं की गई होती तो पक्षियों की कुछ दुर्लभ प्रजातियां गायब हो गईं होतीं\|<br>2. गृह युद्ध से भागे हजारों लोगों के लिए चर्च एक शरणस्थल बन गया। |
| 56. | sandwich course | (n)- मध्यवर्ती पाठ्यक्रम | Some universities have introduced sandwich course to ensure both theoretical and practical experience. | कुछ विश्वविद्यालयों ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार का अनुभव सुनिश्चित करने के लिए **मध्यवर्ती पाठ्यक्रम** शुरू किया है। |
| 57. | sane | (adj)- स्वस्थचित्त | The criminal was declared sufficiently sane to stand trial. | मुकदमे की सुनवाई में शामिल होने के लिए आपराधी को पर्याप्त स्वस्थचित्त घोषित किया गया। |
| 58. | sanitary | (adj)- सफाई का, स्वास्थ्य, स्वच्छ | Sanitary conditions of the city are appalling. | शहर की सफाई की स्थिति भयावह है। |
| 59. | sanitation | (n)- **(1).** स्वच्छता, स्वास्थ्य-रक्षा, (2). स्वच्छता-विज्ञान | A lack of clean water and sanitation were the main problems in the city. | साफ पानी और स्वच्छता की कमी शहर में मुख्य समस्या थी। |
| 60. | satisfactory | (n)- 1 संतोषजनक<br>2 समाधानकारी | The existing law is wholly satisfactory. | मौजूदा कानून पूरी तरह से संतोषजनक है। |
| 61. | satisfy | (n)- 1 संतुष्ट करना<br>2 **पूरा करना, समाधान करना** | 1. The proposed plan may satisfy everyone<br>2. The new education system may satisfy the needs of all children. | 1. प्रस्तावित योजना हर किसी को संतुष्ट कर सकती है।<br>2. नई शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों की जरूरतों को **पूरा** कर सकती है। |
| 62. | saving | (adj)- 1. **बचत 2.** | 1. Energy-saving | 1. ऊर्जा **बचत** उपकरणों का |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | व्यावृत्ति (परिहार, बचाव) | equipments may be used.<br><br>2. All the recruiting rules have a saving clause. | उपयोग किया जाए।<br>2. भर्ती नियमों में व्यावृत्ति खंड होता है । |
| 63. | saving(s) | (n)- बचत | The customer may invest their saving(s) only after going through all the conditions of the policy. | ग्राहक पॉलिसी की सभी शर्तों को पढने के बाद ही अपनी बचत का निवेश करें। |
| 64. | saving(s) account | (n)- बचत खाता | SBI provides insurance on the saving (s) accounts. | भारतीय स्टेंट बैक बचत खातों पर बीमा प्रदान करता है। |
| 65. | saving clause | (n)- व्यावृत्ति खंड (परिहार, बचाव) | On account of the saving clause, the law will be in force in the given circumstance. | व्यावृत्ति **खंड** के कारण, यह कानून इस विशेष परिस्थिति में लागू रहेगा। |
| 66. | saving bank | (n)- बचत बैंक | The amount of salary may be credited in the saving bank accounts of the officers. | वेतन की राशि अधिकारियों के बचत बैंक खातों में जमा की जाए। |
| 67. | savings scheme | (n)- बचत योजना | Some savings schemes provide tax exemption also. | कुछ बचत योजनाएं कर में छूट भी देती हैं। |
| 68. | scale | (n)- 1 **स्तर,** माप, मापक्रम<br>2 पैमाना, मापनी<br><br>3 वेतनमान | 1.On a global scale, 75% of energy is generated from fossil fuels.<br><br>2. The customer may grade the service on a scale from 1 to 5(from lower to higher.<br><br>3. The pay scale of the translators has been upgraded. | 1. वैश्विक **स्तर** पर 75% ऊर्जा जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न की जाती है।<br>2. ग्राहक 1-5(कम से उच्च) के पैमाने पर सेवा की गुणवत्ता के अनुसार ग्रेड दे सकते हैं।<br>3. अनुवादकों के वेतनमान उन्नत किए गए हैं। |
| 69. | scale of pay | (n)- वेतनमान | The pay of the newly recruited employee will be fixed at the minimum of the scale of the pay. | नए भर्ती कर्मचारी का वेतन वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर नियत किया जाएगा। |
| 70. | scarcity | (n)-न्यूनता,कमी, | The crops have failed due to scarcity of | वर्षा की कमी के कारण फसलें |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अभाव,दुर्लभता | rain. | नष्ट हो गई है। |
| 71. | scarcity area | (n)- अभावग्रस्त क्षेत्र | Poverty and malnutrition are more perceptible in a scarcity area. | अभावग्रस्त क्षेत्र में गरीबी और कुपोषण अधिक दिखाई देता है। |
| 72. | scarcity of resources | (n)- संसाधनों की कमी,<br>संसाधनों का अभाव | The scarcity of resources has slowed the growth of rural areas. | संसाधनों की कमी ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की गति को धीमा कर दिया है। |
| 73. | scavenging | (n)- अपमार्जन, सफाई | Manual scavenging is prohibited in India. | भारत में हाथ से मैले की सफाई प्रतिबंधित है। |
| 74. | scavenger | (n)- अपमार्जक,**सफाईकर्मी** | Scavengers play an important role in the ecosystem. | **सफाईकर्मी** पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। |
| 75. | scenario | (n)- परिदृश्य | In an adverse industrial scenario, the factory has been closed down. | प्रतिकूल औद्योगिक परिदृश्य के चलते कारखाने को बंद कर दिया गया है। |
| 76. | schedule | (n)- **1.**अनुसूची<br><br>**2. तय समय**,**नियत समय**<br>**3. कार्यक्रम सारणी**<br><br>**4. समय सारणी**<br>**5.( कार्यक्रम) निर्धारित करना,तय करना**<br>**6. सूची में शामिल करना** | 1. Maithili has been included in the 8th schedule of the constitution of India.<br><br>2. The construction work of the new bridge has been finished one year ahead of schedule.<br>3. The channel's schedules are filled with educational programmes.<br><br>4. The train schedule is subject to change in July.<br>5. The meeting is scheduled for Monday afternoon.<br>6. These items are scheduled as items of export. | 1. मैथिली भारत के संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल की गई है।<br>2. नया पुल बनाने का काम **तय समय** से एक वर्ष पहले ही पूरा हो गया है।<br>3. चैनल की **कार्यक्रम-सारणी** शैक्षिक कार्यक्रमों से भरी हुई है।<br><br>4 ट्रेन की **समय सारणी** जुलाई में बदल सकती है ।<br>5 . बैठक सोमवार दोपहर के लिए **निर्धारित** है ।<br>6 . इन मदों को निर्यात-मद की **सूची में शामिल किया जाता** है। |
| 77. | scheduled bank | (n)- अनुसूचित बैंक | The scheduled banks fulfill the criteria laid down in the RBI | अनुसूचित बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम , 1934 में |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Act,1934. | निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं। |
| 78. | scheduled caste | (n)- अनुसूचित जाति | The scheduled castes have been given reservation in the government jobs. | अनुसूचित जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है। |
| 79. | scheduled tribe | (n)- अनुसूचित जनजाति | The Ministry of Tribal Affairs implements various schemes for the scheduled tribes. | जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विभिन्न योजनाएं लागू करता है। |
| 80. | schedule of demands | (n)- **मांग-सूची,** मांग-अनुसूची | The *schedule of demand* may be referred to for production and supply. | उत्पादन और आपूर्ति के लिए **मांग-सूची** देखें। |
| 81. | schedule of supply | (n)- **आपूर्ति सूची,** पूर्ति-अनुसूची | The schedule of supply may be verified with the schedule of demand. | **आपूर्ति-सूची** को मांग-सूची के साथ मिला कर सत्यापित किया जाए। |
| 82. | scholar | (n)- 1 विद्वान<br>2 छात्र | 1. The library attracts hundreds of scholars.<br>2. The research scholars are granted all facilities in the campus. | 1. इस पुस्तकालय में सैकड़ों विद्वान आते हैं।<br>2 . शोध छात्रों को इस परिसर में सभी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। |
| 83. | scholarship | (n)- 1 छात्रवृत्ति<br>2 विद्वत्ता | 1. The scholarships have been granted on the basis of merit.<br>2. Both of the teachers are well known for their scholarship. | 1. छात्रवृत्तियां योग्यता के आधार पर प्रदान की गई हैं।<br>2. ये दोनों शिक्षक अपनी विद्वत्ता के लिए जाने जाते हैं। |
| 84. | school | (n)- **1.विद्यालय**<br>**2. विद्यापीठ**<br>**3. शाखा**<br>**4. शैली** | 1. The schools have been provided adequate facilities to improve education.<br>2. The school of humanities and social sciences runs this course.<br>3. One school of thought suggests that competition motivates the children. | 1 शिक्षा में सुधार के लिए विद्यालयों को पर्याप्त सुविधाएं दी गई हैं।<br>2 मानविकी और सामाज विज्ञान **विद्यापीठ** यह पाठ्यक्रम चलाता है।<br>3 एक **विचारशाखा** के अनुसार, प्रतियोगिता से बच्चों को प्रेरणा मिलती है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 4. The Dutch school of painting was famous in the seventeenth century. | 4. डच **शैली** की चित्रकला सत्रहवीं सदी में प्रसिद्ध थी। |
| 85. | school leaving certificate | (n)- विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र, विद्यालय त्याग प्रमाणपत्र, शाला-त्याग प्रमाणपत्र, | The school leaving certificate is to be submitted in original for admission into the college. | कॉलेज में प्रवेश के लिए विद्यालय त्याग प्रमाणपत्र मूल रूप में प्रस्तुत किया जाना है। |
| 86. | school session | (n)- विद्यालय-सत्र | The school session ends in June. | विद्यालय-सत्र जून में समाप्त हो जाता है। |
| 87. | scientific management | (n)- वैज्ञानिक प्रबंधन | The scientific management of food grains is essential for food security. | खाद्यान्न का वैज्ञानिक प्रबंधन खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है। |
| 88. | scientific post | (n)- वैज्ञानिक पद | The time scale is applicable to scientific posts in some departments. | कुछ विभागों में वैज्ञानिक पदों के लिए समय वेतनमान लागू है। |
| 89. | scientist | (n)- वैज्ञानिक, विज्ञानी | The department has advertised two posts of scientists. | विभाग ने वैज्ञानिकों के दो पद विज्ञापित किए हैं। |
| 90. | score | (n)- **1.** स्कोर, प्राप्तांक<br>(n)-**2. अंक मिलना, स्कोर करना** | **The final score** was 5-4 in the match.<br>2. Each correct answer will score two points. | 1. मैच में अंतिम स्कोर 5-4 था।<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो **अंक मिलेंगे**। |
| 91. | score board | (n)- **स्कोर बोर्ड,** अंक पटल | The score board reads 565 runs for 5. | **स्कोर बोर्ड** पर '5 विकेट के नुकसान पर 565 रन' दिखाया जा रहा है। |
| 92. | score card | (n)- अंक पत्रक | The score card of the performance of the department is very impressive. | विभाग के निष्पादन का अंक पत्रक बहुत प्रभावशाली है। |
| 93. | score out | (n)- **हटा देना,** काट देना | The names of the two candidates were scored out on the list. | सूची से दो उम्मीदवारों के नाम हटा दिए गए। |
| 94. | scorer | (n)- **1.**गणक<br>2. **अंक पाने वाला, स्कोर करने वाला** | 1. The scorer gave a full detail of the innings.<br><br>2. The highest scorer in the test exam will | 1. गणक ने पारी का पूर्ण विवरण दिया।<br>2. टेस्ट परीक्षा में सर्वोच्च **अंक पाने वाले** को नकद पुरस्कार |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | be granted cash prize. | दिया जाएगा । |
| 95. | scout | (n)- 1 बालचर, स्काउट 2 गुप्तचर<br><br>(v)- **3. खोज करना, तलाश करना** | 1. The students were trained as scouts.<br><br>2. The BSF sent two men out in front as scouts.<br><br>3. A team of four was sent to scout for a nuclear test site in the desert area. | 1. छात्रों को स्काउट के रूप में प्रशिक्षित किया गया\|<br>2. बीएसएफ ने दो सिपाहियों को गुप्तचर के रूप में सीमा पर भेजा।<br>3. चार सदस्यों के एक दल को मरुभूमि में परमाणु परीक्षण स्थल की **खोज करने** के लिए भेजा गया । |
| 96. | scouting | (n)- 1 ढूंढना, खोज, तलाश<br><br>2 गुप्तचरी | 1. The Security Officers went for scouting the stadium before the event.<br><br>2. The task force was also trained in scouting. | 1. सुरक्षा अधिकारी कार्यक्रम से पहले स्टेडियम की तलाशी लेने के लिए गए।<br>2. कार्य बल को गुप्तचरी में भी प्रशिक्षित किया गया। |
| 97. | screening | (n)- 1 **जांच,** छानबीन, जांच-परख<br>2 **चयन करना,** छांटना<br><br>3 पर्दे पर दिखाना | 1. The timely screening of cancer helps in cure.<br><br>2. The preliminary test was organized for screening the candidates for the interview.<br><br>3. The Censor Board of India suggested some editing before the screening of the film in India. | 1. कैंसर की सामयिक जांच से इसके इलाज में सुविधा मिलती है।<br><br>2. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का **चयन करने वास्ते** प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई।<br>3. भारतीय सेंसर बोर्ड ने फिल्म को भारत में दिखाने से पहले कतिपय संपादन का सुझाव दिया है। |
| 98. | script | (n)- 1 आलेख 2 लिपि (v)- **3. दर्ज करना** | 1.The script of the play on Indian freedom movement is based on historical facts.<br><br>2. Hindi is written in Devnagari script.<br><br>3. India scripted a | 1.भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित इस नाटक का आलेख ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है।<br>2. हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।<br>3. भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर एक दिवसीय क्रिकेट में ऐतिहासिक |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | historic victory in one day cricket over Australia. | जीत **दर्ज की**। |
| 99. | scrutiny | (n)- **जांच***, संवीक्षा*, छानबीन* | The documents should be available for public scrutiny. | दस्तावेज सार्वजनिक **जांच** के लिए उपलब्ध होना चाहिए। |
| 100. | seal | (n)- **1.** मुहर*, मुद्रा* (v)- 2. **सीलबंद करना,** सील करना<br>3. **मुहर लगाना** | 1. The letter bore the Principal's seal.<br><br>2. The clerk may register the details of the letter before sealing the same in the envelop.<br><br>3. The letter is signed and sealed. | 1. पत्र में प्राचार्य की मुहर लगी है।<br>2. लिपिक पत्र को लिफाफे में **सीलबंद करने** से पहले उससे संबंधित विवरण रजिस्टर में दर्ज कर लें।<br>3. पत्र हस्ताक्षरित है और इस पर **मुहर लगी** है। |
| 101. | sealed | (adj)- 1.मुहरबंद | The postman has delivered a sealed packet. | डाकिये ने एक मुहरबंद पैकेट दिया है। |
| 102. | sealed tender | (n)- मुहरबंद निविदा* | Sealed tenders are invited from registered suppliers for 50 Laser Jet printers. | 50 लेजर जेट प्रिंटरों के लिए पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। |
| 103. | search | (n)- **1. खोज***, तलाशी*, तलाश<br>(v)-2. **खोज करना,** तलाश करना | 1. The search for a cure goes on.<br><br>2.Relief workers are still searching for the victims. | 1. उपचार की **खोज** की जा रही है।<br>2. राहत कर्मचारी अब भी पीड़ितों की **खोज कर** रहे हैं। |
| 104. | search operation | (n)- **खोज अभियान***, तलाशी कार्रवाई* | The search operation is going on for the missing in the calamity. | आपदा में लापता लोगों के लिए **खोज अभियान** चल रहा है। |
| 105. | seasonal unemployment | (n)- मौसमी बेरोजगारी* | The problem of seasonal unemployment has been solved in the state by engaging the workforce in suitable works. | राज्य में कार्यबल को उपयुक्त काम देकर मौसमी बेरोजगारी की समस्या का हल किया गया है। |
| 106. | seconder | (n)- **अनुमोदक,** | The seconder of the | **अनुमोदक** ने प्रस्ताव के संबंध में |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुप्रस्तावक | proposal advanced some important arguments. | कुछ महत्वपूर्ण तर्क दिए। |
| 107. | secondary | (n)- 1 **कम,** गौण<br>2 द्वितीयक<br>3 माध्यमिक | 1. This issue is of secondary importance.<br>2. The diseases broke out as the secondary effects of the flood.<br>3. The results of the government secondary schools have been outstanding this year. | 1. यह मुद्दा **कम** महत्व का है।<br>2. बीमारियां बाढ़ के द्वितीयक प्रभाव के रूप में फैलीं।<br>3. सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के परिणाम इस साल शानदार रहे हैं। |
| 108. | second class | (n)- द्वितीय श्रेणी*, दूसरी श्रेणी* | The train fares of the second class have been increased. | द्वितीय श्रेणी के रेल किराए में वृद्धि की गई है। |
| 109. | secret | (adj)-1.गुप्त<br>(n)- **2. रहस्य,** गुप्त बात | 1. Details of the proposals remain secret.<br><br>2. The disciplinary action has been started against the officer for revealing secrets. | 1.प्रस्तावों के विवरण गुप्त हैं।<br>2. **रहस्य** का खुलासा करने के कारण अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। |
| 110. | secretarial | (n)- **सचिवीय,** सचिवालयी, लिपिकीय | 1. It is needed to have adequate staff to accomplish the secretarial work. | **सचिवीय** कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की जरूरत है। |
| 111. | secret ballot | (n)- गुप्त मतदान | The voters have cast their votes through secret ballots. | मतदाताओं ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने वोट डाले हैं। |
| 112. | secret instruction | (n)- गुप्त अनुदेश | The secret instructions have been issued to the intelligence agencies. | खुफिया एजेंसियों को गुप्त अनुदेश जारी किए गए हैं। |
| 113. | section | (n)- 1. अनुभाग<br>2. वर्ग<br>3. धारा<br>4. **खंड,** काट | 1. This section deals with the matter of research and policy.<br><br>2. The government has devised new schemes for the welfare of the weaker section of the society. | 1. कार्यालय का यह अनुभाग अनुसंधान और नीति के मामले से संबंधित कार्य करता है।<br>2. सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए नई योजनाएं तैयार की है।<br>3. राजभाषा अधिनियम, 1963 |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | (v)- **काटना** | 3. It is mandatory to implement the section 3(3) of the Official Languages Act,1963.<br><br>4. This section of the road is still closed.<br><br>(v)- A few frontier areas were sectioned off to make a joint capital of the two states. | की धारा 3(3) को लागू करना अनिवार्य है। 4. सड़क का यह **खंड** अभी भी बंद है।<br><br>(v)- कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों को **काटकर** दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बनाई गई। |
| 114. | sector | (n)- 1. सेक्टर, क्षेत्रक<br>2. **समुदाय, वर्ग** | 1. The manufacturing sector has registered high growth.<br>2. The state government has run these schemes for the welfare of the poorest sectors of society. | 1. विनिर्माण क्षेत्र में उच्च वृद्धि दर्ज की गई है।<br>2. राज्य सरकार ने समाज के सबसे गरीब **समुदायों** के कल्याण के लिए इन योजनाओं को चलाया है। |
| 115. | secular | (adj)-**1.** धर्मनिरपेक्ष, पंथनिरपेक्ष,<br>2. **लौकिक, सांसारिक** | 1. India is a secular state.<br><br>2. There is a fine balance of both secular and sacred aspects of human life in Indian culture. | 1. भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है।<br>2. भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के **लौकिक** और पारलौकिक दोनों पहलुओं का सुंदर संतुलन है। |
| 116. | secularism | (n)- धर्मनिरपेक्षता*, पंथनिरपेक्षता* | Secularism has ever been a special feature of Indian society. | धर्मनिरपेक्षता सदैव भारतीय समाज की एक खास विशेषता रही है। |
| 117. | security | (n)- 1 प्रतिभूति*<br>2 सुरक्षा* | 1. The banks may pledge the land as security for giving loans.<br>2. Strict security measures are in force in the capital. | 1. बैंक ऋण देने के लिए प्रतिभूति के रूप में भूमि के दस्तावेज स्वीकार कर सकते हैं।<br>2. राजधानी में सुरक्षा के सख्त उपाय किए गए हैं। |
| 118. | security deposit | प्रतिभूति जमा* | The security deposit is mandatory for granting loan. | प्रतिभूति जमा ऋण प्रदान करने हेतु अनिवार्य है। |
| 119. | security instruction | (n)- सुरक्षा अनुदेश | The Police has strictly followed the | पुलिस ने सुरक्षा अनुदेशों का |

